वर्ष- 13 अंक - 166
लखनऊ, सोमवार 16 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

# समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 43 मरीजों को मिला लाभ 10
वैश्विक पहचान दिलाएगा आर्य गुरुकुल म्यूजियम : जयवीर 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,900/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,750/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,460/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# काशी समेत प्रदेश के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

▸ दर्शन-पूजन के लिए प्रशासन ने की विशेष व्यवस्थाएं

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी समेत प्रदेश के अन्य शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक किया और मंगल कामना की। काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर की मंगला आरती के बाद श्रद्धालु कतारों में लगकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष महाशिवरात्रि पर लगभग 12 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जबकि इस बार 10 से 15 लाख लोगों के आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पांच लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले धाम में सुगम दर्शन की व्यवस्था की गई है। मिश्रा ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए अवरोधक लगाए गए हैं और छह द्वारों से दर्शन कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन स्थानों पर चिकित्सीय टीम भी तैनात हैं। मंदिर प्रशासन ने सुबह कतार में लगे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की। बाबा विश्वनाथ 45 घंटे तक लगातार दर्शन देंगे।

मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर विश्व का आध्यात्मिक संगम बन रहा है और 62 बड़े मंदिरों से भोग-वस्त्र भेजे गए हैं। देश के 54 प्रमुख ज्योतिर्लिंगों, शक्तिपीठों और तीर्थस्थलों से आए प्रसाद, वस्त्र और तीर्थजल को अर्पित करने की परंपरा भी शुरू की गई है। बाराबंकी जिले के रामनगर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ लोधेश्वर महादेवा मंदिर में भी आस्था का जनसैलाब उमड़ा। मथुरा में, श्री कृष्ण जन्मस्थान की ओर से भेजे गए वस्त्र महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव को अर्पित किए गये। जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि भागवत भवन स्थित केशव देवेश्वर महादेव मंदिर में शाम सात बजे से अगली सुबह तीन बजे तक महाभिषेक होगा। वहीं प्राचीन भूतेश्वर महादेव सहित अन्य प्रमुख शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं।

## माघ मेले में महाशिवरात्रि स्नान पर्व पर उमड़ा सनातन की आस्था का सैलाब



विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज माघ मेला में महाशिवरात्रि पर्व को पतित पावनी मां गंगा, यमुना एवं अन्य सलीला के पावन संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार भोर से शुरू हुई आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शाम 4 बजे तक 36 लाख से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज एवं पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि इस माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि को श्रद्धालुओं का पूरे दिन रेला लगा हुआ है। यह रिकॉर्ड पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। शाम चार बजे तक 36 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। अब भी श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम के साथ ही सीसीटीवी कैमरों से गंगा, यमुना के सभी घाटों की निगरानी हो रही है। इसके अतिरिक्त जल पुलिस, प्रशिक्षित गोताखोर, नाविक एसडीआरएफ की टीमें लगातार श्रद्धालुओं से घाटों को स्नान के बाद खाली करने का अपील करते रहे। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को लिए यातायात पुलिस के जवान एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरे दिन जुटा रहा।

## सीएम ने किया देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक



देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर और भरोहिया के पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में भी दर्शन, पूजन व दुग्धाभिषेक-जलाभिषेक किया और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की।

## फ्रांस के साथ छठा रक्षा संवाद 17 फरवरी को

**हैमर मिसाइल समझौते पर हस्ताक्षर संभव**



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बेंगलुरु में फ्रांस के साथ छठे भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में फ्रांस की सशस्त्र बल मंत्री कैथरीन वौत्रिन भी शामिल होंगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा होगी और रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। बैठक में रक्षा सहयोग समझौते को अगले 10 वर्ष के लिए नवीनीकरण किया जा सकता है। हैमर मिसाइल के संयुक्त निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों देश भारतीय सेना और फ्रांसीसी थल सेना में अधिकारियों की पारस्परिक तैनाती को लेकर घोषणा कर सकते हैं। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों कर्नाटक के वेमगल में टाटा एयरबस के एच125 हेलीकॉप्टर अंतिम असेंबली संयंत्र का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति ने किया बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक विशाल भंडारे का किया आयोजन



**लखनऊ।** विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर पर बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पंडित विशाल शास्त्री के द्वारा मंदिर प्रांगण में दोपहर 3:00 से रुद्राभिषेक किया गया जिसमें बाबा भोलेनाथ के रूद्र नामों का जप हुआ एवं एक विशाल भंडारे का आयोजन भी मंदिर समिति द्वारा किया गया जिसमें सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया भंडारा दोपहर 2:00 बजे से शुरू हुआ जो रात्रि 8:00 बजे तक चलता रहा। जिसमें मंदिर समिति के संरक्षक रविंद्र निगम जितेंद्र निगम तीर्थराज यादव जितेंद्र शुक्ला अभिषेक मिश्रा अनुराग दीक्षितद्वेश अवस्थी आशीष श्रीवास्तव सचिन देवल शिवम पोरवाल आयुष पांडेय धैर्य मिश्रा एवं क्षेत्र की सभी महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया लिया।

### देश में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी, 10 महीनों में 52,537 मेगावाट जुड़ी

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 10 महीनों में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। इस वित्तवर्ष में अब तक का सबसे बड़ा इजाफा करते हुए बिजली उत्पादन 11 फीसदी से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। देश के कुल बिजली उत्पादन में 52,537 मेगावाट की बढ़ोत्तरी के साथ कुल बिजली उत्पादन 5,20,510.95 मेगावाट हो गया।

### यमुना सिटी में जापान की कंपनी फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाएगी

**एजेंसी, नोएडा।** जापान की कंपनी क्यूपी कॉर्पोरेशन यमुना सिटी में फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाएगी। फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाने के लिए आठ से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होगी और जापान की कंपनी 200 करोड़ रुपये निवेश करेगी। इससे विदेशी निवेश आने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कंपनी प्रबंधन संयंत्र लगाने के लिए जल्द प्रस्ताव देगा। जापान के प्रतिनिधिमंडल ने यहां यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की और औद्योगिक पार्कों का निरीक्षण करने के बाद यहां निवेश की इच्छा जताई। यमुना सिटी का यह तीसरा फूड प्रोसेसिंग संयंत्र होगा। इससे पहले दो कंपनियों पतंजलि और इनोवा फूड पार्क के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक क्यूपी कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को यमुना सिटी का बुनियादी संसाधन पसंद आया है।

# बांग्लादेश में रहमान युग का उदय, 17 को लेंगे शपथ

▸ प्रधानमंत्री मोदी को भी न्योता
▸ शहबाज शरीफ के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावनाओं को देखते हुए भारत ने बरती सावधानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन 17 फरवरी को राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह समारोह कई मायनों में ऐतिहासिक और परंपरा से हटकर होने वाला है। भारत समेत चीन, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्किये और मलेशिया जैसे देशों को आमंत्रित किया गया है।

इस समारोह का दिलचस्प पहलू यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं।

बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया, हमें सूचित किया गया है कि राष्ट्रपति मंगलवार को संसद परिसर में नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। समाचारपत्र प्रोथोम आलो और इत्तेफाक में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए। तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा, पिछली संसद की अध्यक्ष को सांसदों को शपथ दिलानी होती है, लेकिन उन्होंने इस्ती फा दे दिया है और अज्ञात स्थान पर रह रही हैं, जबकि उपाध्यक्ष जेल में हैं। इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संविधान में तय प्रावधान के अनुसार किसी और को शपथ दिलाने के लिए चुन सकते हैं। इससे पहले, कैबिनेट सचिव शेख अब्दुर राशिद ने कहा था कि संविधान के अनुरूप राष्ट्रपति नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई। सुरक्षा और अधिक मेहमानों की गुंजाइश को देखते हुए शपथ ग्रहण बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) के बजाय जातीय संसद भवन के साउथ प्लाजा में होगा।

तारिक रहमान ने स्पष्ट किया है कि वे दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, जिसकी शुरुआत उनके पिता जियाउर रहमान ने की थी। भारत, बांग्लादेश के साथ रिश्तों को सुधारना चाहता है, लेकिन शेख हसीना की मौजूदगी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावनाओं को देखते हुए भारत सावधानी बरत रहा है।

## पीएम मोदी नहीं जाएंगे बांग्लादेश, तारिक रहमान के शपथग्रहण में लोकसभा स्पीकर होंगे शामिल

बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी नहीं जाएंगे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को भारत बांग्लादेश भेज रहा है। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रण मिला था, लेकिन वे मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से द्विपक्षीय वार्ता और दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट की तैयारी के कारण नहीं जा पा रहे। हाल ही में बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी जीत दर्ज की।

# होली से पूर्व सपा का हो रहा पीडीए मिलन : अखिलेश

▸ नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत कई नेतागण ने सपा का दामन थामते हुए सपा की जीत की भरी हुंकार



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में महाशिवरात्रि का दिन समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए खास रहा। रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में बसपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने 2027 विधानसभा चुनाव से पूर्व सपा की साइकिल पर सवार हो गए। इसके अलावा कई नेतागण ने सपा का दामन थामते हुए सपा की जीत की हुंकार भरी।

इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री अनीस अहमद, राजकुमार पाल, दीनानाथ कुशवाहा, दानिश खान और रंजना पाल सभी साथियों का समाजवादी पार्टी में स्वागत करता हूं और हम सब मिलकर इस लड़ाई को मजबूत बनाने का काम करेंगे। आज इनके आने से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का प्रेम प्रसार समारोह है। इस बार होली मिलन से पहले हम सब लोगों का पीडीए होली मिलन हो रहा है। यह ज्वाइनिंग पीडीए की जीत को और बड़ा करेगी। अखिलेश ने कहा कि डेमोक्रेसी ऑफ द पीपल, बाय द पीपल, फॉर द पीपल, यही हमारा पीडीए है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य को अपमानित करने का काम किया गया है। हम लोग उनके साथ है। मैंने पहेली में कहा था कि जब मुंह खोला तब बुरा बोला। सोचो लीडर ऑफ अपोजिशन माता प्रसाद पांडेय के बारे में क्या कह रहे थे ये। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज के लोग न केवल भारत में है बल्कि दुनिया के हर हिस्से में है। दुनिया में जगह-जगह बैठे लोग अब समाजवादी पार्टी और पीडीए की तरफ देख रहे हैं। पंचायत चुनाव लेट इसलिए हो रहा है क्योंकि बड़े पैमाने पर ये लोग वोटर लिस्ट में घोटाला कर रहे हैं, फॉर्म 7 में भी पकड़े गए। समाजवादी पार्टी का बिल्कुल क्लियर मानना है कि जातीय जनगणना हो और आबादी के हिसाब से हक और सम्मान मिले। समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से मेरे पुराने रिश्ते हैं। हम उनके बताए रास्ते पर चलेंगे। देश में पहली बार बेरोज़गारी भत्ता, लैपटॉप किसी ने दिया तो समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की सरकार ने दिया। मेरे शामिल होने से पहले पार्टी में और भी कई सीनियर नेता हैं। हमें उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करना है।

# भारतीय महिला स्पिनरों ने फिर पाकिस्तान को चटाई धूल

▸ राइजिंग महिला भारत (ए) ने पाक को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी, बैंकॉक।**




कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत (ए) ने रविवार को महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स में पाकिस्तान (ए) को 59 गेंद शेष रहते आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत (ए) महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान (ए) पर जीत के साथ भारत (ए) महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत (ए) के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया। पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गयी।

# कोडीन कफ सिरप मामले में एसटीएफ ने आरोपी अमित को किया गिरफ्तार

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की लखनऊ इकाई ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध भंडारण और तस्करी के सिलसिले में वाराणसी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की पहचान वाराणसी के मैदागिन निवासी अमित यादव के रूप में हुई जिसे शनिवार को हरहुआ रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफके अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में कफ सिरप तस्करी के आरोपों में मामला दर्ज था और वह फरार था। उन्होंने कहा, पूछताछ में यादव ने बताया कि वह हरिश्चंद्र पोस्टग्रेजुएट कॉलेज का छात्रसंघ अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी की युवा सभा का राज्य सचिव रह चुका है। अधिकारियों ने कहा, अमित यादव ने कबूल किया कि कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात शुभम जायसवाल से हुई थी। शुभम के पिता भोला प्रसाद की कंपनी शैली ट्रेडर्स कथित तौर पर एबॉट की फेंसेडिल कफ सिरप की तस्करी में संलिप्त थी। बताया जाता है कि कोडीनयुक्त कफसिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल होता है और पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश में इसकी काफी मांग रहती है। अधिकारियों के मुताबिक लाभ के लालच में अमित ने शुभम के कहने पर अपनी कंपनी जीएल सर्जिकल के जरिए एक लाख से अधिक बोतलें खरीदीं और उन्हें अन्य कंपनी के नाम पर फर्जी बिक्री दिखाकर ऊंचे दामों में बेच दिया। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ पहले से दंगा, हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

**रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिकी दावों पर एस जयशंकर बोले-**

# रणनीतिक स्वायत्तता के लिए प्रतिबद्ध है भारत

**एजेंसी, म्यूनिख।**



अमेरिका बार-बार इस बात के दावे कर रहा है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। इस बीच भारत ने अपनी स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी सुनिश्चित करते हुए, वैश्विक स्तर पर यह साफ संदेश दिया है कि उसके ऊर्जा से जुड़े फैसले उपलब्धता, कीमत और जोखिम को ध्यान में रखकर तय किए जाएंगे। बता दें, भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में अंतरिम व्यापार समझौता हुआ है। तब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो दावा कर रहे हैं कि भारत रूसी क्रूड के एक्स्ट्रा इम्पोर्ट को रोकने पर सहमत हो गया है। स्थानीय समयानुसार शनिवार को म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बात को खारिज कर दिया कि हाल ही में भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी के लिए लंबे समय से चली आ रही कमिटमेंट को कमजोर करेगी। दरअसल, रुबियो ने कहा था कि रूस के एनर्जी एक्सपोर्ट पर ताजा अमेरिकी बैन के बाद वॉशिंगटन को भारत ने भरोसा जताया है कि वह और रूसी तेल खरीदने से बचेगा।

# इटावा-बरेली हाईवे पर कार-डीसीएम भिड़े, तीन की मौत, दो घायल



*लोहिया अस्पताल में घायलों को देखते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक*

▸ सूचना मिलते ही डीएम, एसपी व सीओ लोहिया अस्पताल पहुंचे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर रविवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों का लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में उपचार शुरु कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार को देर शाम करीब 8:00 बजे बघार के निकट इटावा-बरेली हाईवे पर एक कार और डीसीएम में जोरदार भिड़ंत हो गयी। इस दुर्घटना में कार सवार तलैया लेन कोतवाली फतेहगढ़ निवासी तनु कुदेशिया पुत्र शशी कुदेशिया व डीसीएम चालक विराट पुत्र देवेंद्र निवासी जैतपुर थाना जहानगंज, फर्रुखाबाद की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि शशी कुदेशिया व ध्रुव पुत्र राजकुमार निवासी हाथीखाना कोतवाली फतेहगढ़ घायल हो गये। एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

दुर्घटना के बाद कार का चालक वाहन में बुरी तरह से फंस गया। उसे कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं घायलों को इमरजेंसी में भर्ती कराकर उनका उपचार किया जा रहा है। जानकारी हेते ही जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय लोहिया अस्पताल पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी की।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से टिर्री चालक की मौत, तीन घायल

**फर्रुखाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम करनपुरदत्त निवासी कल्लू पुत्र सुखलाल रविवार शाम अपने परिवार के साथ टिर्री से ग्राम भरखा से वापस अपने गांव आ रहे थे। जैसे ही वाहन हाईवे से करीब दो किलोमीटर पहले शांति कॉलोनी के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे फार्मट्रक ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते टिर्री में साइड मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टिर्री में बैठे चालक कल्लू समेत एक महिला, रामनिवास पुत्र सुखलाल तथा आशिक पुत्र पिंटू सभी निवासी करनपुरदत्त थाना अमृतपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी घायलों को तत्काल लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान टिर्री चालक कल्लू की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना राजेपुर सुदेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया तहरीर प्राप्त होने पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सख्ती** | **गुणवत्ता का पूरा ब्यौरा देगा साथी पोर्टल**

# उत्तर प्रदेश में नकली बीजों पर लगेगी नकेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डबल इंजन सरकार किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बीज वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने बीज व्यवसाइयों से अनुरोध किया है कि अप्रैल से साथी पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी अपडेट करें। बीज के उत्पादन से लेकर किसान तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया साथी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से ट्रैक की जाएगी। यह प्रक्रिया बीज की मिलावट रोकने, नकली बीजों पर अंकुश लगाने और किसानों को सही गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी।

उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग ने इसके लिए व्यापक प्रशिक्षण अभियान भी चलाया। कृषि निदेशालय में चले प्रशिक्षण में केंद्रीय टीम व महाराष्ट्र कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने किया।

डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (सीड) भारत सरकार, अर्चना व अविनाश विजय कुमार पेडगांवकर, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एन.आई.सी, निलाद्रि बिहारी मोहंती संयुक्त निदेशक व उनकी टीम के सदस्य कोमित व सुदीप ने प्रशिक्षण प्रदान किया। महाराष्ट्र की उप निदेशक (कृषि) डॉ. प्रीति सवाईराम ने उनके राज्य में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी बताई। उन्होंने इसके विभिन्न चरणों, कार्यों व किसानों को होने वाले लाभ की भी जानकारी दी। अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) और बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर बनाया जा रहा है।




अब ये प्रशिक्षक जनपद स्तर पर थोक व फुटकर विक्रेताओं को प्रशिक्षित करेंगे जिससे नई प्रणाली का सही ढंग से संचालन हो सकेगा। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे स्थानीय स्तर पर सभी विक्रेताओं और उत्पादकों को नई प्रक्रिया में प्रशिक्षित करें ताकि अप्रैल से यह व्यवस्था पूरी तरह लागू की जा सके। लगभग 70 प्रतिशत विक्रेता पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। शेष 30 फीसदी विक्रेता भी 15 दिन के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण करा लें। किसी भी समस्या पर स्थानीय जिला कृषि अधिकारी से भी निराकरण करा सकते हैं। साथी (सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी) पोर्टल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने विकसित किया है।

इसका उद्देश्य बीज उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण की गुणवत्ता में पारदर्शिता लाना और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से बीज के उत्पादन से लेकर किसान तक पहुंचने तक की पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सकता है। बीज पैकेट पर लगे टैग के क्यूआर कोड को स्कैन करके किसान बीज के स्रोत, बीज का उत्पादन करने वाली एजेंसी/फर्म, उसके प्रमाणीकरण की पूरी जानकारी एवं उसकी गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### हनुमत महायज्ञ कथा आयोजित



गोंडा, समृद्धि न्यूज। जनपद गोंडा के ग्राम सभा निगवा बोध कडवलिया में हनुमंत कथा का आयोजन हुआ है जो आज से 22 फरवरी तक चलेगा कथा व्यास ने बताया कि आज कलश यात्रा निकाली गई थी जो कथा स्थल से महर्षि च्यवन मुनि तट तक कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व बच्चे सामिल रहे कथा व्यास ने बताया कि कथी कथा वाचक यहां पधार रहे हैं जो अयोध्या व वृन्दावन से है। वहीं व्यास ने बताया कि जो लोग कथा का स्वर्ण पान करेंगे उनका सभी कष्ट दूर हो जाएगा।

### मोतीपुर कब्रिस्तान में युवती की संदिग्ध मौत, इलाके में सनसनी

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र में शनिवार देर रात को उस समय हड़कंप मच गया जब 112 नंबर पर सूचना मिली कि मोतीपुर कब्रिस्तान में एक युवती पेड़ से लटकी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि परिजन युवती को पेड़ से उतारकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोतीपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान गुड़िया (18) पुत्री कैलाश कुमार सोनी, निवासी जरही रोड के रूप में हुई है। घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर एक 18 वर्षीय युवती कब्रिस्तान तक कैसे पहुंची? क्या यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह? फिलहाल पुलिस सीएचसी में परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई कर रही है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थल व अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था कायम है, लेकिन इलाके में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात वाहन चालक फरार

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़िया में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, खड़िया निवासी बालिस्टर गौतम पुत्र बांसबहादुर किसी नेवता (दावत) में शामिल होने गया था। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के समय उसके साथ रिश्तेदारी का एक अन्य युवक भी मौजूद था, जिसे भी चोटें आई हैं। रात्रि गश्त पर तैनात डायल 112 वाहन के चालक जितेंद्र कुमार ने घटना की सूचना पूर्व ग्राम प्रधान को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

### झाड़ी में मिला अज्ञात महिला का शव, नहीं हुई पहचान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार के देर शाम को रेलवे लोकोशेड के पास पाठक पुरवा और नई बस्ती क्रॉसिंग के बीच में एक झाड़ी में 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला है। जिस की पहचान नहीं हो सकी है। नगर पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। शव मिलने पर आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगो की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। इस के बाद भी अज्ञात महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उस की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। आस पास के सी सी टी वी फुटेज भी तलाश कर रही है। महिला का शव कहा से आया है। किस ने लाकर उस को फेंका है।

### ट्रेन से कट कर महिला की मौत

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** मनका पुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ते समय एक 35 वर्षीय महिला की ट्रेन से गिर कर कट कर मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के समसा पुर तिवारी पुरवा निवासी अर्चना तिवारी पत्नी सुरेन्द्र तिवारी शनिवार के दिन मनका पुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ते समय गिर कर कट जाने से मौत हो गई। मृतक के देवर संजय तिवारी ने बताया कि उस के बड़े भाई सुरेन्द्र तिवारी मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करते है। उस की भाभी दवा कराने गोंडा जाने के लिए ट्रेन पकड़े मनका पुर रेलवे स्टेशन पर गई थी।ट्रेन पर चढ़ने के दौरान गिर कर कट कर मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# सिद्धनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ी भक्तों की भीड़

▸ पांडवकालीन मंदिर में उमड़ी आस्था, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु महादेव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। नगर के प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर में भी सुबह से ही महादेव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा है। मंदिर समिति ने भीड़ प्रबंधन के लिए महिलाओं और पुरुषों हेतु अलग-अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की है। श्रद्धालु इन बैरिकेडिंग से होते हुए बाबा सिद्धनाथ के गर्भगृह में प्रवेश कर जलाभिषेक कर रहे हैं। भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए मंदिर में प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं।मंदिर के महंत रवि गिरी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां शिवलिंग की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी। महाशिवरात्रि पर इस प्राचीन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। पुलिस प्रशासन ने भी मंदिरों के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। इसका उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और पर्व के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना है।

### महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम-एसपी



महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

### पावन पर्व पर तहसील प्रशासन नानपारा रहा सतर्क, एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्वयं संभाली कमान



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील नानपारा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तहसील प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं विभिन्न शिव मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने प्रातः काल से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों, जलाभिषेक स्थलों एवं मेले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस व राजस्व टीमों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने पूरे दिन सक्रिय रहकर पर्व को सकुशल संपन्न कराया। प्रशासन की सतर्कता एवं समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## मोतीपुर सीएचसी अधीक्षक हटाए गए, कार्यालय से संबद्ध

▸ एएनएम व आशा बहुओं से अभद्रता की शिकायत, डीएम ने बनाई जांच कमेटी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मिहींपुरवा ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षक को पद से हटा दिया गया है। उन पर एएनएम और आशा बहुओं के साथ अभद्रता और अवैध धन उगाही का आरोप था।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की है। शनिवार देर रात मिहींपुरवा ब्लॉक की एएनएम और आशा बहुओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक थानेदार पर अक्सर अभद्रता करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की समस्याएं सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद रविवार को अधीक्षक थानेदार को उनके पद से हटाकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में एक तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। इस टीम को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## पाइप पेयजल परियोजना बालासराय का डीएम ने किया निरीक्षण

▸ इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों को क्रियाशील कराने के दिये निर्देश

▸ मनरेगा योजना से खेल मैदान विकसित करने के दिये निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बालासरांय पाईप पेयजल योजना, प्राथमिक विद्यालय मेलापुरवा व शुक्लनपुरवा तथा मेलापुरवा में निर्मित आर.आर.सी. सेन्टर का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा ग्रामवासियों से संवाद करते हुए विभिन्न योजनाओं का फीड बैक भी प्राप्त किया। पाईप पेयजल परियोजना के निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा ने बताया कि पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत 651 परिवार के सापेक्ष 535 हाउस कनेक्शन कराए गए थे। श्री वर्मा ने बताया कि यह योजना वर्ष 2023 से बन्द थी। वर्तमान समय में जिला प्रशासन के निर्देश पर योजना को चालू कराते हुए 250 कलेक्शन में पानी की सप्लाई की जा रही है। श्री वर्मा ने बताया कि शेष कनेक्शन में एम.डी.पी.ई. पाईप कट जाने एवं जी.आई. पाईप की अनुपलब्धता के कारण एंड कैप के द्वारा बन्द करा दिया गया है। उन्होंने डीएम को बताया कि शेष कनेक्शन को भी शीघ्र ही क्रियाशील करा दिया जायेगा। डीएम ने ग्राम का भ्रमण कर कनेक्शनों के माध्यम से जलापूर्ति का सत्यापन करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार पेयजल परियोजना का संचालन करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि परियोजना अन्तर्गत आच्छादित ग्रामवासियों को पाईप लाइन परियोजना के माध्यम से आपूर्ति स्वच्छ पेयजल को खाने-पीने में उपयोग के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों द्वारा मेलापुरवा से खसहा मोहम्मदपुर के बल्दूपुरवा तक सम्पर्क मार्ग बनवाये की मांग पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सुरेश प्रसाद गौतम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। डीएम श्री त्रिपाठी ने मेलापुरवा के प्राथमिक विद्यालय व आर.आर.सी. सेन्टर तथा प्राथमिक विद्यालय शुक्लनपुरवा का निरीक्षण किया। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण करने पर केन्द्र को क्रियाशील न पाये जाने पर डीएम ने अप्रसन्नता जताते हुए बीडीओ को तत्काल केन्द्र को क्रियाशील करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि गांव से निकलने वाले कूड़े को यहां पर एकत्र करें। ग्रामवासियों द्वारा बताया कि ग्राम के कुछ हैण्डपम्प क्रियाशील नहीं हैं। इस सम्बन्ध में डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए समस्त खराब हैण्डपम्पों की आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं रिबोर कराकर उन्हें क्रियाशील रखा जाय जिससे ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या न हो। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि मेलापुरवा में मनरेगा योजना के तहत खेल का मैदान विकसित किया जाय तथा प्राथमिक विद्यालय शुक्लनपुरवा के शौचालय को दुरूस्त कराने का भी निर्देश दिया। ग्रामवासियों द्वारा बताया कि मेलापुरवा को लखनऊ-सीतापुर मार्ग से जोड़ने वाले मार्ग की पुलिया के निकट रोड खराब है। इस सम्बन्ध में डीएम ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि मार्ग को दुरूस्त करा दें। इस अवसर पर अवर अभि. जल निगम संदीप जायसवाल, प्रभारी एडीओ पंचायत पाटेश्वर प्रसाद, ग्राम सचिव मनीष अवस्थी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच शिवालयों में उमड़ा हुजूम

▸ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंदिर व मेले का लिया जायजा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयो मे सुबह से ही भक्तो की भीड़ रही। मेला लगा। भंडारे का जगह-जगह आयोजन हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दुख हरण नाथ मंदिर गोंडा, शिवपार्वती मंदिर पूरब गली, लखेश्वर नाथ, बुढ़ननाथ मंदिर व पुराना ठाकुर द्वारा बी एच डी इंटर कॉलेज धानेपुर के पास, फूलनाथ मंदिर बेलवार पुरवा मे भक्तो ने भगवान शिव को अच्छत फूल भाँग धतूरा गन्ना बेर फल आदि अर्पित कर जलाभिषेक करके पूजन किया। सुख समृद्धि की कामना किया।हरहर महादेव, नमः शिवाय के उद्घोष से गुंजायमान था। बुढननाथ मंदिर पर हलुआ प्रसाद का वितरण किया गया। पुराना ठाकुर द्वारा पर जनसहयोग से महंथ अनिल दास ने अखंड रामायण पाठ 14/2/2026को प्रारम्भ होकर समापन 15/2/2026को पूर्णाहुति हवन भंडारा का आयोजन किया गया। फूलनाथ मंदिर पर भी भंडारा किया गया।अ धिक संख्या मे भक्तो ने भंडारे के प्रसाद ग्रहण किया। बाबागंज, रामनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे भी शिव मंदिरो पर भक्तो ने जलाभिषेक कर पूजन किया। लखेश्वरनाथ पर मेला लगा। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए। कुछ जगह महामृत्युंजय मंत्र का जाप कराया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंदिर व मेले का भ्रमण कर सुरक्षा का जायता लेते हुए जलाभिषेक कर पूजन किया। और भंडारे में प्रसाद का वितरण किया।

## धानेपुर में स्वान के हमले से मासूम की मौत

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श नगर पंचायत धानेपुर के कल्याणनगर मे पांच वर्षीय लड़की को आवारा कुत्तो ने नोच कर मरणासन्न कर दिया जिसकी इलाज के समय डॉक्टर ने मृत बताया।

मिली जानकारी के अनुसार आदर्श नगर पंचायत धानेपुर के माधवगंज के मजरा टहलुवन पुरवा कल्याणनगर मे बिसुन लाल के पांच वर्षीय लड़की मुस्कान को शौच के लिये गई थी वहां दो आवारा कुत्तो ने नोचकर मरणासन्न कर दिया था। जिसे इलाज के ले जाने पर मृत बताया परिवार मे कोहराम मच गया। कई बार ग्राम पंचायत माधवगंज मे पूर्व मे बिसुन लाल शौचालय के लिया आवेदन किया किन्तु नहीं मिला यदि शौचालय बना होता बच्ची की जान नहीं जाती। किसी ने फरियाद नहीं सुनी। आवास हेतु आवेदन कराया है जो अधर मे लटका हुआ है जबकि उक्त मजरे मे मात्र पंद्रह घर हैं। बहुत से गरीब पात्र लोगो ने फार्म आवास के लिया भरा है। उसका कोई अता पता नहीं है। गरीब लाभ पाने से वंचित रह जाते है। ग्राम पंचायत माधवगंज का सुलभ शौचालय सरजूपुरवा मे बना है जिस पर ताला लगा रहता है। सभासद पवन कुमार तिवारी व अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षाराम ने वार्ता मे बताया कि बिसुन लाल ने आवास का आवेदन किया है। जाँच होने पर मिलेगा उसी मे शौचालय भी बनेगा। केवल शौचालय के लिए मांग नहीं किया। वैसे क्षेत्र मे आवारा कुत्ते घूम रहे है। कई लोग शिकार हो चुके है। जिस पर ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

## अड़ंगा बैजपुर में नर्सिंग होम में हो रहा लकवा ग्रस्त मरीजों का इलाज

▸ न बोर्ड न कोई प्रचार फिर भी रहती है मरीजों की भीड़

**नरेंद्र लाल गुप्ता**



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा के अड़ंगा बैजपुर 27 नंबर पर बना है एक ऐसा अस्पताल जहां ना तो कोई बोर्ड लगा है ना ही डॉक्टर का नाम लिखा है डिग्री की तो बात ही छोड़िए रविवार को समृद्धिन्य समाचार पत्र की टीम में जाकर जब देखा तो यह औरंगाबाद पर के पुल के पसज़ खेतम हुआ एक मकान दिखाई दिया जहां कुछ लोग बैठे थना ना तो वहां कोई बोर्ड दिखाई दिया और ना डॉक्टर साहब का कहीं नाम लिखा था अंदर ज कर जानकारी लिया गया तो एक सज्जन बैठे थे जिन्होंने अपना नाम डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा बताया और उन्होंने बताया कि मेरे पास डिग्री है जब पूछा गया क्या लकवा ग्रस्त मरीज का इलाज करने का आपको कोई अधिकार है उन्होंने कहा मुझे अधिकार है डिग्री दिखाने के लिए कहा गया डिग्री नहीं दिखा पाए उस मकान पर साइन बोर्ड भी नहीं लगा था हमने खहा यहां कैसे लोग आते हैं इस पर डॉक्टर ने कहा लोगों को फायदा होता है एक दूसरे से जानकारी होने से पहुंच जाती है किंतु मकान पर कोई साइन बोर्ड नहीं लगा होना डॉक्टर के डिग्री की फोटो ना होना एक संदेह पैदा करता है जब इस प्रकरण की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस एल पटेल को फोन मिलाया तो घंटी बजती रही किंतु फोन नहीं उठा ।

## लाइन ठीक करते समय लाइनमैन को लगा करंट, गंभीर रूप से झुलसा

▸ जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के रूपईडीहा इलाके में एक लाइनमैन को बिजली का करंट लग गया। वह गुरुचाही गांव में ट्रांसफार्मर पर लाइन ठीक कर रहा था, तभी अचानक विद्युत आपूर्ति चालू हो गई। इस घटना में लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों की तत्परता से बिजली बंद होने के कारण उसकी जान बच सकी।

यह घटना शनिवार शाम को हुई। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी 45 वर्षीय रंजीत विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं।

वह गुरुचाही गांव में ट्रांसफार्मर पर खराब फेस को जोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली की आपूर्ति शुरू हो गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से रंजीत का एक हाथ और पेट का हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। उनके साथी कर्मचारियों और ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ उतरौला



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से प्रसन्न करने का क्रम दिनभर जारी रखा। सुबह से ही मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा नगर शिवमय हो उठा। नगर के प्रसिद्ध श्री दुखहरण नाथ मंदिर, श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, ब्रह्मा बाबा स्थान (मोहल्ला गांधीनगर) तथा शनि देव मंदिर डाक बंगला सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मंदिरों में दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी व्रत रखकर शिव-पार्वती की आराधना में लीन दिखाई दिए। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह लंगर व भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गांधीनगर पुलिस चौकी के सामने स्थित ब्रह्मा बाबा स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और लोगों ने सेवा भाव से प्रसाद वितरण कर धार्मिक परंपरा को निभाया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा।

## पीएम श्री कन्या विद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लह नगर के 50 छात्र-छात्राओं ने ट्यूनिंग एंड पियरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत ए. जी. हाशमी इंटर कालेज का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने इंटर कॉलेज की रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया।

विज्ञान अध्यापक अजमतुल्ला कुरैशी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रयोगों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग और महत्व को सरल भाषा में समझाया। प्रयोगशालाओं में आधुनिक उपकरणों को देखकर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विद्यालय के पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और वहां उपलब्ध शैक्षिक सामग्री की जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के अध्यापक अरशद अब्बासी, अब्दुल मोईद, कल्पनाथ दूबे, जुनेद अहमद एवं विजेता अग्रवाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ऋचा पाण्डेय, ज्योति, अभय, जन्मेज, साक्षी सहित अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण से छात्रों की वैज्ञानिक समझ बढ़ती है और उनमें प्रयोगात्मक ज्ञान के प्रति रुचि विकसित होती है।

## गौराचौकी ने जीता अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



सादुल्लानगर के नेवादा गांव में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के क्षेत्रीय मुकाबलों का फाइनल मुकाबला गौराचौकी टीम ने अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल में गौराचौकी (गोंडा) ने लटिया (सिद्धार्थनगर) को पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

तीन सेटों में खेले गए इस मुकाबले में लटिया टीम ने पहला सेट जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन गौराचौकी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अगले दो सेट जीत लिए और मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। निर्णायक क्षणों में गौराचौकी की टीमवर्क और संयम ने जीत की राह आसान कर दी।

प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि रियाज हसन ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी सिखाता है।

इस प्रतियोगिता का आयोजन शाहिद अली, जियाउलहक और अनीसुर्रहमान के संयोजन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय खेल प्रेमियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति में आसिफ, मजीबुल्लाह सिद्दीकी, मस्सू खान, मोअज्जम असद, शरफुद्दीन, जियाउद्दीन, अलीमुद्दीन, सलमान और अरशद सहित कई अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े, जिन्होंने तालियों और नारों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# वैश्विक पहचान दिलाएगा आर्य गुरुकुल म्यूजियम : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अब लगभग तैयार है। नई तकनीक से सुसज्जित संग्रहालय अतीत की गौरवगाथा को नए और आकर्षक अंदाज में पेश करेगा, जहां इतिहास केवल पढ़ा नहीं जाएगाबल्कि महसूस किया जाएगा।

ब्रज क्षेत्र की यह महत्वाकांक्षी परियोजना न सिर्फ पर्यटन को नई राष्ट्रीय पहचान देगी बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम बनेगी। फिरोजाबाद के सिरसागंज में 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा उत्तर प्रदेश का पहला आर्य गुरुकुल म्यूजियम तेजी से तैयार हो रहा है, जिसका 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है।



▶ उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 फीसदी तैयार

▶ ईश्वर, वेद व सत्य का संदेश देगा आर्य गुरुकुल म्यूजियम

इसको लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान जल्द से जल्द कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। जयवीर सिंह ने बताया कि म्यूजियम में इतिहास को इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के जरिए दिखाया जाएगा ताकि हर उम्र का व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। यहां स्थापना और शुरुआती दौर, संस्थापक और स्थानीय नेताओं का योगदान, आजादी की लड़ाई में भूमिका, सिद्धांत और विचारधारा, योग की अहमियत और आज के समय में इसकी जरूरत जैसे जोन बनाए गए हैं। म्यूजियम में ऑडिटोरियम, मल्टीपर्पज हॉल, एम्फीथिएटर, हेलीपैड, फायर फाइटिंग सिस्टम और कई ब्लॉकों का ढांचा तैयार हो गया है और अधिकतर जगहों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। बाहरी इलेक्ट्रिफिकेशन, ट्यूबवेल, अंडरग्राउंड सम्प और कुछ अन्य कार्य प्रगति पर हैं, जबकि सीसी रोड, हॉर्टिकल्चर, तालाब विकास, फ्लोटिंग मल्टीमीडिया और सीसीटीवी जैसे कुछ काम बाकी हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि आर्य गुरुकुल म्यूजियम हमारे अतीत की विरासत और भविष्य की संभावनाओं के बीच एक सशक्त माध्यम है। अब सिर्फ आगरा का ताजमहल ही नहीं बल्कि आर्य गुरुकुल म्यूजियम भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान कायम करेगा। ब्रज क्षेत्र का यह म्यूजियम केवल इतिहास को संजोने का प्रयास नहीं, बल्कि उस चेतना को फिर से जागृत करने का संकल्प है जिसने समाज को ज्ञान, समानता और राष्ट्रभाव की दिशा दी। आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से हम सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी के दिल और दिमाग से जोड़ रहे हैं ताकि वे केवल इतिहास को जानें ही नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, समझें और उससे प्रेरणा लेकर एक सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।आर्य समाज ने वेदों की ओर लौटो का संदेश देकर लोगों को जागरूक किया और सामाजिक बराबरी, शिक्षा और तर्क की सोच को मजबूत बनाया।

### म्यूजियम के पांच पिलर देंगे सीख

म्यूजियम में पाँच पिलरों की सीख होगी जिसमें पहला, ईश्वर ही सच्चे ज्ञान का असली स्रोत है-वह निराकार, अनंत और पूरी सृष्टि का रचयिता है। दूसरा वेद हमें सही सोच और सही जीवन जीने का मार्ग दिखाते हैं, इसलिए उन्हें समझना और उनके अनुसार चलना हमारी जिम्मेदारी है। तीसरा हमें हर हाल में सच का साथ देना चाहिए और गलत बातों से दूर रहना चाहिए, ताकि हमारा हर कदम धर्म और ईमानदारी पर टिका हो। चौथा हमारा उद्देश्य केवल अपनी तरक्की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक उन्नति करना है, पाँचवां हमें सभी लोगों के साथ प्रेम, सम्मान और न्याय से व्यवहार करना चाहिए एवं दूसरों की प्रगति में ही अपनी सफलता देखनी चाहिए। जयवीर सिंह ने इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिए।

# लोकतंत्र में जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी शक्ति : केशव

▶ डिप्टी सीएम केशव मौर्य से मिले मनोज तिवारी





लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास सात कालिदास मार्ग पर भोजपुरी अभिनेता एवं सांसद मनोज तिवारी ने शिष्टाचार एवं स्नेहिल भेंट की। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजय के उपरांत हुई इस आत्मीय मुलाकात में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच समसामयिक राजनीतिक विषयों, संगठनात्मक विस्तार, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों की विकासपरक नीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

श्री मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी शक्ति है और हालिया चुनाव परिणाम राष्ट्रहित एवं विकास की राजनीति पर जनता की मुहर का प्रतीक हैं।श्री मौर्य ने उत्तर प्रदेश में संचालित बुनियादी ढांचा, ग्रामीण संपर्क मार्ग, गरीब कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार का लक्ष्य सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मंत्र के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। इस अवसर पर उन्होंने बिहार सहित पूरे देश में सुशासन एवं विकास के लिए सकारात्मक राजनीतिक वातावरण की आवश्यकता पर भी बल दिया। सांसद मनोज तिवारी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में तीव्र गति से विकसित हो रहा आधारभूत ढांचा देश के अन्य राज्यों के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा की। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने श्री तिवारी का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। दोनों नेताओं ने देश की प्रगति, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने का संकल्प दोहराया।

## खबरें एक नजर में

### महाशिवरात्रि पर कान्हा गौआश्रय स्थल अकोहेरी में हुआ नंदी पूजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कान्हा गौआश्रय स्थल अकोहेरी, बीकेटी लखनऊ में निदेशक प्रशासन एवं विकास महोदय डा मेमपाल सिंह ने सपत्नीक नंदीपूजन किया इस अवसर पर अपर निदेशक लखनऊ मण्डल लखनऊ डॉ अजय कनौजिया, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार, संयुक्त निदेशक मुख्यालय डॉ पीके सिंह, सयुंक्त निदेशक डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिदेशक डॉ सुनील कुमार राठौर, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बीकेटी डॉ अजय यादव ने नंदी पूजन,गौपूजन कर गोवंश को गुड, केला, पशु आहार खिलाया।

### विधिक सेवा प्रचार वाहनों व मध्यस्थता हेल्पलाइन का शुभारंभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, खंड पीठ लखनऊ के चीफजस्टिस पोर्टिको में प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी वाहनों के फ्लैग-ऑफसमारोह और राज्य मध्यस्थता हेल्पलाइन के शुभारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक जागरूकता पहुँचाने और विवादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति पंकज मित्तल न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, दिल्ली न्यायमूर्ति श्री. चंद्रशेखर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, बॉम्बे, न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्तिगण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मनु कलिया, सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन और विषय पर गहरी पकड़ ने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत व्यवस्थित और गरिमापूर्ण बनाए रखा। डॉ. कलिया द्वारा प्रस्तुत की गई रूपरेखा और उनके प्रखर संबोधन की उपस्थित अतिथियों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। उनके नेतृत्व में आयोजन की सूक्ष्म बारीकियों और समन्वय ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### साथी पोर्टल के द्वितीय फेज के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारत सरकार द्वारा विकसित किए गए श्साथी पोर्टलश् के द्वितीय फेज को उत्तर प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दो दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। 13 और 14 फरवरी को कृषि निदेशालय में कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों और एन.आई.सी. के वरिष्ठ निदेशकों द्वारा पोर्टल के तकनीकी पहलुओं और इसके संचालन की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बीज व्यवसाय को पारदर्शी बनाना और डिजिटल माध्यम से किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की पहुंच सुनिश्चित करना है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी सहायक सीड डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ निदेशक आईटी एनआईसी अर्चना एवं अविनाश विजयकुमार पेडगाँवकर, और संयुक्त निदेशक निलाद्रि बिहारी मोहंती ने अपनी टीम के साथ प्रतिभागियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली समझाई। इस अवसर पर महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी साझा की और इसके विभिन्न चरणों व लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम में अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र उप कृषि निदेशक प्रक्षेत्र सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के प्रथम दिन बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठनों एफपीओ और निजी बीज कंपनियों व फर्मों को प्रशिक्षित किया गया, जबकि दूसरे दिन जनपद स्तर के विभागीय अधिकारियों और थोक व फुटकर बीज विक्रेताओं को तकनीकी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रतिनिधि अपने-अपने जनपदों में मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे और अन्य डीलरों व डिस्ट्रीब्यूटर्स को पोर्टल के संबंध में शिक्षित करेंगे। साथी भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित एक पोर्टल है। इसका पूरा नाम सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी है। यह बीज क्षेत्र में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाला एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का लखनऊ प्रवास

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के प्रवास के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी 17-18 फरवरी को लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान वे कुटुम्ब मिलन, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के साथ संवाद और प्रमुख जन गोष्ठी में हिस्सा लेंगे। इन कार्यक्रमों की प्रेस विज्ञप्ति विश्व संवाद केन्द्र लखनऊ द्वारा मीडिया को उपलब्ध करायी जायेगी।

# आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी मुख्यमंत्री ने जारी रखा जनसेवा अनुष्ठान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▶ जनता दर्शन में सैकड़ों लोगों से मिले, सुनी समस्यायें

▶ बोले- चिंता मत करें, हर समस्या का होगा समाधान



गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी उन्होंने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा, 'चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण कराएं।

आज रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। बोले, किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्र अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

# शिवरात्रि पर श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन सम्पन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

रविवार को चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक शुरु हो गया जो दोपहर बाद तक हरि ओम हर जल चढ़ता रहा।

मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने बताया कि महाशिवरात्रि पर ध्यान सौ गुना अधिक प्रभावी होता है और महाशिवरात्रि पर आंतरिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। महंत ने बताया कि महाशिवरात्रि का पौराणिक और धार्मिक महत्व है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग के उदय से हुआ था। महाशिवरात्रि के समय हम अपनी चेतना में विश्राम करते हैं। यह समय है अपनी अंतरात्मा और चेतना के साथ उत्सव मानाने का, महाशिवरात्रि के दिन साधना के माध्यम से हम दिव्य चेतना की शरण में चले जाते हैं। महंत विशाल गौढ़ ने बताया कि दिनभर जलाभिषेक के बाद सांय भव्य और दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया एवं रात में शिवमहिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर प्रांगण मे किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया।

# होटल कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

▶ परिजनों ने जाहिर की हत्या की आशंका



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मोहनलालगंज कस्बे के एक होटल में बीती रात एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान अन्तरास होटल में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत 40 वर्षीय हरिश्चंद्र यादव के तौर पर हुई है।

परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को सीएचसी मोहनलालगंज से पुलिस को इस घटना की सूचना मिली। मृतक हरिश्चंद्र पुत्र स्वर्गीय राम खेलावन यादव, ग्राम फत्तेखेड़ा, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ का निवासी था। वह लखनऊ-रायबरेली रोड स्थित अन्तरास होटल में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत था।

राहुल यादव निवासी फत्तेखेड़ा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका चचेरे भाई हरिशचंद्र यादव बीते एक वर्ष से अन्तरास होटल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। शनिवार शाम करीब सात बजे घर से होटल में ड्यूटी आया था।

रात करीब दस बजकर 43 मिनट पर होटल के कर्मचारी ने चचेरे भाई के साले को फोन कर बताया कि उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई है आप लोग होटल आ जाइए। इसके बाद साले ने अपनी बहन किरण को फोन कर जीजा की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। इसके बाद वह होटल पहुंचे तो देखा कि भाई हरिश्चंद्र मरणासन्न हालत में पड़े थे। जिसके बाद परिजनों संग उसको सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

होटल प्रबंधन और कर्मचारी समय रहते अगर अस्पताल पहुंचाया होता, शायद उनके भाई की जान बच जाती। इलाज के अभाव में उसके भाई ने होटल में तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। राहुल का आरोप है कि होटल प्रबंधन और कर्मचारियों की लापरवाही से भाई की मौत हो गयी है। उसे आशंका है कि कहीं उसके भाई की हत्या तो नहीं की गयी। इसकी गहनता से जांच की जानी चाहिए। मृतक के परिवार में पत्नी किरण और दो बच्चे 10 साल का प्रांजल और छह साल की जूही है।

इंस्पेक्टर मोहन लाल गंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी है। सीसीटीवी फुटेज मांगी गई है। जांच करके आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# अयोध्या का रेलवे स्टेशन भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▶ सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए

▶ छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े



कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने की सरकार की योजना को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण है।

रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं तो वे सही तरीके से काम भी करें।

सपा अध्यक्ष ने कमीशनखोरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति सुधारने की भी मांग की।

अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन परिसर में एक दीवार गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जिसको लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई ने नव-उद्घाटित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर चारदीवारी गिरने की सोशल मीडिया पर चल रही खबरों का खंडन किया था।

पीआईबी के अनुसार, गिरी हुई दीवार नए स्टेशन के ढांचे का हिस्सा नहीं थी, बल्कि पुराने स्टेशन क्षेत्र की थी। पीआईबी ने स्पष्ट किया कि यह दीवार एक निजी व्यक्ति द्वारा की जा रही खुदाई और पास के एक निजी क्षेत्र में जलभराव के कारण गिरी थी।

# काली स्कॉर्पियो से सिपाही को उठा ले गई राजस्थान पुलिस


लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**2002 के केस में घोषित था 25 हजार का इनाम**

राजधानी लखनऊ में सिपाही के अपहरण की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि सिपाही राजस्थान के 2002 के एक मामले में वांछित था। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। राजस्थान पुलिस उसे उठाकर ले गई है, तो अफसरों ने राहत की सांस ली।

घटना रविवार सुबह 9 बजे गोमती नगर इलाके के ग्वारी गांव में हुई। सिपाही की पहचान ग्वारी निवासी अखिलेश त्रिपाठी के रूप में हुई। लखनऊ में स्मारक समिति की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मायावती सरकार में एक विशेष सुरक्षा वाहिनी का गठन हुआ था। सिपाही अखिलेश त्रिपाठी इसी वाहिनी में तैनाती है। इन दिनों उसकी अंबेडकर पार्क में ड्यूटी रहती थी। रविवार सुबह वह अपने 2 बेटों के साथ टहलने निकला था। प्रत्यक्षदर्शी बेटों के अनुसार, अचानक एक काली स्कॉर्पियो उनके पास आकर रुकी। कार से उतरे लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। पिता अखिलेश त्रिपाठी को जबरन गाड़ी में बैठा लिया। पूरी घटना इतनी जल्दी हुई कि आसपास के लोग समझ ही नहीं पाए कि मामला क्या है? घबराकर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोमती नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। शुरुआती तौर पर मामला अपहरण का लगा, जिससे परिवार और क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि कुछ देर बाद जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश त्रिपाठी वर्ष 2002 के एक पुराने मुकदमे में वांछित था। उस मामले में उनके खिलाफ 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। जांच में सामने आया कि 2002 के पुराने मामले में ही राजस्थान पुलिस की टीम उन्हें उठाकर ले गई है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से फरार चल रहे अखिलेश त्रिपाठी की तलाश में राजस्थान पुलिस लगी हुई थी।

### बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पूजा अर्चना कर किया नवसंवर्धित कक्ष में प्रवेश



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लखनऊ स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर नवसंवर्धित कक्ष में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से यह कार्यस्थल संगठन की सुदृढ़ नीतियों, जनसेवा के संकल्प और सुशासन की प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त करने का केंद्र बनेगा।

**सराहनीय** | यूपी बजट में संरचनात्मक निवेश से लाखों प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष अवसरों की तैयारी

# औद्योगिक क्लस्टर, लॉजिस्टिक्स व डेटा सेंटर बनेंगे रोजगार के बड़े इंजन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में औद्योगिक क्लस्टरों के विस्तार, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण और डेटा सेंटर इकोसिस्टम के विकास को जिस पैमाने पर प्राथमिकता दी गई है, वह प्रदेश में बड़े स्तर पर रोजगार सृजन की ठोस रणनीति की ओर स्पष्ट संकेत कर रहा है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास योजनाओं के लिए 27,103 करोड़ रूपये का प्रावधान कियी गया है जो कि पिछले वर्ष के बजट से 13 प्रतिशत अधिक है। यह साफ दर्शाता है कि योगी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित औद्योगिक विस्तार को रोजगार वृद्धि का मुख्य आधार बना रही है। बजट में किए गए ये निवेश निर्माण से लेकर उत्पादन, लॉजिस्टिक्स संचालन और डिजिटल सेवाओं तक रोजगार की बहुस्तरीय श्रृंखला तैयार करने की योजना का हिस्सा हैं।

औद्योगिक क्लस्टर, लॉजिस्टिक्स हब और डेटा सेंटर के जरिये सरकार का लक्ष्य प्रदेश में लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों का सृजन कर विकास और रोजगार को समानांतर गति देना है। औद्योगिक क्लस्टर मॉडल की सबसे बड़ी ताकत उसकी बहु-स्तरीय रोजगार क्षमता है। एक एंकर यूनिट स्थापित होते ही उसके आसपास कच्चे माल की आपूर्ति, पैकेजिंग, मशीनरी रखरखाव, परिवहन, वेयरहाउसिंग और सर्विस सेक्टर की दर्जनों सहायक इकाइयां विकसित होती हैं।

यही कारण है कि बजट 2026-27 में एमएसएमई सेक्टर के लिए 3,822 करोड़ और वस्त्रोद्योग के लिए 5,041 करोड़ का प्रावधान केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि रोजगार विस्तार की संरचनात्मक रणनीति का हिस्सा है। सरकार ने वस्त्रोद्योग क्षेत्र में वर्ष 2026-27 के लिए 30,000 नए रोजगार सृजन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इस




सेक्टर को प्रत्यक्ष नौकरी सृजन का प्रमुख केंद्र बनाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास में हर एक प्रत्यक्ष रोजगार के साथ कई अप्रत्यक्ष रोजगार जुड़ते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में व्यापक गतिशीलता आती है। इसके साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन के लिए 575 करोड़ तथा निवेश प्रोत्साहन नीति के क्रियान्वयन हेतु 1,000 करोड़ का प्रावधान बड़े और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। बड़े उद्योगों की स्थापना से दीर्घकालिक, स्थायी और कौशल आधारित रोजगार अवसरों का मजबूत आधार तैयार होगा। एक्सप्रेसवे और औद्योगिक कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर बढ़ा निवेश केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स मानचित्र पर मजबूत स्थिति दिलाने की रणनीति का हिस्सा है। जेवर एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 1100 करोड़, आगरा-लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे लिंक हेतु 1250 करोड़ और विन्ध्य एक्सप्रेसवे व अन्य कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए 500-500 करोड़ के प्रावधान से माल परिवहन की लागत और समय दोनों में कमी आएगी।

बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा असर लॉजिस्टिक्स सेक्टर पर पड़ता है। जहां सड़क पहुंचती है, वहां वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट कंपनियां, कोल्ड स्टोरेज और वितरण केंद्र भी विकसित होते हैं। यह सेक्टर स्वभाव से श्रमप्रधान है।

बजट में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 2,059 करोड़ का प्रावधान है जो पिछले वर्ष के बजट से 76 फीसदी अधिक है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेजी से डिजिटल और तकनीक-आधारित दिशा दी जा रही है। 'उत्तर प्रदेश एआई मिशन' के लिए 225 करोड़ और साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर हेतु 95.16 करोड़ की व्यवस्था केवल तकनीकी ढांचा मजबूत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए उच्च कौशल आधारित रोजगार के अवसर तैयार करने की पहल है। प्रदेश में पांच गीगावॉट क्षमता के पांच डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने की योजना के लिए 100 करोड़ का प्रारंभिक बजट प्रस्तावित है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर किया गया निवेश केवल सड़क, भवन या औद्योगिक परिसर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह रोजगार की पूरी श्रृंखला को जन्म देता है।

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▶ 181 एटीएम कार्ड बरामद

राजधानी लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में घूमकर घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के पास से 181 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। अब तक 30 लाख से ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। एडीसीपी नार्थ रिषभ रुढ़वाल ने बताया- पुलिस ने लंबे समय से एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने की शिकायत मिल रही थी। मामले के खुलासे के लिए टीम लगाई गई।

शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली जीएसआई ई-पॉवर हाउस चौराहा के पास स्थित एसबीआई एटीएम के पास दो संदिग्ध बिना नंबर प्लेट की बाइक से खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान मधई का पुरवा सदर कोतवारी प्रतापगढ़ के रहने वाले शहबान (28) और लीलीपुर प्रतापगढ़ निवासी दिलशाद (26) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अलग-अलग बैंक के 181 एटीएम कार्ड, चार फर्जी आधार कार्ड, एक मोबाइल, ठगी के रुपए से खरीदी गई बाइक मिली है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया- 100 लोगों से ज्यादा लोगों से अब तक 30 लाख से ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश समेत दिल्ली, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में घटना कर चुके हैं। अब तक 100 से ज्यादा लोगों के खाते से रुपए निकाल चुके हैं। आरोपी महिलाओं और बुजुर्गों को टारगेट करते थे। एटीएम बूथ के पास खड़े होकर मदद के बहाने एटीएम बदलकर रुपए निकाल लेते। दोनों ने लखनऊ और आस-पास 20 अलग-अलग थानाक्षेत्रों में वारदात की है। पकड़ा गया आरोपी दिलशाद बीटेक पास है। डिग्री लेने के बाद नोएडा में प्राइवेट कंपनी में आईटी सेक्टर में नौकरी करता था। नौकरी छोड़कर अपने स्कूल के दोस्त शहबान के साथ टप्पेबाजी करने लगा। आरोपियों ने ठगी के पैसे महंगे शौक में उड़ा दिए। इसके बाद अलावा पत्नी के लिए ज्वैलरी बनवा दी।

# महाशिवरात्रि पर्व पर हर-हर महादेव से गुंजायमान हुए मंदिर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर व ग्रामीण अंचल के शिवालयों में भक्तों ने शिवार्चन कर शिवलिंग का विभिन्न प्रकार से अभिषेक कर पूजा अर्चना की । इस मौके पर नगर के विभिन्न मंदिरों में बतौर निगरानी पुलिस बल तैनात रहा । देर रात तक श्री गौरीशंकर के जयघोष व भजन कीर्तन से वातावरण गुंजायमान रहा ।

रविवार को तड़के सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई । नगर के मोहल्ला कुंवरगंज स्थित श्रीमन कामेश्वर नाथ मंदिर पर शोभायात्रा निकाली गई । यहां भक्तों का पूरे पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा । रात्रि में दैवज्ञ विशाल गुप्ता के सानिध्य में विशालकाय पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधि विधान से रुद्राभिषेक व पूजन कराया गया ।

इसी क्रम में निजामगंज स्थित घोड़ी भले बाबा मंदिर स्थित श्रीनर्मदेश्वर महादेव शिवालय, श्रीबाला जी दरबार शिवालय, हिन्दुपट्टी स्थित गुसाई जी महाराज मंदिर स्थित शिवालय, दातागंज के मठिया मंदिर, पोटर गंज स्थित माता मंदिर, रस्तोगी धर्मशाला स्थित शिवालय, चीनीमिल कॉलोनी शिवालय, वंशी वाले मंदिर समेत विभिन्न मंदिर व शिवालयों में शिव पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक किए गए । इस मौके पर बाला जी मंदिर में अखंड रामायण पाठ भी हुआ ।मंदिरों में चार पहर की पूजा अर्चना के साथ शिवनाम जप भी हुआ । रात्रि में भजन कीर्तन से वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय रहा । इस मौके पर मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ने के मद्देनजर तीन मंदिरों पर बतौर निगरानी पुलिस ड्यूटी भी लगाई गई । कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पुलिस लाइन से 26 महिला आरक्षियों को भी मंदिर ड्यूटी पर लगाया गया । एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ ज्योति यादव व कोतवाल स्वयं भ्रमणशील रहे।



### महाशिवरात्रि पर शिव-शक्ति आराधना, भक्तिभाव से हुआ हवन पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन

**शाहजहांपुर।** आर्य समाज कटिया टोला के अंतर्गत दयानंद बाल विद्या मंदिर पर महाशिवरात्रि के पवित्र अवसर पर शिव भक्तों ने बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन उपरांत विद्यालय में हवन किया इसके बाद समिति द्वारा कन्या भोज का एक दिव्य आयोजन किया गया। शास्त्रों के अनुसार, कन्याओं को साक्षात् देवी दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इस भावना के साथ, महाशिवरात्रि के दिन कन्याओं को आमंत्रित किया गया। यजमानों ने कन्याओं के पैर धोकर उनका सम्मान किया और उनके माथे पर रोली-चंदन का तिलक लगाया। कन्या भोज शुरू हुआ व्रती श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। यह कन्या भोज केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ एक संदेश भी था। आयोजक/क्षेत्र के बुजुर्ग ने कहा कि शिव-पार्वती के मिलन के दिन कन्याओं की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और नकारात्मकता का नाश होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी कन्याओं को खुशी-खुशी विदा किया गया और सामूहिक आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, हरप्रसाद पाण्डेय, नीरज बाजपेई, राजेश शुक्ला, सन्तोस दीक्षित, कैलाशचन्द मिश्र, ज्ञानेश मिश्रा, जगत नारायण अवस्थी, सत्य प्रकाश तिवारी, नेहा वर्मा आदि का सहयोग रहा।

### महाशिवरात्रि पर ब्रह्मलीन शांतिनिकेतन आश्रम में 7 फिट ऊंची भोले बाबा की प्रतिमा का अनावरण

**आश्रम के प्रमुख सेवादार हरजीत चौहान ने स्थापित कराई भोले बाबा की प्रतिमा**



**कांट, शाहजहांपुर।** पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ब्रह्मलीन शांतिनिकेतन आश्रम में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। आश्रम के सेवादार एवं ददरौल विधायक अरविंद सिंह के निजी प्रतिनिधि हरजीत चौहान द्वारा भगवान शिव की सात फुट ऊंची भव्य प्रतिमा का विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के पश्चात अनावरण किया गया। राजस्थान से विशेष रूप से मंगाई गई इस दिव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान पूरा आश्रम 卐हर-हर महादेव卐 के जयघोष से गूंज उठा। धार्मिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए हरजीत चौहान की सराहना की। विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।हरजीत चौहान ने कहा कि यह प्रतिमा स्थापना उनके लिए सौभाग्य का विषय है और वह सदैव धर्म एवं समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। उनके इस प्रयास की क्षेत्रवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे आस्था एवं समर्पण का प्रतीक बताया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न समुदाय के लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया।

# नाहिल में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, फायरिंग का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुरानी रंजिश के चलते रविवार को नाहिल गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें तीन वकीलों समेत कई लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने मारपीट व फायरिंग का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की उधर पुलिस ने सभी को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया। पुराने रंजिश को लेकर रविवार को नाहिल में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें तीन वकीलों समेत 10 लोग गंभीर घायल हुए। एक पक्ष वीरेंद्र शुक्ला ने तहरीर देकर बताया कि हमारा भाई शैलेन्द्र शुक्ला जो कि पुवायां कि सिविल एसोसिएशन में वकालत का काम करता है रविवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे घर से बाइक लेकर शाहजहांपुर के लिए निकला था कि सरकारी अस्पताल के पास पहले से ही घात लगाए बैठे लोगों ने हमला कर दिया। हमला करने बालों ने पहले फायर किया जिससे बाइक गिर गई बाद में लाठी-डंडो से जम कर मारा पीटा, झगड़ा होते देखा परिजन बचाने आए तो हमलावरों ने परिजनों को भी पिता मारपीट में वीरेंद्र के पक्ष के सतीश चंद्र शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला(एड.), धीरेन्द्र शुक्ला, आचमन शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला घायल हो गये। इसमे से सतीश चंद्र



शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला को गम्भीर चोट के कारण मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष के गोबिंद शुक्ला, राम प्रकाश शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, शिवम शुक्ला, राहुल शुक्ला, गोपाल शुक्ला घायल हुए। फायरिंग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया ओर गांव में फायरिंग की जानकारी ली। दूसरे पक्ष के लोगों ने बताया हम लोग अपनी दुकान पर बैठे थे तभी इन लोगों ने एक राय होकर हमला कर दिया जिससे हम सभी लोग बाल बाल बच गए। कोतवाल रवि करन सिंह का कहना है कि इन लोगों की पुरानी रजिंश के चलते विवाद हुआ है लेकिन फायरिंग की कोई सूचना नही मिली है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने से उलझ गई सोनपाल की मौत गुत्थी

- 11 फरवरी को नदी किनारे बरामद हुआ था शव
- लापता होने के दिन ही लूट व हत्या के मामले में हुई थी आजीवन कारावास की सजा

**मनोज प्रबल**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** लूट व हत्या मामले में आजीवन कारावास सजायाफ्ता सोनपाल कठेरिया की मौत की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद उलझ गई है । पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को पूंछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुट गई है ।

गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव राईखुर्द निवासी सोनपाल कठेरिया 60 बीते माह 13 जनवरी को लापता हो गया था । विडंबना यह रही लापता होने के ही दिन सोनपाल को एक पुराने लूट व हत्या कांड मेंआजीवन कारावास की सजा हुई थी । सोनपाल के बेटे बलबीर ने पिता के लापता होने के दस दिन बाद यानि 23 जनवरी को दवा लेने जाने के बाद वापस न लौटने की तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसमें इसी क्रम में 11 फरवरी को गांव पिंगरा पिंगरी क्षेत्र में नदी के समीप एक शव बरामद हुआ था। उक्त अज्ञात शव की दूसरे दिन बलबीर ने पिता सोनपाल के रूप में शिनाख्त की थी । शिनाख्त के बाद 13 फरवरी को पोस्टमार्टम हुआ । 14 फरवरी को बलबीर ने रामचंद्र व सचिन पुत्र मंशाराम द्वारा बुलाए जाने पर पिता के जाने और रामचंद्र के भाई के भाई दामोदर व भतीजे मनोज द्वारा सोनपाल की हत्या किए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है । यही नहीं 14 फरवरी को शव का अंतिम संस्कार भी तब किया गया जब पुलिस से 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन ले लिया गया। सोनपाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने हैंगिंग आना बताया है । अब ऐसे में सबाल यह उठता है कि बरामद शव कहीं लटका नहीं बल्कि पड़ा पाया गया। शव के गले में कोई रस्सी या अन्य फंदा भी नहीं पाया गया। जबकि हैंगिंग की अमूमन फांसी लगाने पर ही आती है। सोनपाल के लापता होने के करीब एक माह बाद शव बरामद होने और शव भी खराब न होने के चलते एक और सबल खड़ा होता है कि उसके लापता होने के बाद करी 28 दिन तक वह कहां और किसके पास रहा? कुल मिलकर सोनपाल के लापता होने से लेकर उसके शव बरामद होने तक की कहानी में एक बड़ा झोल नजर आ रहा है । फिलहाल पुलिस कई एंजिल से मामले की पड़ताल में जुट गई है । समाचार भेजे जाने तक हिरासत में लिए गए लोगों से पूंछताछ का सिलसिला जारी है।



### सोनपाल की मौत की खबर पर भी नहीं आई बलवीर की पत्नी

**तिलहर।** चर्चित सोनपाल कठेरिया मौत मामले में गांव में तमाम तरह की चर्चाओ का दौर गर्म है। चर्चा है कि सोनपाल के बेटे बलवीर का उसकी पत्नी से कई वर्षों से विवाद चल रहा है। जिस कारण वह 14 वर्षीय बेटी व 12 वर्षीय बेटे को लेकर बीसलपुर में रह रही है। सोनपाल की मौत हो जाने की बलवीर की पत्नी को भी दी गई । ग्रामीणों ने उसे तथा उसके बच्चों को आखरी बार सोनपाल को देख लेने के लिए बुलाया । लेकिन वह नहीं आई और न ही उसने बच्चों को ही भेजा। चर्चा है कि जहां बलवीर से उसकी पत्नी का विवाद चल रहा है वहीं सोनपाल बलवीर की पत्नी एवं बच्चों से मिलने उसके यहां जाता रहता था । चर्चा के मुताबिक मृतक सोनपाल ने पुत्रवधु के नाम शाहजहांपुर के गदियाना मोहल्ले में एक मकान भी ले रखा है । सोनपाल की मौत के बाद भी आखिरी समय में भी उसकी पुत्रवधू एवं पोता देखने नहीं आया। पुलिस ने इस एंगिल को भी पड़ताल के हिस्से में शामिल किया है।

## छह किलो डोडा पोस्ट बरामद

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना जलालाबाद पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 किलो डोडा पोस्त और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अरविन्द सक्सेना और अखिलेश राठौर उर्फ नन्हे के रूप में हुई है। दोनों को कसारी पेट्रोल पम्प के पास से संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि अरविन्द सक्सेना का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मिर्जापुर में सीनियर सिटीजन सोसाइटी की कार्यकारणी गठित

**शाहजहांपुर।** सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक मिर्जापुर ब्लाक के श्री बाबा विश्वनाथ इंटर कॉलेज के सभागार में जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से संरक्षक राम विलास दीक्षित, अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा, महामंत्री शिवप्रसाद पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रामकिशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष ज्ञानेश कुमार बाजपेई, मंत्री अवधेश कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री गंगा शरण, प्रचार मंत्री रामानंद, संयुक्त मंत्री राम प्रसाद यादव, लेखाकार इम्तियाज अली जिला अध्यक्ष के साथ नगर महामंत्री रामरक्षपाल तथा अधिवक्ता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीएसपाण्डेय साथ रहे तथा सभी ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिक एकता की अपील की। जिला अध्यक्ष ने सभी चयनित पदाधिकारियों का फूल मालाएँ पहनाकर स्वागत किया तथा संगठन को और प्रभावी बनाने का अनुरोध किया।




# अटेवा प्रीमियर लीग का शुभारंभ, उद्घाटन मैच में रेलवे एक्सप्रेस की शानदार जीत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी श्री संजय गुप्ता ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन समारोह में अटेवा जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप, अटेवा प्रीमियर लीग के प्रभारी डॉ प्रमोद यादव, सहप्रभारी गौरी शंकर वर्मा तथा जिले के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



संजय गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट को सफल बनाने का आह्वान किया। उद्घाटन मैच पशुपालन विभाग शाहजहांपुर और क्रिकेट रेलवे एक्सप्रेस शाहजहांपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पशुपालन विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 86 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे एक्सप्रेस की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए छठे ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। रेलवे टीम की ओर से जनार्दन ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

उन्होंने नाबाद 17 रन बनाए तथा गेंदबाजी में 4 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं तथा आगामी मुकाबले निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराए जाएंगे।

# जीप की टक्कर से सवारी भरा ई रिक्शा खाई में पलटा

- पांच सवारियों हुईं घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जीप की टक्कर से सवारियों से भरा ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में मां-बेटी सहित पांच लोग घायल हो गए। रविवार दोपहर निगोही से ई-रिक्शा चालक अनीस सवारियां भरकर तिलहर आ रहा था। रटा गांव के मोड़ के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार जीप ने ई रिक्शा को साइड मार दी। जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में बीसलपुर के मोहल्ला पटेलपुर निवासी बिटोला देवी एवं उनकी पुत्री गायत्री , तिलहर के




मोहल्ला नजरपुर निवासी अनस, गांव नवदिया निवासी छोटेलाल एवं सर्वेश घायल हो गए। हादसे को अंजाम देकर जीप चालक फरार हो गया। दुर्घटना होते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सभी ने ई रिक्शा को खाई से बाहर निकलवाया। वहीं घायलों ने अन्य शासनों से निजी अस्पताल पहुंचे। और उपचार लिया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि घटना उनके संज्ञान में नहीं है ।तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# विश्वकर्मा प्रबुद्ध सम्मेलन एवं वरिष्ठ नागरिक अभिनन्दन समारोह संपन्न

- सत्ता में भागीदारी ही समाज के विकास की कुंजीः रामनरेश शर्मा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आजादी के आठ दशक बाद भी विश्वकर्मा समाज आपेक्षित प्रगति नहीं कर सका है जिसका मुख्य कारण विश्वकर्मा समाज की सत्ता में भागीदारी न होना है। क्योंकि सत्ता में भागीदारी ही किसी समाज के विकास की कुंजी है। उक्त विचार विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के केन्द्रीय संचालक रामनरेश शर्मा ने श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर हनुमंत धाम विसरात घाट, शाहजहांपुर में विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के तत्वावधान में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन व वरिष्ठ नागरिक



सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा एकीकरण अभियान समाज की सत्ता में संख्या बल के अनुरूप भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सतत् प्रयास रत है। जो कि विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के प्रमुख जेएन विश्वकर्मा जी का संकल्प है।

समारोह को केंद्रीय संचालक राम सुमिरन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता में भागीदारी के लिए विश्वकर्मा समाज के प्रत्येक परिवार से एक एक सदस्य को स्वयंसेवक के रूप अपना योगदान करना चाहिए। यही स्वयंसेवक विश्वकर्मा समाज की सत्ता में भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के शासकीय अधिवक्ता डॉ राजेश विश्वकर्मा ने कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए सभी को सतत् प्रयास करना चाहिए एक दिन में कोई बदलाव नहीं आता है इसके लिए हमें लगातार प्रयास करना चाहिए। समारोह को सहायक श्रमायुक्त विद्या प्रकाश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है जिसके लिए हमें अपने नौनिहालों को प्रेरित करना चाहिए। बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज को दिशा दे सकता है। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के पचहत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें राधारमण शर्मा, विजयपाल शर्मा, राम शरण शर्मा, छोटेलाल शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, रमेश कुमार शर्मा, रमाशंकर शर्मा, उमेश शर्मा, शिव चंद्र शर्मा, जयराम विश्वकर्मा, जगन्नाथ शर्मा को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र और सुंदर कांड की पुस्तिकाएं भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा यशवंत मैथिल, डॉ.प्रदीप वैरागी, सर्वेश शर्मा, डा सुधीर शर्मा, संत कुमार विश्वकर्मा, रामसेवक शर्मा राजेश शर्मा, श्रीनिवास शर्मा ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विश्राम शर्मा, नीरज शर्मा, संदीप शर्मा,राहुल शर्मा, ईश्वर चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, रामरतन शर्मा सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगन्नाथ शर्मा ने की तथा संचालन डी आर शर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के प्रदेश प्रभारी नरेश पांचाल ने अभियान की भूमिका और कार्यक्रम के उद्देश्य पर अपने विचार व्यक्त किये।

### गंगसरा में दिनदहाड़े दौड़ रहीं मिट्टी से भरी ट्रॉलियां, अवैध खनन पर उठे सवाल



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव गंगसरा में हाईवे पर दिन के उजाले में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां धड़ल्ले से दौड़ती नजर आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध खनन का काम खुलेआम किया जा रहा है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों की इस ओर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से शाम तक लगातार ट्रालियां मिट्टी भरकर हाईवे से गुजरती हैं, जिससे न केवल सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। भारी वाहनों की आवाजाही से राहगीरों और स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब यह सब कुछ दिन के उजाले में हो रहा है तो क्या संबंधित अधिकारियों की नजर इस पर नहीं पड़ती, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# क्षत्रिय महासभा की बैठक में मृत्युभोज और अन्पय कुरीतियों पर लगाई रोक

- 75 वर्ष से नीचे से उम्र के लोग की तेरहवीं पर पूर्णतः रोक

**अल्हागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत नगला हलू, थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में क्षत्रिय महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगला हलू की आयोजक कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शरदवीर सिंह रहे। उनके साथ ब्लाक प्रमुख पल्लव सिंह , अजय चौहान जिला पंचायत सदस्य तथा किसान यूनियन के प्अरदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी व क्षेत्र के अन्य सम्मानित नागरिक भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बैठक में समाज सुधार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें मृत्युभोज जैसी कुरीति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मृत्युभोज पर रोक लगाने का निर्णय लिया। वक्ताओं ने कहा कि मृत्युभोज से परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है और कई बार लोग सामाजिक दबाव में कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। इसके अलावा प्रेम विवाह पर रोक, लिव-इन रिलेशनशिप पर रोक, शादियों में फिजूल खर्ची पर रोक, दहेज प्रथा का विरोध, शराब व नशे की प्रवृत्ति पर रोक, शिक्षा के प्रति उदासीनता (आधुनिक शिक्षा), महिला शिक्षा को बढ़ावा, जमीन विवाद (पारिवारिक बंटवारा), छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रखना, आधुनिक समय के अनुसार उचित आयु में विवाह(लड़का ङ्क 24-28 वर्ष,




लड़की- 21-26 वर्ष) व व्हाट्सएप व फोन के माध्यम से समाज के व्यवहारिक कार्यक्रम स्वीकार किए जाएं। मुख्य अतिथि कुंवर शरदवीर सिंह ने अपने संबोधन में समाज को सादगी अपनाने और शिक्षा व सामाजिक विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए परंपराओं में समयानुकूल सुधार आवश्यक है। नरेंद्र सोमवंशी ने समाज को नशे से दूर रहने का आव्हान करते हुवे कहा कि शराब केवल एक पेय पदार्थ नहीं है, बल्कि यह अनेक सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं की जड़ बन चुकी है। नशे की लत व्यक्ति की सेहत को खराब करती है, परिवार की खुशियाँ छीन लेती है और समाज में अपराध तथा हिंसा को बढ़ावा देती है। शराब के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में फँस जाते हैं। मेहनत की कमाई नशे में खर्च हो जाती है, जिससे बच्चों की शिक्षा और घर की आवश्यकताएँ प्रभावित होती हैं। इसके साथ ही घरेलू हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएँ भी बढ़ती हैं। शराबबंदी का उद्देश्य केवल शराब पर रोक लगाना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण करना है। यदि सरकार के प्रयासों के साथ-साथ समाज और परिवार भी जागरूक बनें, तो हम नशामुक्त वातावरण तैयार कर सकते हैं। अंत में हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करेंगे। एक नशामुक्त समाज ही सच्चे विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है। बैठक के अंत में आयोजक कमेटी नगला हलू ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया और समाज में जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह, अजीत प्रधान, अशोक पत्रकार प्रधान, मुखिया प्रधान, रामहेत प्रधान, श्याम पाल फौजी, अनुपम सिंह कोयला, देवेंद्र सिंह दवीपुर, लाल सिंह वकील साहब चिलौआ, रामप्रताप सिंह, गोलू ठाकुर, सत्यवीर सिंह, शशि सिंह राठौड़ राजेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, हरिवंश सिंह, जगपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह भानू चौहान, संजय भदौरिया व इसके अलावा बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# सहकारिता को नया आधार, मोहनपुर ममरेजपुर में 26 गोदामों का लोकार्पण

- किसानों को एक छत के नीचे मिलेंगी सुविधाएं
- सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर ने किया लोकार्पण विपक्ष पर कसा तंज

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद शाहजहाँपुर के ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर में आज उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 250 एमटी क्षमता वाले एक केंद्रीय गोदाम, 100 एमटी क्षमता के 9 नवनिर्मित गोदामों तथा 16 नवीनीकृत गोदामों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में जो क्रांतिकारी परिवर्तन आया है, वह भाजपा सरकार में सहकारिता मंत्रालय की सक्रिय कार्यशैली के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मंत्री राठौर के नेतृत्व में सहकारिता विभाग से भ्रष्टाचार समाप्त करने और पारदर्शिता लाने का कार्य हुआ है, जिससे प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर गोदामों का निर्माण हुआ और किसानों को सीधा लाभ मिला है।

विधायक ने कहा कि इन गोदामों के बनने से किसानों को एक ही छत के नीचे खाद, बीज और कृषि दवाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही किसान अपनी उपज भी यहीं सुरक्षित रख सकेंगे। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की सराहना करते हुए कहा कि जब वे पीडब्ल्यूडी मंत्री थे, तब जनपद सहित प्रदेश में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया और ददरौल विधानसभा को प्रदेश की सबसे लंबी सड़क का तोहफा मिला। विधायक ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में 500 बेड के अस्पताल की मांग सरकार के समक्ष रखी है। मुख्य अतिथि जेपीएस राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही का नया स्तर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि जन धन योजना हो या किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं– अब लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस वक्तव्य का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि 100 रुपये भेजने पर लाभार्थी तक केवल 15 रुपये ही पहुंचते हैं, जबकि अब पूरी राशि सीधे खाते में ट्रांसफर होती है। उन्होंने दावा किया कि देश में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डीसीबी अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर सांसद अरुण सागर, एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, व्लाक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, महेश पाल सिंह ,प्रियांशु रघुवंशी, नामित दीक्षित,उपेंद्र पाल, उपेंद्र सिंह, डीडीओ ऋषि पाल, एडीओ पंचायत अरविंद शर्मा, ग्राम सचिव शिवानंद सिंह, विनीत चौधरी, शिवम अग्निहोत्री, आनंद प्रताप सिंह,अनिल सिंह मोहनपुर,आशीष सिंह आशु, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह,विजय चौहान,ग्राम प्रधान अजय प्रताप सिंह, पवन पाल ,सत्यम शर्मा, सौरभ सिंह, सरोज शुक्ला, बृजमोहन सिंह,भूरे दीक्षित, आनंद प्रताप सिंह पंकज ,पैक्सफेड उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह बॉबी सहित सैकड़ो सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंत्री जेपीएस राठौर ने प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा के मॉडल को बताया प्रेरणास्रोत



**कांट, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने काँट क्षेत्र के गंगानगर स्थित भाजपा नेता एवं प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा के कृषि फार्म पर पहुंचकर फ़किसान की पाठशाला ङ्ग खेत की बात, खेत परफ़ कार्यक्रम में सहभागिता की।मंत्री ने सबसे पहले कृषि फार्म का निरीक्षण कर आधुनिक तकनीक से की जा रही खेती की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने उन्नत बीज, आधुनिक सिंचाई पद्धति, फसल विविधीकरण और कम लागत में अधिक उत्पादन की प्रणाली की सराहना की। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि कौशल मिश्रा का खेती मॉडल प्रदेश के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। मंत्री ने कहा कि यदि किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और वैज्ञानिक तरीके से खेती करें तो कम लागत में अधिक आमदनी संभव है। उन्होंने किसानों को सहकारिता विभाग एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, फसल बीमा, कृषि ऋण, अनुदान एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और खेती से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की एवं काले आलू सहित विभिन्न प्रकार की सहफसली फसलों को देखा। मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के उपरांत सहकारिता मंत्री ने कौशल मिश्रा के आवास पर पहुंचकर सादगीपूर्ण वातावरण में भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## ओवररेट और कृत्रिम किल्लत से बाजार गर्म, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुवायां क्षेत्र के कई गांवों में पान मसाला, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों को लेकर बाजार में असामान्य स्थिति देखने को मिल रही है। आरोप है कि कुछ थोक विक्रेता जानबूझकर छोटे दुकानदारों को सीमित मात्रा में ही माल उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे कृत्रिम किल्लत का माहौल बन रहा है। इसका सीधा असर खुदरा बाजार और उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि मांग सामान्य होने के बावजूद सप्लाई नियमित नहीं मिल रही। मजबूरी में उन्हें ऊंचे दामों पर माल खरीदना पड़ रहा है, जिससे खुदरा कीमतों में भी बढ़ोतरी हो रही है। कई स्थानों पर निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आई हैं। सबसे गंभीर आरोप कर वसूली को लेकर लगाए जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### आशा कार्यकर्त्रियों का धरना जारी

**सिधौली, शाहजहांपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत चल रहे कार्यक्रम के बीच आशा कार्यकर्ताओं ने रविवार को बहिष्कार करते हुए धरना जारी रखा। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि विभिन्न मदों का मानदेय लंबे समय से बकाया है और अब तक उनके खातों में भुगतान नहीं पहुंचा है। जब तक बकाया राशि खाते में नहीं आएगी, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने का यह छटवां दिन है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि इससे पहले दो दिन वे जिला मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर गई थीं, लेकिन संतोषजनक आश्वासन न मिलने पर वापस आकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली परिसर में पुनः धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भुगतान में लगातार देरी से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने में विमला देवी, आलिया बेगम, कुसुमलता, मंजूदेवी, ममता देवी, संजूरानी, रामकली लक्ष्मी देवी, अनीता देवी, ओमकांति देवी सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। वहीं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जफर सैफी ने बताया कि यहां से भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है।

### जमीनी विवाद को लेकर भाई व भतीजों ने मिलकर चाचा की गोली मारकर की हत्या



**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** क्षेत्र के थाना गढ़िया रंगीन के गांव खमरिया में रविवार दोपहर करीब 2 बजे भाई एवं भतीजों ने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। भाई काफी समय से एक भतीजें के साथ शाहजहांपुर में रह रहे थे। रविवार को वह शिवरात्रि पर चार पहिया वाहन से गोगेपुर में जलाभिषेक करने के लिए आए थे। पहले वह अपने गांव खमरिया गए वहां से गांव के ही चार लोग गाड़ी में बैठ गए। खमरिया से कुछ आगे पहुंचने पर बाइक स्कॉर्पियो गाड़ी से आए दूसरे भाई व भतीजों नें उनकी गाड़ी में टक्कर मारी।जिसे गाड़ी खाई में गिर गई। जब वह गाड़ी से बाहर आय तो उनकी गोली मारकर हत्या कर दी अन्य लोगों को लोहे की राट से बुरी तरह मारा पीटा।जिन्हे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया हैं। जानकारी के अनुसार खमरिया गांव के वीरेश उम्र करीब 50 वर्ष बड़े भाई अवधेश के बेटे प्रशांत के साथ शाहजहांपुर में रहकर अपना कारोबार कर रहे थे।तीन वर्षों से खमरिया गांव में नहीं आए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे मृतक वीरेश के चचेरे भाई ने बताया प्रशांत पांच भाई है। चार भाई गांव में ही अवधेश के साथ रहते हैं। सब यही चाहते थे कि भाइयों को जमीन आदि बराबर का हिस्सा मिले। लेकिन वीरेश प्रशांत के पास रहकर सारा खर्च कर रहे थे। इसी बात को लेकर प्रशांत के पिता अवधेश व उसके चार भाई रंजिश मानने लगे। रविवार दोपहर करीब 2ः30 बजे जैसे ही वीरेश भतीजे प्रशांत व गांव के तीन अन्य लोगों के साथ गोगेपुर जल चढ़ाने के लिए निकले तो सामने से आई तर बस स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठे उनके भाई व भतीजों नें टक्कर मार दी।जिसे गाड़ी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जब वीरेश व उसका भतीजा प्रशांत बहाने लोग जान बचाकर गाड़ी से बाहर निकले तो सभी ने लोहे की राडो से बुरी तरह मारा पीटा।वहीं वीरेश के सिर में गोली मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सीओ ज्योति यादव ने मौके पर निरीक्षण किया। थाना प्रभारी को शीघ्र ही जांच कर घटना के आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए।

### होली की जगह को लेकर विवाद, दो पक्ष आये आमने-सामने



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के जमुही गांव में इस बार होलिका दहन की जगह को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों की बात सुनकर समाधान कराने के प्रयास किया। समाधान न होने पर अधिकारियों को सूचित कर पूरी जानकारी दी गई। रविवार एसडीएम सदर और तहसीलदार सहित पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच कर स्थान की नाप कराकर समस्या का समाधान करा दिया। रोजा के जमुही गांव में विगत वर्षो से जिस जगह पर होली रखी जाती थी। उस जमीन के पास अब एक ग्रामीण द्वारा अपनी जमीन पर मकान निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर कुछ लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया कि यह जमीन होली की है। होली की जमीन छोड़कर अपनी जमीन पर मकान बनाओ। जिस पर पुलिस ने पहुंच कर आगे वाली जगह पर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। उसके बाद भी विरोध शांत नहीं हुआ। समाधान न होने पर रविवार को एसडीएम सदर संजय कुमार पांडे और तहसीलदार सतेंद्र कटियार रोजा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लेखपाल से पूरी जानकारी ली। वही फीता डालकर चारों ओर जमीन नपवाकर होली की जगह को छुड़वाकर मकान मालिकों को उसी हद में निमार्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों को भीड़ लगी रही। वही अधिकारियों ने दो पक्षों को त्यौहार में व्यवधान डालने पर सख्त कार्यवाई की चेतावनी दी।

### कलीनगर में सरकारी भूमि पर कंपलेक्स बनने के प्रस्ताव के विरोध मे हंगामा



**पूरनपुर, पीलीभीत।** कलीनगर में सरकारी भूमि पर नगर पंचायत के द्वारा दुकानों के लिए कंपलेक्स बनवाने के प्रस्ताव को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा काटा। लोगों ने प्रदर्शन करते हुए नगर पंचायत के द्वारा उसी भूमि पर रजिस्ट्री ऑफिस और अस्पताल बनवाने की मांग की है। विरोध करने वाले ग्रामीणों का आरोप है कि कलीनगर में सुलभ शौचालय और आयुर्वेदिक अस्पताल है। ये दोनों काफी जर्जर हालत में है। सुलभ शौचालय और जर्जर अस्पताल के स्थान पर नगर पंचायत के द्वारा दुकानों के लिए कंपलेक्स बनवाने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। जो की बिलकुल गलत है । गांव में सरकारी अस्पताल और रजिस्ट्री ऑफिस बनने से लोगों को लाभ मिलेगा। जिसके लिए एक बैठक आयोजित की गई है बैठक में कली नगर में रजिस्ट्री ऑफिस और अस्पताल बनवाने की प्रशासन से मांग की गई है। चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती ने दुकानों के लिए कंपलेक्स बनाने का सुझाव अच्छा बताया जिसको लेकर पूर्व चेयरमैन सुनील कटियार के बीच जमकर तर्क वितर्क हुआ। बैठक में पूर्व चेयरमैन सुनील कटियार राजकुमार भोजवाल, राजेंद्र गुप्ता ऊर्फ बबलु, संजय गुप्ता, रामप्रकाश सक्सेना, नवीन सक्सेना, जीतू शर्मा, अशोक देवल, प्रवेश भारती, पवन जयसवाल साहित कई लोग मौजूद रहे

# धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

- हजारों की संख्या उमड़े श्रद्धालु, भारी संख्या में पुलिस प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष की भांति महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य शिव बारात धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक निकाली गई। शिव बारात का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शिव बारात में मनमोहक झांकियों ने सभी का मनमोह लिया। शिवभक्तों ने झांकियों की आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया। शिव बारात का शुभारंभ श्री गणपति महाराज के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर हुआ। इसके बाद शिव बारात ? कालेश्वर नाथ मंदिर सराय काइयां चौकी से प्रारंभ हुई जो पक्का पुल, दलेलगंज, चमकनी गाड़ीपुरा, पुत्तुलाल चौराहा, फत्तेहपुर चुंगी, निवाजपुर होते हुए मण्डी समिति आदि स्थानों पर भ्रमण करती हुई बाबा भोलेश्वर नाथ धाम बड़ा मन्दिर आदर्श नगर कालोनी रोजा में पहुंच कर सम्पन्न हुई। सम्पूर्ण बारात की शुरु से अन्त तक प्रक्रिया ठीकठाक रखने के लिये शिव सेवकों को नियुक्त किया गया। शिव बारात मे दर्जनों दिव्य देव झाँकियाँ नन्दी पर शिव, भूत प्रेत, बैण्ड भांगडा डीजे एवं हजारों भक्त साथ में रहे। शिव बारात में सबसे आगे सैनिक की तैनाती आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शिव पार्वती, नारद, विष्णु भगवान, सरस्वती, राधा कृष्ण, यमराज की झांकियां मौजूद थीं।

शिव जी की बारात का स्वागत श्री राम मन्दिर दलेलगंज व अन्य स्थानों पर पुष्प वर्षा कर किया गया। निवाजपुर में पूर्व प्रधान अरूण सिंह व मण्डी समिति मे लोगों ने बारात मे सजी झाँकियों पर पुष्प वर्षा की। उसके बाद शिव जी की बारात ने बाबा भोलेश्वर नाथ रोजा के लिये प्रस्थान किया। जहां बारात का भव्य स्वागत छोटे लाल गुड़वाले द्वारा किया गया। प्रशासनिक व्यवस्था मे सीओ, सिटी मजिस्ट्रेट के अलावा रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार, ऋकइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह, थाना प्रभारी रामचंद्र मिशन धर्मेन्द्र गुप्ता सहित पुलिस फोर्स, फायर ब्रिगेड, यातायात एवं होमगार्ड मौजूद रहे। व्यवस्थापक मन्नीलाल, रामसनेही पूर्व सभासद, सत्यनारायण ,श्री पाल,अरविंद दीक्षित पुल्लू,अनुराग, संजय ,रामशंकर, नरेश राठौर, संतोष शुक्ला, अरविंद दीक्षित आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

## छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला गंभीर

**शाहजहांपुर।** थाना पुवायां क्षेत्र के ग्राम भरतापुर में छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला अपने घर की छत पर मौजूद थीं। इसी दौरान एक बंदर उसकी साड़ी लेकर भाग रहा था गया। तभी महिला ने डंडे से उसे भगाने का प्रयास किया, इसी बीच अचानक डंडा छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गया। इससे तेज करंट की चपेट में आने से महिला दिनों हांथ गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही गिर पड़ी।घटना के बाद परिजन घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा खुदागंज, निकाली गई शिव बरात

- शिव बारात पुलिस की मुस्तैदी और पूर्व चेयरमैन के कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण संपन्न

**खुदागंज, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर खुदागंज नगर श्रद्धा, आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। भगवान शिव की भव्य एवं अलौकिक बारात पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई, जिसने नगरवासियों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई यह भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महादेवन मंदिर पर विधिवत संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

शिव बारात में सजे भोले बाबा के निराले दूल्हा स्वरूप ने सभी का मन मोह लिया। भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य स्वरूपों में सजे कलाकारों की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे पर बजते शिव भजनों पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी भक्ति भाव में झूमते नजर आए। जगह-जगह प्रसाद वितरण की सुंदर व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस विशाल और भव्य आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित रूप देने में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह का नेतृत्व विशेष रूप से सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन में आयोजन समिति ने सूक्ष्म योजना बनाकर व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी तन-मन-धन से सहयोग कर आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। नगरवासियों ने पूर्व चेयरमैन की सक्रियता, समर्पण और संगठन क्षमता की खुलकर प्रशंसा की। महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह उत्सव के रूप में मनाई जाती है, के उपलक्ष्य में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में दो दिन पूर्व से ही साफ-सफाई, सजावट एवं भव्य प्रकाश व्यवस्था का कार्य युद्ध स्तर पर कराया गया। मंदिरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजन-अर्चन के कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न हुए। अनेक स्थानों पर भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर पंचायत खुदागंज ने भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सभी मंदिरों और मुख्य मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया तथा चूने का छिड़काव कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा। उन्होंने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी की और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए। उपनिरीक्षक दिनेश यादव, उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक सुमित कुमार, उपनिरीक्षक बालक राम, उपनिरीक्षक उमेश कुमार, कांस्टेबल राहुल यादव ,कांस्टेबल गौरव शर्मा ,कांस्टेबल आलोक चौधरी ,कांस्टेबल चंद्रभूषण सिंह, सहित समस्त पुलिस बल ने विभिन्न स्थानों पर तैनात रहकर भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

# महाशिवरात्रि पर बंडा में निकाली गई भगवान शिव की बरात

- भक्तिमय वातावरण में डूब गया बंडा और हर ओर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को महाशिवरात्रि पर नगर में भगवान शिव की भव्य बारात बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। नगर के बंडा-बिलसंडा मार्ग स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई इस शिव बारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया और हर ओर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही शिव मंदिर परिसर में तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर को फूलों, झालरों और रंगीन लाइटों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, नंदी और शिवगणों की सुंदर झांकियां तैयार की गई, जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान शिव के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर करीब 1:00 बजे बंडा शिव मंदिर से शिव बारात का शुभारंभ किया गया। भगवान शिव की सजी-धजी झांकी को विशेष रथ पर विराजमान किया गया, जिसे नगर के मुख्य चौराहे से होते हुए निकाला गया। बारात में शामिल शिव भक्त ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। श्रद्धालु नृत्य करते हुए भगवान शिव के जयकारे लगा रहे थे, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। बंडा नगर शिव बारात के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सुनासिरनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। यहां भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक, बंडा इंस्पेक्टर प्रदीप राय पुलिस फोर्स के साथ पूरे समय मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरें ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। सीएचसी बंडा पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा के दिशा-निर्देशन में सुनासिर नाथ धाम पर चिकित्सीय कैम्प लगाने के साथ शिव बारात के दौरान मोबाइल टीम लगाई गई। महाशिवरात्रि पर दुकानदारों व समाजसेवी द्वारा फल, हलुआ, पूड़ी आदि प्रसाद वितरित के लिए स्टाल लगाएं गये।

## महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, जगह जगह चले भंडारे



**शाहजहांपुर।** रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में भव्य सजावट की गई। सुबह से ही दर्शन, पूजा के लिए शिवभक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया। शिवालयों पर भक्तों की कतार लगी रही। भोले की जय-जयकार की गूंज रही। बाबा विश्वनाथ मंदिर, बनखंडी नाथ मंदिर, बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर, देवस्थान, कबीरदान मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर शिव का गुणगान किया। इसी क्रम में महापौर अर्चना वर्मा ने परिवार समेत त्रिलोकी नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने अपनी बिटिया रानी के साथ सरकारी आवास पर स्थित शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाकर जलाभिषेक किया।

# पीलीभीत में बड़ा राजनीतिक उलटफेर, पूर्व मंत्री अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू ने थामा सपा का दामन

- अखिलेश यादव से की मुलाकात
- चुनाव में भाजपा पर सीधा असर पड़ने की जताई जा आशंका

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



राजनीति में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व मंत्री और पीलीभीत के प्रभावशाली नेता अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू ने आज समाजवादी पार्टी (सपा) ज्वाइन कर ली। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में फूल बाबू ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत कई अन्य नेता भी सपा में शामिल हुए, जिससे सपा का संगठन मजबूत होने का संकेत मिल रहा है।फूल बाबू ने कुछ समय पहले अखिलेश यादव से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके सपा में आने की अटकलें तेज हो गई थीं। आज उन्होंने औपचारिक रूप से साइकिल का झंडा थाम लिया। अखिलेश यादव ने नए सदस्यों का जोरदार स्वागत किया और कहा कि ऐसे कदम PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठजोड़ को और मजबूत करेंगे।

**पीलीभीत में सपा को क्या फायदा होगा:** पीलीभीत और आसपास के तराई क्षेत्र (बरेली, शाहजहांपुर आदि) में फूल बाबू का मजबूत प्रभाव है, खासकर अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों में। उनका सपा में शामिल होना पार्टी को इस क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती देगा। यहां सपा पहले से ही कुछ आधार रखती है, लेकिन फूल बाबू के आने से मुस्लिम वोटों पर पकड़ मजबूत हो सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे 2027 में पीलीभीत, बिसलपुर और आसपास की सीटों पर सपा को फायदा मिल सकता है, जहां बसपा का प्रभाव कमजोर हो रहा है। कुल मिलाकर, यह सपा के लिए तराई बेल्ट में रणनीतिक बढ़त साबित हो सकता है।

**फूल बाबू कौन हैं? उनका राजनीतिक सफरः** अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू पीलीभीत जिले के बीसलपुर कस्बे के रहने वाले हैं। वे करीब 58 वर्षीय हैं, ग्रेजुएट हैं और वॉलीबॉल के अच्छे खिलाड़ी भी रहे हैं। राजनीति उनकी विरासत है–उनके पिता शफी अहमद खान बीसलपुर नगर पालिका के दो बार अध्यक्ष रह चुके थे। 1989 में पिता के निधन के बाद फूल बाबू ने राजनीति की कमान संभाली।उनका प्रमुख राजनीतिक सफर बसपा से जुड़ा रहा, वे 1996, 2002 और 2007 में बीसलपुर विधानसभा सीट से बसपा के विधायक चुने गए (तीन बार विधायक)। मायावती सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री रहे। पीलीभीत लोकसभा से भी बसपा के उम्मीदवार रह चुके हैं।फूल बाबू का प्रभाव मुख्य रूप से पीलीभीत, बरेली और तराई क्षेत्रों में रहा है, जहां वे अल्पसंख्यक समुदाय के कद्दावर चेहरे माने जाते हैं। बसपा से अलगाव के बाद अब वे सपा में शामिल होकर नई राजनीतिक राह पर हैं। यह बदलाव यूपी की सियासत में PDA vs BJP के समीकरण को प्रभावित कर सकता है।

## अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिधौली ,शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव मुर्छा निवासी अनिल दीक्षित की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अनिल दीक्षित की पत्नी ललिता दीक्षित, जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, अपने भतीजे के यज्ञोपवीत कार्यक्रम के दौरान मंदिर पूजा के लिए जा रही थीं। प्राथमिक विद्यालय के पास काले रंग की बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर झपट्टा मारकर कान की झुमकी नोच ली। एक बदमाश काली जैकेट पहने था, जबकि बाइक चला रहा युवक हरे रंग की शर्ट में था। घटना के बाद दोनों आरोपी बाइक से शाहजहांपुर या पुवायां की ओर फरार हो गए। परिजनों ने पीछा किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं कनाडा

कनाडा अक्सर पंजाबियों और दुनिया भर के कई अन्य लोगों के लिए एक पसंदीदा विकल्प के रूप में देखा जाता है। हर पृष्ठभूमि के लोग वहां बसने का सपना देखते हैं। फिर भी, बहुत कम लोग इस बात को मानते हैं कि कनाडा भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं है। इस दृष्टि से, यह काले धन के लिए एक सुरक्षित स्थान साबित हो सकता है। इस देश को अक्सर मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी के लिए सबसे कम विनियमित स्थानों में से एक बताया जाता है। यह चिंता राजनीति में भी झलकती है। कनाडा ने वर्षों से खालिस्तानी हस्तियों को शरण दी है। कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि देश खालिस्तान आंदोलन के समर्थकों को शांतिपूर्ण वकालत, विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक भाषण में भाग लेने की अनुमति देता है और ये कार्य कनाडाई मानवाधिकार चार्टर के तहत संरक्षित हैं। लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि कनाडा में व्यक्तियों के प्रति पुलिस भ्रष्टाचार बहुत अधिक है लेकिन वे इसे खुलकर सामने नहीं आने देते। वे आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने से इंकार करके, कॉल और संदेशों का जवाब देने से इंकार करके और व्यवस्था में न्याय की मांग करने वाले लोगों की अनदेखी करके अपने भ्रष्टाचार का प्रदर्शन करते हैं। इसी वजह से कनाडा में जबरन वसूली और गोलीबारी की घटनाओं से जूझ रहे लोगों के बीच पिछले एक दिन में भ्रष्टाचार और संगठित अपराध से संबंध रखने के आरोप में टोरंटो के 7 पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। कुछ पुलिस अधिकारियों के इस तरह के भ्रष्ट चरित्र के खुलासे से जनता का पुलिस पर भरोसा बुरी तरह से टूटेगा। इन भ्रष्ट अधिकारियों पर संगठित अपराध सरगनाओं को सूचना लीक करने, रिश्वत लेने, दस्तावेज चुराने, मादक पदार्थों की तस्करी में सहायता करने, उन्हें संरक्षण देने, विश्वासघात करने और आपराधिक षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप है। कनाडा में अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भ्रष्टाचार जांच में जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उनमें 1 या 2 ऐसे अधिकारी भी शामिल हैं जिनका पिछला रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है लेकिन इसके बावजूद वे पुलिस बल में तैनात रहे। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह आम बात हो गई है। कनाडा में ऐसा कोई अपराध नहीं है जिसमें भारतीय पंजाबी शामिल न हों, कार चोरी, यातायात नियमों का उल्लंघन, धमकी देकर जबरन वसूली, गोलीबारी, सेंधमारी, आव्रजन धोखाधड़ी और अब एक पंजाबी पहचान वाला अधिकारी, कांस्टेबल। सौरभजीत बेदी और दिलजीत सिंह नामक अन्य व्यक्ति भी इन गतिविधियों में शामिल हैं। ये सब बिना किसी मिलीभगत या अपराध के कैसे हो सकता है, चाहे वे किसी भी विभाग में कदम रखें। गिरफ्तार अधिकारियों द्वारा अपराधियों को दी गई सूचनाओं के कारण कई स्थानों पर गोलीबारी और जबरन वसूली की घटनाएं भी घटी हैं। पुलिस इतिहास के रिकॉर्ड बताते हैं कि आधुनिक पुलिस व्यवस्था के संस्थापक सर रॉबर्ट पील ने 1829 में लंदन मैट्रोपॉलिटन पुलिस बल की स्थापना करते समय कहा था कि पुलिस ही जनता है और जनता ही पुलिस है। उनका तात्पर्य यह था कि पुलिस को प्रभावी बनाने के लिए जनता का विश्वास और सहयोग जीतना पहली शर्त है। लेकिन नागरिकों के लिए प्रभावी पुलिसिंग के इस मूल सिद्धांत को एक बड़ा झटका लगा है। 1995 से 2005 के बीच आर.सी.एम.पी. द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ की गई जांच के दौरान, 204 अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी पाया गया। 2014 में, मॉन्ट्रियल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रोबर्ज को नस्लवादी गिरोह हेल्स एंजल्स से संबंध रखने के आरोप में 8 साल की जेल की सजा सुनाई गई। 2022 में, ओंटारियो टोइंग उद्योग के खिलाफएक आपराधिक जांच के दौरान 6 प्रांतीय पुलिस अधिकारियों को दोषी पाया गया। 2024 की एक घटना में, आर.सी.एम.पी. के खुफिया अधिकारी कैमरून ऑर्टिज को सरकारी जानकारी लीक करने और विभाग के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। पुलिस व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए, सरकार और पुलिस प्रशासन की यह पहली जिम्मेदारी है कि वे वर्तमान जबरन वसूली और बर्खास्तगी के संकट का तुरंत समाधान करें और संतोषजनक परिणाम प्रदान करें, साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ समय पर कार्रवाई और अनुकरणीय दंड सुनिश्चित करें।

# बांग्लादेश की बदली राजनीतिक दिशा : भारत के सामने अवसर और अनिश्चितताएँ

*डॉ. प्रियंका सौरभ*



**बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत–बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू–राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप–क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए। विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णत: अवसर–प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारत–बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है।**

बांग्लादेश के हालिया आम चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद राजनीति में लौटे तारिक रहमान ने अपनी माँ और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को दो-तिहाई से अधिक सीटें दिलाईं। यह जीत न केवल चुनावी सफलता है बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में सत्ता संतुलन के व्यापक पुनर्संयोजन और नए राजनीतिक दौर की शुरुआत का संकेत भी है। भारत के लिए यह परिणाम अवसरों के साथ-साथ कई रणनीतिक अनिश्चितताएँ भी लेकर आया है, जिनका प्रबंधन आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा।

पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय तक बांग्लादेश की राजनीति पर अवामी लीग और शेख हसीना का वर्चस्व रहा। इस अवधि में स्थिरता, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के साथ-साथ सत्ता के केंद्रीकरण, विपक्ष के दमन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के आरोप भी लगातार लगते रहे। लंबे समय तक एक ही राजनीतिक धारा के प्रभुत्व ने मतदाताओं में प्रशासनिक थकान और परिवर्तन की आकांक्षा को जन्म दिया। बीएनपी की जीत को इसी व्यापक जन-असंतोष और राजनीतिक विकल्प की तलाश के परिणाम के रूप में देखा जा सकता।

तारिक रहमान लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीति में एक प्रभावशाली किंतु विवादास्पद चेहरा रहे हैं। निर्वासन काल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और कट्टरपंथी तत्वों से संबंधों जैसे आरोप लगे, जिनके कारण उनकी छवि धूमिल हुई। हालांकि दिसंबर 2025 में लंदन से स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने पार्टी संगठन का पुनर्गठन किया, युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया और जमीनी स्तर पर जन आंदोलन को पुनर्जीवित किया। निर्वासन काल के अनुभवों को उन्होंने राजनीतिक पूंजी में बदला और बीएनपी को चुनावी रूप से पुनर्स्थापित किया। इस संदर्भ में यह जीत केवल पारिवारिक विरासत का विस्तार नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्संयोजन, संगठनात्मक अनुशासन और बदलते राजनीतिक यथार्थ को समझने की क्षमता की सफलता भी मानी जा रही है।

बीएनपी ने 13वें आम चुनाव में आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और अल्पसंख्यक सुरक्षा को अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में प्रस्तुत किया। बेरोज़गारी, महँगाई और शासन में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को गहराई से प्रभावित किया। पार्टी ने अपनी पारंपरिक कट्टरपंथी छवि से दूरी बनाने का प्रयास किया और हिंदू समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। यह जनादेश इस बात को रेखांकित करता है कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व और प्रशासनिक थकान के बाद मतदाताओं ने परिवर्तन को प्राथमिकता दी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता परिवर्तन ने यह भी संकेत दिया कि बांग्लादेशी समाज स्थिरता के साथ-साथ उत्तरदायी शासन की अपेक्षा रखता है।

भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001-06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से ग्रीन सिग्नल देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है।

आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है। बांग्लादेश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारतीय निवेश के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। अल्पसंख्यक हितों की रक्षा को लेकर बीएनपी की सार्वजनिक प्रतिबद्धता भारत की सामाजिक और राजनीतिक चिंताओं को कुछ हद तक कम करती है।

इसके बावजूद अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं। बीएनपी पर कट्टरपंथी तत्वों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगते रहे हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की भूमिका को लेकर सतर्कता आवश्यक है। तारिक रहमान पर लगे पुराने भ्रष्टाचार आरोप, पाकिस्तान के साथ कथित संबंध और हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवाद से जुड़े जोखिम भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होती तो द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित हो सकता है।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है।

ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए। विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है।

तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है। यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# विविधता की खेती का जवाब नहीं

*डॉ. अजीत रानाडे*

इन दिनों खेतों में रबी की फ़सलें लहलहा रही हैं। हरे-भरे खेत हैं। मुझे याद आ रही है, सतपुड़ा अंचल की, जहां एक जमाने में चने की खेती बहुतायत में होती थी। चना, बिना सिंचाई या बहुत कम पानी की फ़सल है, जिसे किसान उगाते थे। आज जब खेती का अभूतपूर्व संकट है, तब ऐसी देसी खेती को याद जरूरी है, जिसमें कम पानी, कम लागत और मिट्टी की उर्वरता बनी रहे। इसी प्रकार, सतपुड़ा अंचल में मिश्रित खेती की एक पद्धति है उतेरा, जिसमें कई फ़सलें एक साथ बोते हैं। आज इस कॉलम में इस पर बात करना चाहूंगा, जिससे खेती को समग्रता में समझा जा सके।

नर्मदापुरम जिला ( पूर्व में होशंगाबाद जिला) भौगोलिक रूप से दो भागों में बंटा है। एक है सतपुड़ा की जंगल पट्टी। दूसरा है नर्मदा का कछार। नर्मदा कछार मैदानी इलाका है, जहां अच्छी उपजाऊ मिट्टी है। जंगल पट्टी में प्रायरू सूखी और असिंचित खेती होती है। जबकि नर्मदा के कछार में तवा की नहरें हैं। कछार की जमीन काफी उपजाऊ मानी जाती है। यही काली मिट्टी की जमीन में चना अच्छा होता है। बिना सिंचाई के चना की खेती होती है। दीपावली के समय बारिश की नमी में ही चना को बोया जाता है, और होली के पूर्व ही चना कटाई हो जाती है। मुझे याद है, मैं अपने परिवारजनों के साथ खेत में चना का होउरा ( भुना चना) खाने के लिए जाया करता था। कई बार मेहमानों व अतिथियों को भी चना का होउरा खिलाने खेत भी ले जाते थे। यह अतिथियों का आत्मीय स्वागत करने का भी एक तरीका होता था। होउरा को भूनकर रख लिया जाता था, और जब भी जरूरत होती थी, उसे खाते थे। यह एक तरह का ड्राई फूड होता था। हमारे यहां गेहूं और चना दोनों को मिलाकर आटा पिसाने का चलन है। इसे बिर्रा कहते थे। इसकी रोटी बहुत ही पसंद की जाती हैं। यह रोटी बिना सब्जी की भी बहुत अच्छी लगती है। बुजुर्ग लोगों को बिर्रा की रोटी आज भी याद है। चने का सत्तू तो बहुत प्रचलन में था। सत्तू में गुड़ मिलाकर खाते थे। इसे यात्राओं में या गर्मी के दिनों में बड़े चाव से खाया जाता था। यह भी ड्राई फूड का एक प्रकार है। देशी बीजों के जानकार व पदमश्री से सम्मानित बाबूलाल दाहिया बताते हैं कि चने की भाजी बहुत अच्छी स्वादिष्ट होती है। इसकी सब्जी बनाई जाती है, और इसकी कोपलों को ऐसे ही अचार के साथ भी खाया जाता है। जब चने में भरे दाने हो जाते हैं, तो होउरा (भुना हरा चना) भी भूनकर खाते हैं। इस तरह ज्वार की रोटी और कोदो के चावल के साथ 3 माह तक चने की भाजी खाई जाती थी। चना के दाने भरे होने पर भी इसकी सब्जी बनाई जाती है। चना की दाल और बेसन से तो कई व्यंजन बनाए जाते हैं।

सतपुड़ा की जंगल पट्टी में परंपरागत खेती की पद्धति प्रचलित है जिसे उतेरा कहा जाता है। यह छत्तीसगढ़ की उतेरा पद्धति से भिन्न है। यह मिश्रित पद्धति की खेती है। इसमें 6-7 प्रकार के अनाजों को मिलाकर बोया जाता है। इस अनूठी पद्धति में ज्वार, धान, तिल्ली, तुअर, समा, कोदो मिलाकर बोते हैं। एक साथ सभी बीजों को मिलाकर खेत में बोया जाता है और बक्खर चलाकर पेंटा लगा देते हैं। फ़सलें जून में बोई जाती हैं लेकिन अलग-अलग समय में काटी जाती हैं। पहले उड़द, फिर धान, ज्वार और अंत में तुअर कटती है। कुटकी जल्द पक जाती है। इसमें किसी प्रकार की लागत नहीं है। खुद की मेहनत, बैलों का श्रम और बारिश की मदद से हमारी फसल पक जाती है। हर साल हम अगली फ़सल के लिए बीज बचाकर रखते हैं और उन्हें खेतों में बो देते हैं। हमारे पास बैल हैं जिनसे हम खेतों की जुताई करते हैं। मवेशियों से हमें गोबर खाद मिलती है जिससे हमारे खेतों की मिट्टी उपजाऊ बनती है। उतेरा से पूरा भोजन मिल जाता है। दाल, चावल, रोटी और तेल सब कुछ। इसमें दलहन, तिलहन और मोटे अनाज सब शामिल हैं। इन सबसे साल भर की भोजन की जरूरतें पूरी हो जाती है। मवेशियों के लिए चारा और मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए जैव खाद मिल जाती है। यानी उतेरा से इंसानों के लिए अनाज, मवेशियों के लिए फसलों के ठंडल, भूसा और चारा, मिट्टी के लिए जैव खाद और फसलों के लिए जैविक कीटनाशक प्राप्त होते हैं।

इस पद्धति में कई फसलें एक साथ बोने से पोषक तत्वों का चक्र बराबर बना रहता है। अनाज के साथ फलियों वाली फसलें बोने से नाइट्रोजन आधारित बाहरी निवेशों की जरूरत कम पड़ती है। द्विदलीय फसलों की यही विशेषता है। उतेरा पद्धति के बारे में किसानों की सोच यह है कि अगर एक फसल मार खा जाती है तो उसकी पूर्ति दूसरी फसल से हो जाती है। जबकि नकदी फसल में कीट या रोग लगने से या प्राकृतिक आपदा आने से पूरी फसल नष्ट हो जाती है जिससे किसानों को नुकसान होता है। मिश्रित और मिलवां फ़सलें एक जांचा परखा तरीका है। इसमें फ़सलें एक दूसरे को फायदा पहुंचाती हैं। यह उतेरा खेती, बिना सिंचाई वाले इलाकों में प्रचलन में थी। अब भी कुछ जगह होती है। उतेरा को सतगजरा भी कहते हैं। सतगजरा की तरह नवदान्या, उत्तराखंड की बारहनाजा जैसी कई पद्धतियां देश भर में प्रचलित हैं। हालांकि इनमें कई कारणों से कमी आ रही है। इसी प्रकार, कुछ साल पहले हर घर में बाड़ी होती है जिसमें उतेरा की ही तरह मिलवां फ़सलें हुआ करती थीं। बाड़ी में घरों के पीछे कई तरह की हरी सब्जियां और मौसमी फ़ल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न ही खाद। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। लेकिन इन सबमें कई कारणों से कमी आ रही है। सब्जी बाड़ी की परंपरा छत्तीसगढ़ में अब भी देखने को मिलती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत जन स्वास्थ्य सहयोग नामक संस्था ने बच्चों की फुलवारी (एक तरह का झूलाघर) में सब्जी बाड़ी लगाने को प्रोत्साहित किया है, जिससे बच्चों की ताजी खिचड़ी व भोजन में हरी ताजी सब्जियां शामिल होती हैं।

इसी प्रकार, आजकल देश के कई हिस्सों में आंगनबाड़ियां व स्कूलों में सब्जियां उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो सराहनीय पहल है। इससे बच्चों में पेड़-पौधों की जानकारी, जैव विविधता और पर्यावरण से जुड़ाव बनेगा। भोजन में विविधता भी होगी। कुल मिलाकर, विविधता की खेती हर दृष्टि से उपयोगी है। यह परंपरागत खेती खाद्य सुरक्षा, मिट्टी-पानी के संरक्षण, पशुपालन में मददगार, जैवविविधता व पर्यावरण का संरक्षण सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। जलवायु बदलाव के दौर में यह और भी उपयोगी है, अगर एक फ़सल कमजोर होती है, तो दूसरी से मदद मिल जाती है। प्रकृति में सहअस्तित्व का भी यह बहुत ही अच्छा तरीका माना जा सकता है। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

## साहित्य



### गजब की चोरियां..!

**संजय एम तराणेकर**

छत्तीसगढ़ में हो रहीं हैं गजब की चोरियां,
इस दुनिया में ना जाने क्या-क्या हो रिया।
एक ऐसी चोरी के सुन आप चौंक जाएंगे,
ऐसा भी होता है हँसने से ना रोक पाएंगे?

कोरबा में 40 साल पुराना लोहे का पुल,
यहाँ चोरी रातों-रात हुई बत्ती हो गई गुल।
1 दिन पूर्व हसदेव नदी की नहर से गुजरे,
सुबह आए 30 टन वजनी पुल ढूंढे नज़रें।

चोरों ने गैस कटर से पुल काटकर चुराया,
कमाल की बात ये है कोई भी नहीं धराया।
इस चोरी के पीछे एक कबाड़ी का हाथ है,
यारों ऐसे भी होता है बड़ी अजीब बात है।
*(संदर्भ-रातों रात पुल चुराकर ले गए चोर)*



# राशिफल

**मेषः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। नई व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

# बम भोले की बम-बम

*हृदयनारायण दीक्षित*

भारत के लोग देवों को भी धरती पर बुलाते रहते हैं। ईश्वर भी धर्म संस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भारत देवभूमि है। भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। जहां-जहां आभा, प्रभा, सुभा और दिव्यता वहां-वहां देवता। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। भारत के कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। वे इसी क्षेत्र को शिव उपासना का मूल केन्द्र बताने की गलती करते हैं। मार्क्सवादी चिन्तक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।

शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर ने शर शैय्या पर लेटे भीष्म से तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, शिव गुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इन्द्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरूष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है। संप्रति महाशिवरात्रि उत्सवों में भारत सहित एशिया के बड़े भूभाग में बम भोले की बम-बम है। शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। सत्य आराध्य है। लेकिन शिव सत्य आनंददाता हैं। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव अखिल ब्रह्म की ऊर्जा हैं। इस ऊर्जा प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने बहुत भड़काया- पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर? शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु। शिव ही सभी रूपों में प्रकट होकर रूप-रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में जब तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः। मन करता है कि प्रश्न पूछूं शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन अपना प्रश्न वापस भी लेता हूं। शिव तप का पुरूस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। वैदिक ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां-औषधियां उगती हैं, खिलती हैं, खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन की मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं, बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार और शिवरात्रि प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। काशी बहुत जाता हूं लेकिन मंदिर दर्शन बहुत पहले एक बार ही हुआ। मैंने समूची काशी में शिव चैतन्य पाया है। मैं कर्मकाण्डी हूं नहीं। योग, तप से परिचित नहीं लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं।

शिव सभी कालों में हैं। काल के परे भी हैं लेकिन भारत के मन में वे पार्वती के साथ हैं। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दायीं आंख में ही काजल लगाया था, वह बाईं आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती-शिव जगत् के माता-पिता हैं। विवाह के बाद सभी देवों ने शुभकामनाएं दीं।

कालिदास जैसे प्रत्यक्षदशः बराती थे-शिव बारात के। उनकी अनुभूति में भारत का मन-दर्पण प्रकट हुआ है। सूरदास भी श्रीकृष्ण की बरात में गाना चाहते थे-सूरदास होई कुटिल बराती गीत सुमंगल गइहौं। अजब अंतर्विरोध, सुमंगल गीत लेकिन कुटिल बराती। हम शिव भक्त कांवड़ियों को दूर से ही देखते आए हैं। हम भी शिवार्चन उत्सवों में कुटिल आस्तिक की तरह दूर से सम्मिलित होते रहे हैं। मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि और सावन के सोमवारों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है। भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरा-पूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरितमानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना, सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र तत्र सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। सोम और चन्द्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दायां नेत्र है और बायां चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चन्द्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब शिवार्चन की शुभ मुहूर्त बनती है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास। लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। बसंत हहराता है तब क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। शिवरात्रि आती है। वायु सुकुमार लज्जाशील नायिका की तरह बहती है।

मनुष्य सुगंध प्रिय है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं। लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में जो रूद्र है, वही शिव भी है। त्रिशूल उनका हथियार।

सोचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। लेकिन सोचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। सोम ओम की यारी पुरानी है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था त्र्यम्बक रूद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। मैं भी डंठल से चिपका हुआ पका फल हूं। शिव निर्णय लें कि हमें कब संसार से मुक्त करना है? शिव को ओम् के साथ नमस्कार है-ओम नमः शिवाय।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### दलित युवक ने मजदूरी मांगने पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद/हरदोई।** कोतवाली छेत्र के ग्राम मगियावा निवासी दलित युवक ने ऐगवा निवासी दो लोगों पर मजदूरी के पैसे मांगने पर जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जाँच शुरू की है। पीड़ित कुलदीप पुत्र प्रेमन के अनुसार वह मजदूरी करता है इमरान निवासी ऐगवा और सलमान निवासी लोनी के साथ वह पुताई का कार्य करने शाहजहाँपुर गया था। जिसमे 36 दिन की मजदूरी छह सौ रोज के हिसाब से उसके इक्कीस हजार छह सौ रूपए आरोपियों पर बाकी थे जिसमे उन्होंने उसे 7600 रूपए दे दिए शेष चौदह हजार रूपए देने में आरोपी आना कानी कर रहे थे।14 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे दोनों आरोपी उसे आंझी स्टेशन पर मिले। उसके द्वारा अपने मजदूरी के पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसे जातिसूचक गाली गलौज करते हुए लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया और भविष्य में पैसे मांगने पर जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर जाँच शुरू कर दी है।

### युवक लापता गुमशुदगी दर्ज



**शाहाबाद/हरदोई।** कोतवाली छेत्र के मोहल्ला खलील निवासी युवक के लापता होने के मामले में पीड़ित भाई की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला खलील निवासी नन्हे पुत्र शिवचरन के अनुसार उसका 30 वर्षीय भाई महेश मजदूरी आदि करता था। 11 फरवरी की शाम को घर से बिना बताये कहीं चला गया। परिजनों ने उसे काफ़ी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### उप निरीक्षक रामशरण सिंह के नेतृत्व में महिलाओं को किया गया जागरूक



**सवायजपुर/हरदोई।** हरदोई की सवायजपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत क्षेत्र के सदुल्लीपुर गांव में रविवार को नारी सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति प्रभारी निरीक्षक रामशरण सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इसमें घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम संबंधी अपराध, महिला मिशन शक्ति केंद्र और यातायात नियमों की जानकारी दी गई उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, वुमेन पावर हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 और स्वास्थ्य सेवा 102 शामिल हैं इसके अतिरिक्त, सरकार की लाभकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर पंपलेट भी वितरित किए गए उपस्थित लोगों से उनकी समस्याएं पूछी गई और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति प्रभारी निरीक्षक रामशरण सिंह, महिला आरक्षी, महिला आरक्षी नाजमा खातून, अंशु यादव के साथी भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### पेशी पर आये पैरोकार ने विपक्षी पर लगाया मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** पेशी पर आए पैरोकार ने विपक्ष मुकदमा के युवकों पर न्यायालय से बाहर खींच कर लात-घूसो से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित कोतवाली छेत्र के मोहल्ला मौखैल निवासी इकतेदार खां पुत्र मुस्तफ़ा खां के अनुसार वह 13 फरवरी को नायब तहसीलदार के न्यायालय में चल रहे भूमि विवाद रफत खां आदि बनाम इतेजा खां में तारीख पर अपने पक्ष की पैरवी करने आया था। विपक्षी कौसर जहां के सहयोग से आरिस और आकिब पुत्रगण अजहर मसूद खां ने उसे न्यायालय से बाहर खींचकर लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया और कचहरी से बाहर आने पर जान से मार डालने की धमकी दी। घटना के समय गवाह मुकदमा मौखैल निवासी सोएब खां पुत्र मुर्तजा खां मौजूद था। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी में भी घटना कैद है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। आरोपी आरिश ने भी पीड़ित के विरुद्ध गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई है।

### पुलिस ने लापता युवती को बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार


**हरदोई।** लोनार पुलिस ने थाना छेत्र से बहला फुसलाकर ले जाई गयी युवती के मामले में आरोपी को घटना में प्रयुक्त कार और मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया है। प्राप्त विवरण में 15 फरवरी को वादी द्वारा थाना लोनार पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। थाना लोनार के एस आई वरुण शुक्ला और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये रितेश पाल पुत्र नरेन्द्र पाल निवासी बाबा मरिचा चौहान थोक कोतवाली शहर को 2 अदद मोबाइल (घटना में प्रयुक्त) व 1 अदद कार (घटना में प्रयुक्त) सहित गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया गया।

### ब्रह्मकुमारी का शिवरात्रि महोत्सव शिव ध्वजारोहण के साथ निकाली शोभायात्रा



**उरई (जालौन)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तुलसी नगर स्थित सेवा केंद्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव ध्वजारोहण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नारायण दास जी उपस्थित रहे, जिन्होंने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान परमात्मा का संदेश लिखे गैस गुब्बारों को आसमान में उड़ाया गया, ताकि आध्यात्मिक संदेश जन-जन तक पहुंचे। सांसद नारायण दास जी ने कहा कि शिवरात्रि वास्तव में बुराइयों को समाप्त करने का पावन अवसर है और सभी को अपने जीवन से दुर्गुणों को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्माकुमारीज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण द्वादश ज्योतिर्लिंग, लक्ष्मी-नारायण की झांकी, शिव-शंकर की झांकी एवं कलश यात्रा रही। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेकर वातावरण को शिवमय बना दिया। शोभायात्रा में अजय एल्ड्रिच स्कूल के प्रतिनिधि, संतोष भाई, गोपाल जी पटेल, रामस्वरूप पाठक, रामगोपाल दीक्षित, सुशील गुप्ता, राजू भाई सहित करीब ढाई सौ लोग शामिल हुए। संस्था की ओर से बताया गया कि परमात्मा का संदेश है जीवन में भांग, धतूरा और बेल-पत्र के समान निरर्थक तथा दूसरों को दुःख देने वाली बुराइयों को शिव को अर्पण कर अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानें। नर से श्री नारायण और नारी से श्री लक्ष्मी समान गुणों को धारण करने का दिव्य कर्म करें।

### अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बच्चों को वितरित किये फल



**चरखारी/महोबा।** नगर के मोहल्ला रूपनगर, खंदिया में अम्बेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में निरंतर संचालित निःशुल्क अम्बेडकर पाठशाला में शिवरात्रि के अवसर पर बच्चों को फल वितरण किया गया और शिवरात्रि पर्व की जानकारी दी गई। इस मौके पर फाउंडेशन के डायरेक्टर इन्द्र कुमार एवं कुलदीप साहू हजारी उप सचिव, व अनिल कुशवाहा अध्यक्ष,रवि यादव प्रबंधक,रामदयाल रैकवार,शिवम शुक्ला उपस्थित रहे इस मौके पर रवि यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व भगवान शिव की पूजा और आराधना के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से सुख-समृद्धि आती है व वहीं अनिल कुशवाहा ने बताया कि चरखारी नगर में यह निःशुल्क पाठशाला 6 वर्षों से निरंतर संचालित है इस पाठशाला में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के बच्चों प्रतिदिन 2 घंटे शिक्षा,सेवा,संस्कार की पाठशाला संचालित होती है साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं कम्पटीशन की तैयारी करने वाले विद्यार्थी भी इस पाठशाला लाइब्रेरी में पढ़ते है इस मौके पर पाठशाला संचालक मनीष कुमार,एवं शिवम शुक्ला ने बच्चों को पेन वितरित किए, सोहित राम तिवारी, शिवांशु , हरिओम, आदर्श, नैतिक सहित छात्र छात्राएं बच्चे मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रिः सुरक्षा को लेकर एसपी ने किया सकाहा शिव मंदिर का भ्रमण

▸ सुनासीर मंदिर पहुंचे एएसपी पूर्वी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम सकाहा स्थित शिव मंदिर पहुँच कर सुरक्षा व्यबस्था का जायजा लिया।वहीं एएसपी पूर्वी सुबोध कुमार गौतम ने मल्लावा थाना छेत्र के सुनासीर शिव मंदिर पहुँच कर सुरक्षा व्यबस्था की हकीकत जानी।

आपको बता दें सकाहा और मल्लावा के सुनासीर शिव मंदिरों पर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर हजारों की संख्या में शिव भक्त पूजन अर्चन के लिए आते हैं। जिस कारण दोनों मंदिरों पर भक्तों की भीड़ की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन कई दिनों पूर्व से तैयारी में लगा था। रविवार को पुलिस अधीक्षक श्री मीणा सुरक्षा व्यबस्था का जायजा लेने सकाहा मंदिर पहुंचे। उन्होंने शिव भक्तों के बनाई गयी बैरिकेटिंग सहित मंदिर और मंदिर जाने वाले रास्ते का निरिक्षण कर अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मल्लावा थाने के सुनासीर शिव मंदिर में दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम ने शिव मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए।

### हरदोई में भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना के मध्य निकली भक्त प्रहलाद की शोभा यात्रा

**हरदोई।** होली के पावन और उल्लासमय अवसर पर प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति के तत्वावधान में भक्त प्रहलाद जी की प्रथम भव्य शोभा यात्रा दिव्यता, आस्था और सांस्कृतिक गरिमा के अनुपम समन्वय के साथ संपन्न हुई। आवास विकास कॉलोनी स्थित सामुदायिक पार्क से वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और श्रद्धा के पवित्र अनुष्ठानों के मध्य प्रारंभ हुई इस शोभा यात्रा का शुभारंभ काशी विश्वनाथ से पधारे पूज्य डमरू बाबा तथा समिति के सचिव शत्रुघ्न द्विवेदी के करकमलों द्वारा हुआ। भक्त प्रहलाद की सुसज्जित एवं मनोहारी झांकी, भजन-कीर्तन की मधुर स्वर-लहरियां और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मंगलध्वनि से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। नगर के प्रमुख मार्गों से प्रवाहित होती यह शोभा



यात्रा मानो श्रद्धा की एक सजीव सरिता बनकर जनमानस के अंतर्मन को पावन करती चली गई।श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अपनी अगाध आस्था और समर्पण का भावपूर्ण प्रकटीकरण किया।

आयोजक शिवम् द्विवेदी ने इस आयोजन को सनातन परंपरा के पुनर्जागरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सतयुग के पश्चात कलयुग में इस प्रकार की शोभा यात्रा का यह प्रथम आयोजन है। इस पावन अवसर पर एडवोकेट कुमुदनी देवी तिवारी, समिति की कोषाध्यक्ष समता शर्मा (एडवोकेट), सुमित द्विवेदी, अभिषेक तिवारी (एडवोकेट), डॉ. के.के. तिवारी, महिला जिला अध्यक्ष सरोज सिंगल, जिला महामंत्री ज्योति बघेल उर्फ हर्षिता, पूजा गुप्ता, रानी अग्निहोत्री, अभिनेता सनी पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती तथा डॉ. चित्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति ने इस आयोजन को दिव्यता, भव्यता और ऐतिहासिक गौरव से मंडित कर दिया।

## किसान कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन में पहुंचे आबकारी और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री





**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज़।**

शाहाबाद के नया गांव ऐगवा रोड पर बने किसान कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ जिसमे प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार आबकारी राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा जनपद हरदोई के किसानों का मुख्य व्यवसाय आलू उत्पादन हो गया है। जनपद के अधिकतर किसान फरुखाबाद की तरह अधिक से अधिक आलू उटपदन कर रहे हैं। कोल्ड स्टोरेज के निर्माण से आलू उत्पादन करने वाले कृषकों को काफ़ी सहूलियत हो जाएगी। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा आलू उत्पादन करने वाले किसान भाइयों को कोल्ड स्टोरेज के निर्माण से लाभ प्राप्त होगा। कोल्ड स्टोरेज के स्वामी डीसीडीएफ के चेयरमैन रामदास गुप्ता और चाँद मिया डम्मर ने बताया जापानी तकनीक पर आधारित कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करवाया गया है। इस तकनीक में निकासी के समय आलू का बहुत कम प्रतिशत खराब होता है।आलू की सुख भी कम होती है।आलू उत्पादन करने वाले किसानों को इस कोल्ड में आलू रखमे में बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग और आलू उत्पादक किसान उपस्थित रहे।

## ओम शिव एजेंसी का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन



**बेनीगंज/ हरदोई।** बेनीगंज रोड प्रताप नगर चौराहा स्थित ओम शिव एजेंसी का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। इस एजेंसी के प्रोपराइटर राजकुमार शुक्ला उर्फ राज ने बताया कि 15 फरवरी 2026 दिन रविवार को आयोजक नरेंद्र शुक्ला के आवाहन पर किया गया है। सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक बालामऊ रामपाल वर्मा को क्षेत्रीय संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चाप एजेंसी का शुभारंभ किया गया। वहां पर मौजूद क्षेत्रीय लोगों ने राजकुमार शुक्ला उर्फ राज को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए प्रतिष्ठान को और भी गतिशील बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। इस मौके पर अरविंद शुक्ला, रोहित वैश्य, देवसेन अवस्थी, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, विमल त्रिपाठी, पुत्तू लाल सहित तमाम संभ्रांत लोग एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## हरपालपुर पुलिस ने लोहे की जाली व पाइप सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार

**हरपालपुर/ हरदोई।** थाना क्षेत्र के दिवसीपुर गांव में भूखंड से लोहे की जाली व पाइप उखाड़कर चोरी करने के मामले में दर्ज मुकदमे के दो नामजद आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।अन्य वैधानिक कार्यवाई प्रचलित है। हरपालपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी आदेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र द्वारा बीती 12 फरबरी को अनिल पुत्र श्यामबाबू निवासी ग्राम दिवसीपुर थाना हरपालपुर व नेतराम पुत्र परमेश्वर दीन निवासी ग्राम बण्डारी थाना सांडी सहित 9 लोगो पर गाटा संख्या 1948 से लोहे की जाली व पाइप जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये थी।जिसको उखाड़कर चोरी कर लेने व सीमेंट के बने पोल को तोड़ देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज



कराई गई थी।पुलिस ने विवेचनात्मक कार्यवाई के दौरान धारा 317(2)बीएनएस की बृद्धि करते हुए मुकदमे में नामजद आरोपी अनिल व नेतराम को गिरफ्तार कर लिया।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने बताया कि अन्य वैधानिक कार्यवाई प्रचलित है।तथा शेष नामजद आरोपियो की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

## महाशिवरात्रि पर बम भोले के जयघोष से गूंजा पंचनद संगम क्षेत्र

▸ कांवड़ियों के लिए जगह-जगह लगाए गए स्वल्पाहार स्टाल

**जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**


महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पंचनद तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। चारों दिशाओं में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दूर-दूर से आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने इस ऐतिहासिक संगम क्षेत्र को आस्था के विराट उत्सव में बदल दिया।

देश में एक ही स्थान पर पांच सदानीरा नदियों यमुना, चंबल, सिंध, क्वांरी और पहूज के पवित्र संगम के कारण पंचनद तीर्थ का विशेष महत्व है। विभिन्न पुराणों में वर्णित यह क्षेत्र जालौन, इटावा, औरैया और भिंड जनपदों की सीमाओं से जुड़ा हुआ है तथा प्राचीन काल से साधु-संतों की तपोभूमि रहा है। जालौन की पंचनद तट पर स्थित सिद्ध संत श्री मुकुंद वन बाबा साहब महाराज की



तपोस्थली एवं इटावा सीमा में स्थित प्राचीन कालेश्वर महादेव मंदिर तथा भारी स्वर महादेव के विशाल शिवालय में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई। सामान्य दिनों में भी यहां श्रद्धालुओं का आगमन होता है, किंतु शिवरात्रि जैसे विशेष पर्व पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में कांवड़ियों और भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विशेष रूप से अनेक कांवड़ियों ने पंचनद का पवित्र जल भरकर जनपद जालौन के सरावन स्थित प्रसिद्ध भूरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक किया। शनिवार रात्रि से लेकर रविवार देर शाम तक कांवड़ियों के पैरों में बंधे घुंघरुओं की रुनझुन और बम भोले के गगनभेदी उद्घोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस अवसर पर कालेश्वर मंदिर, श्री बाबा साहब मंदिर पंचनद, जगम्मनपुर, रामपुरा, माधौगढ़ सहित आसपास के गांवों में समाजसेवियों और श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वल्पाहार स्टाल लगाए गए। कांवड़ियों को व्रत के अनुरूप पवित्र मिठाई, दूध, फल, मेवा और चाय आदि श्रद्धापूर्वक वितरित की गई। सेवा भाव से ओतप्रोत ग्रामीणों ने कांवड़ियों का स्वागत कर धर्म और मानवता की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की। जालौन के रामपुरा थाना पुलिस एवं इटावा के बिठौली थाना पुलिस ने अपनी अपनी सीमाओं में नदी तट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों की सुरक्षा का समुचित प्रबंध किया। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर पंचनद क्षेत्र में आस्था, भक्ति और सेवा का जो संगम दिखाई दिया, वह क्षेत्र की धार्मिक महत्ता और सामाजिक एकता का जीवंत प्रमाण है। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालु अगले वर्ष पुनः आने का संकल्प लेकर लौटते नजर आए।

### तड़के से ही बम-बम के उद्घोष से गुजायमान हुए शिवालय



**भरुआ सुमेरपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर भोर होते ही शिवालय बम बम भोले के उद्घोष से गुजायमान हो उठे। बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा शिवलिंग के दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुबह से ही थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे महाशिवरात्रि पर्व पर बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा शिवलिंग के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भोलेनाथ का भांग, धतूरा, बेलपत्र, गंगाजल, शहद, दूध, दही से अभिषेक किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर नगर में निकाली गई भगवान भोले बाबा की बारात

▸ महाशिवरात्रि पर्व पर मन्दिरों में चलता रहा ओम् नमः शिवाय का जाप, सुनाई दी बम बम भोले की गूंज

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

नगर में महाशिवरात्रि पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हटवारा मुहाल के शिव मंदिर से भगवान भोले बाबा की बारात निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्ग मुख्य बाजार, बस स्टैंड, सोनी गंज, राजा वार्ड आदि मुहल्लों में भ्रमण करती हुई वापिस यथास्थान सम्पन्न हुई। भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा में घोड़े , बैंड बाजे व डीजे की धुन पर नवयुवक



थिरकते गाते बम-बम बोले की गूंज के साथ बारात में चल रहे थे। शिव बारात में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां भी साथ में शामिल रही। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल जुलूस में चल रहा था। इसके अलावा नगर में विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव के नाम का ओम् नमः शिवाय का जाप बराबर चलता रहा। भटेवरा रोड स्थित भूतेश्वर धाम मंदिर में भी ओम नमः शिवाय का जाप 24 घंटे निरंतर जारी रहा। संपूर्ण नगर में महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही उत्साह से मनाया गया। शिव मंदिरों को तरह-तरह की रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। नगर के सभी मंदिरों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भ्रमणशील बनी रही।

### ब्रह्मकुमारी आश्रम कल निकाली जायेगी शिव बारात एवं कलश यात्रा

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।** नगर के सोनीगंज मुहाल स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा 17 फरवरी 2026 को 12 बजे से शिवबारात व कलशयात्रा निकाली जाएगी। बीके रागिनी ने कहा कि यह परमात्मा के ध्वज के साथ निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न झांकियां होगी, उन्होंने शिवरात्रि पर्व पर शिवबारात व कलश यात्रा में अधिक से अधिक शामिल होने की अपील की है।

### सूर्य महोत्सव में आल्हा गायन की प्रस्तुति ने श्रोताओं में भरा जोश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** सूर्य महोत्सव के सायंकालीन कार्यक्रम में बुन्देली कला की धूम रही,इस कार्यक्रम का शुभारंभ आल्हा गायन से किया गया। आल्हा गायन हीरालाल साहू और राजपाल द्वारा वीर रस के आल्हा प्रसंग सुनाए, चंदन राजपूत ने बुंदेली लोक धुन पर भजन गायन किया, प्रसिद्ध दीवारी गायक लखनलाल यादव ने दीवारी नृत्य की प्रस्तुति दी, अवधी लोक गायन के युवा कलाकार सत्यांशु पटैल ने भोजपुरी एवं अवधी गीतों पर प्रभु श्रीराम जी के भजन प्रस्तुत किये, श्याम बाबू और उनके साथियों ने राजस्थानी लोकगीतों की धुन पर नृत्य प्रस्तुत किया, जितेंद्र चौरसिया और शरद अनुरागी ने अपनी टीम के साथ आल्हा गायन की प्रस्तुति कर श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरीं, संदीप चंदेल ग्रुप द्वारा प्रसिद्ध नाटक ÷हवेली दरवाजा÷ प्रस्तुत कर दर्शकों में देशभक्ति की भावना भर दी, अमर शहीदों के नाटक को देखकर युवाओं में जोश भर गया, सभी कलाकारों का सम्मान समाजसेवियों और जिला प्रशासन द्वारा किया गया।

## हर हर महादेव, गूंजायमान नारों के साथ श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

हमीरपुर-कस्बा सहित आसपास के गांवों में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर कस्बा सहित आसपास के गांवों में शिव बारात निकाली गई वहीं शिवालयों में हर हर बम बम की गूंज के बीच शिव भक्तों ने पूजा अर्चना की है। रविवार को कस्बा सहित आसपास का समूचा ग्रामीण क्षेत्र शिव भक्ति में डूबा दिखाई दिया है। शिवालयों को फूलों व बिजली की जगमगाहट से सजाया गया था। जहां सुबह से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। यहां हर हर बम बम की गूंज के



बीच शिव भक्तों ने अपने आराध्य देव महादेव की पूजा अर्चना की है। इसके साथ ही कस्बा के मोहल्ला फत्तेपुर स्थित शिव मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई जिसमें नंदी पर सवार दूल्हा बने भोलेनाथ दर्जनों घोड़े, डीजे, गाजे-बाजे व देवी देवताओं की झांकियों के साथ अपने नाचते गाते और अबीर गुलाल उड़ाते भक्तगणों के साथ चल रहे थे। यह शोभा यात्रा शिव मंदिर से आरंभ होकर तहसील मार्ग, मली कुआं चौराहा, जीजीआईसी चौराहा,थाना चौराहा से बड़ी देवी मार्ग होते हुए पुनः फत्तेपुर शिव मंदिर में सम्पन्न हुई है तहसील रोड छोटी देवी मंदिर के पुजारी अमित द्विवेदी ने बताया कि बारातियों के लिए जगह जगह पर श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर स्वल्पाहार वितरण करते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया है। इसके साथ ही मराठी पुरा कांशीराम कालोनी से निकाली गई शिव बारात कोतवाल के नजदीक स्थित शिव मंदिर पर पहुंच पुनः अपने गंतव्य पर सम्पन्न हुई है।

### बेरी गांव में शिवरात्रि पर गूंजे हर-हर महादेव के नारे



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों द्वारा शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की गई तथा बेरी गांव स्थित प्राचीन कोटेश्वर शिव मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की तथा भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया। वहीं शंकरपुर गांव स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने कांवर चढ़ाकर पूजा अर्चना की। क्षेत्र में शिवरात्रि की धूम रही शिवालयों में सुबह से ही भक्त पूजा करने के लिए एकत्र रहे। क्षेत्र के बेरी गांव स्थित प्राचीन कोटेश्वर मंदिर में लोगो ने भगवान शिव को बेलपत्र, भांग, धतूरा, बेर, जौ आदि अर्पण कर पूजा अर्चना की तथा इसके बाद शिव बारात का भव्य आयोजन किया गया। शिव बारात गाजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर किला दरवाजे से होकर मेन बाजार से होकर, गांव में भ्रमण कर पुलिस चौकी से होकर वापस बाजार की तरफ गई। गांव में भ्रमण के दौरान लोगों ने बैल में सवार शिव भेष धारी भगवान भोलेनाथ का तिलक कर स्वागत किया । बारात में शिव गण भूत , प्रेत चल रहे थे। दूल्हा बने शिव जी त्रिशूल लिए अंग में भस्म रमाए तथा सांप गले में डाले चल रहे थे। बम बम भोले के उदघोष करते बाराती नाचते गाते चल रहे थे। बारात में महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। गांव भ्रमण के बाद वापस शिव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस बारात में गांव सहित आसपास के गांवों के लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही। शांति पूर्ण माहौल में शिव बारात संपन्न हुई। क्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से भक्तों का आवागमन शुरू हो गया तथा लोगों ने पूजा अर्चन किया।

### सार्वजनिक सूचना/नोटिस

यह सूचित किया जाता है कि विवेक कुमार द्विवेदी एवं नारायण कुमार दुबे पुत्र रामशरण दुबे ग्राम आंटी पो. मलिकापुर, जिला-कन्नौज दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मेरा आधार कार्ड संख्या 4783 9227 1874 है।मेरे समस्त शासकीय, गैर-शासकीय, बैंकिंग एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम नारायण कुमार दुबे ही मान्य होगा।

# दिन में फेरी लगाकर बेचते थे कुर्सी, रात्रि में चोरी पकड़े गए पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोर

**बड़ी मात्रा में बिजली तार, पिकप बरामद**



**मसौली बाराबंकी।** दिन मे कुर्सी बेचने के बहाने रेकी कर रात्रि मे बिजली तारो की चोरी करने वाले एक अंतर्जनपदीय शातिर चोरो के 5 सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए सफदरगंज पुलिस ने एक टन से अधिक एल्युमीनियम व तांबे के विद्युत तार सहित चोरी मे प्रयोग करने वाले उपकरण,एक आर्टिगा व पिकअप गाडी बरामद किया है। बताते चले कि गत 30 दिसंबर की रात्रि मे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र के ओपेन स्टोर से 13 ड्रम कापर वायर चोरी हो गया था।विद्युत उपखंड अधिकारी बाराबंकी राहुल कुमार ओझा पुत्र प्रेमचंद्र ओझा की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश मे जुटी थी कि जानकारी मिली की कुछ गैर जनपदीय लोग थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली के निकट मोटरसाइकिलो पर कुर्सी बेचने के लिए आये है जो संदिग्ध लग रहे है।मुखबिर से मिली जानकारी पर थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने स्वाट एव सर्विलांस टीम की मदद से 5 मोटरसाइकिलो पर बंधी प्लास्टिक की 20 कुर्सियो सहित अंतर्जनपदीय इरफान अली उर्फ मुजफ्फर पुत्र सरवर अली निवासी ग्राम अफजलपुर पट्टी थाना शहजादनगर जनपद रामपुर, वसीम पुत्र शफीक निवासी ग्राम रूड़की थाना बहेड़ी जनपद बरेली,परवेज पुत्र नवी अहमद निवासी ग्राम गुलरिहा थाना बहेड़ी जनपद बरेली, आरिफ पुत्र महमदू निवासी ग्राम महतोष थाना खजुरिया जनपद रामपुर,आसिफ पुत्र शाबिर निवासी मोहल्ला नौगवा थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो अभियुक्तो ने गत 30 दिसंबर को पड़रा पावर हाउस पर हुई चोरी का खुलासा किया। अभियुक्तो की निशांदेही पर एल्युमीनियम का विद्युत तार लगभग 5 कुन्तल, 4 बण्डल तांबे का विद्युत तार लगभग 1.09 कुन्तल, अर्टिगा कार नम्बर यूपी 22 बीटी 3748,महेन्द्र पिकअप यूपी 22 एटी 7621 और 32 सौ रुपये नगदी बरामद की।

## कार सवार दर्जनों लोगों ने बाइक सवार पर बोला हमला, मुकदमा दर्ज



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली व कस्बा के मुख्य चौराहा पर बीती रात घर लौट रहे बाइक सवार को कार सवार दर्जनों लोगों ने हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने उसे लाकर कोतवाली में बंद कर दिया। पीड़ित के कोतवाली में बंद होने की सूचना पर बड़ी संख्या में पहुँची महिलाओं के हंगामे व पूर्व प्रधान तथा चेयरमैन के हस्तक्षेप के बाद मुकदमा दर्ज हो सका।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रनापुर गाँव निवासी पिकप चालक प्रवीन रावत पुत्र जसकरन शनिवार की देर रात साढ़े11 बजे मोटरसाइकिल से हलोर से घर के लिए लौट रहा था। जैसे ही वह कस्बा के मुख्य चौराहा पर पहुंचा तभी सात से आठ गाड़ियों से इको स्पोर्ट सवार लोगों ने बेड़ा लगाकर उसको रोकने का प्रयास किया। जब वह गाड़ी किनारे लगाकर नीचे उतरा तो दर्जनों लोगों ने हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। यही नहीं जान से मारने की धमकी दे गए । घटना के बाद पुलिस द्वारा जहाँ पिटाई करने वाले कार सवारों को छोड़ दिया गया वहीं पीड़ित को मारने पीटने के बाद कोतवाली में ले जाकर बंद कर दिया गया। इसकी जानकारी होते ही बड़ी संख्या में घर व गाँव की महिलाएं कोतवाली पहुंच गई और हंगामा करने लगीं। सूचना पाकर पूर्व प्रधान जतिन चौधरी व चेयरमैन आलोक तिवारी भी कोतवाली पहुंचे। देर रात तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने आखिरकार मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पुलिस ने बालिकाओं को किया जागरूक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उ.नि. विनय कुमार दीक्षित, म.का. स्वाति थाना मुसाफिरखाना द्वारा ग्राम धरौली में, म.का. सोनी यादव, म.का. सीमा भदौरिया थाना मोहनगंज द्वारा श्री सुभाष पशुपतिनाथ विद्यापीठ इण्टर कॉलेज तिलोई में महिलाओं बालिकाओं छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में 1930, 1090, 181, 108, 1076, 112, 1098, 102, व थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। इसी क्रम में जनपद के थानों की एंटीरोमियो टीम द्वारा स्कूल कॉलेज के खुलने व बंद होने के समय आसपास व महिला छात्रावास के पास एवं चिन्हित विभिन्न हॉटस्पॉट पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

## शारदा सहायक नहर में अज्ञात युवक का बरामद हुआ शव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर बदोसरांय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।यह घटना रविवार को कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के कसरैला डीह नहर की झाल के पास हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने नहर में एक शव उतराता देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी ग्रामीण शव की पहचान नहीं कर सका। शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था और उस पर कोई कपड़ा भी नहीं था।

## महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



**हुआ मेला का आयोजन**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को तड़के से ही क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों पर हर हर महादेव के जयकारों के बीच जलाभिषेक का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के शिव मंदिरों में पहुंचकर भूत भावन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, कई शिव मंदिरों पर विशाल मेलो का आयोजन भी हुआ। क्षेत्र के अति प्राचीन अवसानेश्वर महादेव मंदिर के अलावा किल्ला स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर, त्रिवेदीगंज क्षेत्र के सोनेश्वर महादेव मंदिर शिवनाम, जंगलेश्वर महादेव मंदिर टिलिया जौरास में भी मेले का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किया और मेले का आनंद उठाया। वहीं त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर तिलोकपुर, सुबेहा क्षेत्र के कालेश्वर धाम कैथी, हैदरगढ़ कस्बा स्थित रामेश्वरम शिवाला पर भी जलाभिषेक करने वालों का तांता लगा रहा।पूरा दिन भगवान भोलेनाथ के नाम से गुंजायमान होता रहा।

मेले में किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए हैदरगढ़ कोतवाली, लोनीकटरा, सुबेहा थाना पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। गांव में स्थित विभिन्न शिव मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई,शिवरात्रि का यह महापर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इसके अलावा अनेक स्थानों पर शिव भक्तो द्वारा ओम नमः शिवाय मंत्र का 24 घंटे का अखंड जप एवं रामचरितमानस के अखंड पाठ का भी आयोजन किया गया।

**हुआ भण्डारा का आयोजन**

इसके अलावा रनापुर गांव में पंचायत भवन के निकट स्थित बागेश्वर महादेव मंदिर एवं कस्बा के ठठराही वार्ड स्थित रामेश्वरम शिवाला व किल्ला स्थित किल्लेश्वर मंदिर पर शिव भक्तों द्वारा भण्डारो का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

**निकाली गई भव्य शिव बारात**

इसी क्रम में रामेश्वरम शिवाला पर चल रहे महाशिवरात्रि पर्व के अंतिम दिन कस्बा स्थित रामलीला कोठी से नगर के प्रमुख मार्गो पर बाबा रामेश्वर की भव्य बारात निकाली गई। इस भव्य बारात में तमाम झांकियां शामिल रहीं ।जिन्हें देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। बारात के समापन पर मंदिर पर बाबा रामेश्वर महादेव को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति से जुड़े भक्तों के सहयोग से मंदिर पर रुद्राभिषेक दिव्य श्रृंगार भजन संध्या महा आरती प्रसाद वितरण व महा रुद्राभिषेक आदि कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

## खबरें एक नजर में

### 108 एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ



**अमेठी समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड गौरीगंज में जगमालपुर में 108 एम्बुलेंस सेवा ने एक सराहनीय कार्य करते हुए रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव कराया। गर्भवती महिला रेखा को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा 108 एम्बुलेंस को कॉल किया गया। समय पर एम्बुलेंस पहुँचने और हिमांशु एवं पायलट सुनील की तत्परता और सूझबूझ के कारण महिला का प्रसव एम्बुलेंस में ही सफलतापूर्वक कराया गया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूर्णतः स्वस्थ बताए जा रहे हैं। प्राथमिक उपचार देने के बाद दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा आगे की देखभाल की जा रही है। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर सहायता मिलने से माँ और शिशु की जान सुरक्षित रही। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी टीम की सराहना की गई।

### पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत रविवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना जायस पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व क्षेत्र में देखभाल के दौरान अभियुक्त करमराज पुत्र मनीराम निवासी ग्राम मौलवी कला थाना जायस को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद रायबरेली व अमेठी के विभिन्न थानों पर आर्म्स एक्ट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट व आबकारी अधिनियम की धाराओं कुल 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

### श्री जागेश्वर नाथ धाम पर आयोजित हुआ निःशुल्क दवा वितरण कैंप



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से श्री जागेश्वर नाथ बाबा मंदिर पिंडोरिया विकास खण्ड भेटुआ में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ अभिमन्यु वर्मा चिकित्सा अधीक्षक भेटुआ के सहयोग से आयोजित किया गया। एस पी सिंह मास्टर ट्रेनर ने कहा कि अंकुरित दाने,सहजन और लोहे की कड़ाही खाना पकाने के लिए प्रयोग करे। इस अवसर पर राम करन, उर्मिला, पूजा, दीपशिखा सहित 55 से अधिक बच्चियों ने सलाह और दवा ली।

## राज्यमंत्री ने शिव मंदिर में जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों के स्वस्थ जीवन की करी कामना



**समृद्धि न्यूज, बछरावां रायबरेली।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर सुदौली में गांव में स्थित प्रसिद्ध भवरेश्वर महादेव मंदिर में पावन पवित्र त्यौहार महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भूत भावन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के स्वस्थ जीवन की कामना की है। इस मौके पर भवरेश्वर मेला समिति के अध्यक्ष के द्वारा राज्यमंत्री का माल्यार्पण एवं उन्हें अंग वस्त्र भेटकर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। इस मौके पर राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि भगवान शिव अवघड़ दानी है, उनकी कृपा सदैव प्रदेश वासियो पर बरसती रहे और सभी प्रदेशवासी स्वस्थ एवं सुरक्षित रहे, हमारी उनसे यही कामना है। इस मौके पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ सम्पन्न, सबकी आंखे हुई नम



**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला व प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से किया! इस अवसर पर इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने अपने -अपने स्कूली शिक्षा के यादगार पलो को कविता, भाषण, गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया! छात्रा स्वाती यादव ने कहा कि मैं तो डाली के उन पत्तों की तरह हूँ जिन्हें ना चाहते हुए भी डाली से अलग होना पड़ता है! श्रेया सिंह, अन्शिका तिवारी के विदाई गीत ने सभी की आखें नम कर दी!विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की लगन व परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है सभी विद्यार्थियों को खूब परिश्रम करके परीक्षा देनी चाहिए परिणाम की चिंता उन्हें नहीं करनी चाहिए!श्रम का परिणाम हमेशा सुखद होता है!विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय ज्ञान तथा साधना का मंदिर है इसमें गुरुजनों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को परिश्रम करके सलोना रूप प्रदान किया जाता है हम सभी आपके जीवन में भविष्य निर्माण में तन मन धन से हमेशा लगे रहेंगे!

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से एक जोड़ा साथ रहने को राजी हुआ



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु रविवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उसे आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आरोप, ब्लॉक परिसर में दलालों का बोलबाला



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जनपद सीतापुर के विकासखंड खैराबाद में इन दिनों दलाली और अवैध वसूली को लेकर गंभीर आरोपों की चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे के संरक्षण में ब्लॉक परिसर में दलालों का बोलबाला इस कदर बढ़ गया है कि बिना उनके माध्यम से कोई भी कार्य कराना मुश्किल हो गया है। बताया जा रहा है कि सुबह होते ही विकासखंड कार्यालय परिसर में कथित दलालों का जमावड़ा लग जाता है। ये लोग सरकारी योजनाओं के कार्य, भुगतान से जुड़ी फाइलें, मनरेगा, आवास, शौचालय, पंचायत से संबंधित कार्यों सहित विभिन्न योजनाओं में लाभ दिलाने के नाम पर धन उगाही करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सीधे अधिकारी या कर्मचारियों से मिलने की बजाय पहले दलालों से ही संपर्क कराया जाता है और वही तय करते हैं कि किस कार्य के लिए कितना पैसा लगेगा। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कुछ दलाल अधिकारियों के नाम का भय दिखाकर और ब्लैकमेलिंग जैसे तरीकों का इस्तेमाल कर अवैध वसूली करते हैं। इससे ब्लॉक की छवि पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलने में भी दिक्कतें आ रही हैं। हाल ही में राकेश राठौर खैराबाद ब्लॉक का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा था कि खैराबाद ब्लॉक को दलालों का अड्डा न बनने दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि ब्लॉक परिसर में दलाली और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रहीं तो यह गंभीर विषय होगा और उच्च स्तर पर मामला उठाया जाएगा। इसी दौरान एक ग्राम प्रधान ने भी खुलकर बयान देते हुए आरोप लगाया था कि 'नीरज अवस्थी' नाम का व्यक्ति ब्लॉक में सक्रिय रूप से दलाली करता है और विभिन्न कार्यों में पैसा लेकर सेटिंग कराता है। प्रधान ने यहां तक कहा कि उक्त व्यक्ति द्वारा की जाने वाली दलाली का हिस्सा खंड विकास अधिकारी तक पहुंचने की बात भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## दलित अधेड़ की हत्या से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लीही गांव में बीती रात एक अधेड़ की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जांच तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दलित अधेड़ शिव प्रसाद कोरी उम्र 54 वर्ष पुत्र श्रीनाथ कोरी गांव से बाहर खेत में सूअर पालन का कार्य करता था। बीती रात मृतक वहीं खेत में वह सो रहा था तभी अज्ञात हमलावरों के द्वारा धारदार हथियार से शिवप्रसाद के सिर पर वार करते हुए उसकी हत्या कर दी गई। ग्रामीणों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जांच तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई है। मोहनगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। लाश को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। लाश का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। घर के लोगों तथा ग्रामीणों से जानकारी जुटाई जा रही है। जल्दी ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

## डीएम ने 84 कोसीय परिक्रमा मेला के दृष्टिगत औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने नैमिषारण व मिश्रिख में 84 कोसीय परिक्रमा मेला के दृष्टिगत औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने कोरौना एवं पड़ावों को देखते हुये यात्रियों के ठहरनें, शौचालय, जलपान आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। सुरक्षा के दृष्टिगत मेले पूछताछ केन्द्र, स्वास्थ्य आदि संबंधी स्टाल लगाये जायें। मेला अधिकारी जनार्दन व उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव यादव को निर्देश दिये कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं कोई भी परेशानी न हों, इसके पहले से ही सभी दुरूस्त की जायें तथा समुचित प्रकाश सुनिश्चित की जायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पड़ावों के मार्ग पर श्रद्धालुओं हेतु जलपान, मोबाइल शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं दुरूस्त रखी जायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिय कि मार्गो का दुरूस्तीकरण कराया जायें एवं पटरियों एवं झाड़ियों की सफाई करायी जाये। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जर्जर हुये विद्युत तारों को सही करा दिया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि होली परिक्रमा के पड़ावों में जो भी कार्य कराये जा रहे है उसको पूरी लगन व निष्ठा के साथ पूर्ण करायें, यह कार्य धर्मार्थ का कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा समय रहते सभी कार्य पूर्ण कर लिये जायें। अधिशासी अधिकारी मिश्रिख-नैमिषारण्य को निर्देश दिये कि साफ-सफाई हेतु समुचित व्यवस्था की जायें तथा सफाईकर्मियों यूनीफार्म में रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह को निर्देश दिये कि मेले के दृष्टिगत जो भी कार्य कराये जा रहें हैं, उनकी मानीटरिंग स्वयं करें।

जिलाधिकारी ने दधीचि कुंड पहुंचकर वहां की समस्त व्यवस्थाओं को देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कुंड में भरे पानी को देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि कुंड के आस-पास निरन्तर साफ-सफाई कराते रहें, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव यादव, मेला अधिकारी जनार्दन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सचिव पर वित्तीय अनियमित्ताओं का आरोप




**सीतापुर।** विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत वजीरपुर में तैनात सचिव नौशाद अली पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के 15वें व 5वें वित्त आयोग की धनराशि से मनमाने तरीके से भुगतान लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रधान के चहेते व्यक्तियों के नाम पर मजदूरी के लाखों रुपये का भुगतान दर्शाया गया है, जबकि कई मामलों में वास्तविक कार्य और मजदूरों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव नौशाद अली द्वारा बिना किसी सक्षम आदेश के प्राइवेट कर्मचारी सचिन कुमार के खाते में भी भुगतान किया गया है, जो नियमों के विरुद्ध माना जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव अपनी मनमानी से सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं और इससे सरकार व प्रशासन को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या विकासखंड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर जांच कर कार्रवाई करेंगे या फिर केवल नोटिस जारी कर फाइल दबा दी जाएगी।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संबंध में जब संबंधित सचिव से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनके फोन की घंटियां बजती रहीं, लेकिन उन्होंने कॉल उठाना उचित नहीं समझा।

इस संदर्भ में जब सहायक विकास अधिकारी हरगांव से वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच की जाएगी।

# निर्धन बेटियों का विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य : अपर जिला जज महेंद्र सिंह

- सोमवती एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संगम नगर, टड्हा प्रेमपुर स्थित गजेंद्र सिंह मीरा देवी पीजी कालेज में श्री सागर सिंह एवं श्रीमती सोमवती की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्री सागर सिंह सोमवती एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पांच निर्धन जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा और जीवन भर के लिए परिणय सूत्र में बंध गए। मुख्य अतिथि अपर जिला जज महेंद्र सिंह ने कहा कि निर्धन बेटियों का विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने समाज में ऐसी पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने की अपील की। ट्रस्ट के प्रबंधक गजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह आयोजन अपने माता-पिता स्व. श्री सागर सिंह और स्व. सोमवती की स्मृति में स्वयं के खर्च पर 11वें वर्ष भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिला जज महेंद्र सिंह, प्रताप सिंह यादव, प्रबंधक गजेंद्र सिंह यादव, डॉ. मीरा यादव तथा निदेशक डॉ. संगम यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। एलआईसी के विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने इस सामाजिक कार्य में योगदान की अपील की। कवयित्रियों साधना यादव एवं दीपमाला शाक्य 'दीप' ने कविताओं से माहौल को भावुक कर दिया। मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल छिबरामऊ के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें 'मां-बाप को न भूलना', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर नाटिकाएं प्रस्तुत की गईं, जिससे उपस्थितजन भाव-विभोर हो उठे। नवदंपतियों को गजेंद्र सिंह यादव, डॉ. मीरा यादव एवं डॉ. संगम यादव ने बेड, अलमारी, सिलाई मशीन, कूलर, रसोई गैस कनेक्शन, कुर्सी-मेज, मंडप, दरवाजे के बर्तन, श्रृंगारदान, पचाड़ के बर्तन तथा विदा की पांच गठरियां भेंट कीं। अमित कुमार चौरसिया के संचालन में हुए कार्यक्रम में डॉ. निधि यादव, हर्ष बाबू, सुधीर कुमार पाठक, रामेंद्र सिंह, डॉ. केके यादव, जेपी पाल, जितेंद्र यादव, रामपाल सिंह, रामनरेश सिंह, दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, श्याम सिंह, आशीष कुमार आदि ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया और सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# बार चुनाव की डिजिटल सिस्टम से होगी मॉनिटरिंग

- बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की तैयारियां पूरी
- आज होगा मतदान, कल होगी मतगणना



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** चुनाव आयोग के तत्वावधान में बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस बार चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रबंध किए गए हैं। पहली बार ऑनलाइन वोटिंग मॉनिटरिंग और डिजिटल काउंटिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है, जिससे चुनाव प्रक्रिया पर रियल-टाइम नजर रखी जा सकेगी। 16 फरवरी सोमवार को मतदान कराया जाएगा। जबकि 17 फरवरी को मतगणना की जाएगी और उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था के माध्यम से दूरस्थ स्थानों पर मौजूद अधिवक्ता और उनके समर्थक भी मतदान की स्थिति और मतगणना के आंकड़ों को लाइव देख सकेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी तरह की अनियमितता की आशंका कम होगी। तकनीकी व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आईटी टीम और स्वयंसेवकों की भी तैनाती की गई है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अधिवक्ता और समर्थक अपने प्रिय उम्मीदवार की वोटिंग और काउंटिंग के आंकड़ों को इस लिंक पर लाइव देख सकते हैं – https://aadhyagroup.in/bac-election/ । चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, पांच लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड हाईवे पर देर रात करीब 12:30 बजे सलेमपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि कार सवार लोग फर्रुखाबाद से किसी काम से छिबरामऊ आए थे और वापस गुरसहायगंज होते हुए फर्रुखाबाद लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।

हादसे में चालक हरिकिशन (25) पुत्र रामचंद्र निवासी बलीपुर, नीरज (26) पुत्र बलवीर, सरमन (27) पुत्र राजवीर, प्रबल मिश्रा (27) पुत्र गोविंद मिश्रा तथा शशांक (30) पुत्र राम पूजन मिश्रा शामिल हैं।

# बेहटा रामपुर में आसपा का चला सदस्यता अभियान




- कई दलों के लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में सौरिख क्षेत्र के बेहटा रामपुर गांव में सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अन्य दलों को छोड़कर आए एक दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि पार्टी बहुजन समाज की पहली पसंद बनती जा रही है और लगातार लोग इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुजन समाज की उम्मीद सांसद चन्द्रशेखर आजाद पर टिकी है, जो संसद में बहुजनों के अधिकारों की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यूजीसी को लागू किया जाए, अन्यथा जनता जवाब देगी। वहीं भीम आर्मी और पार्टी शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है।

जिला प्रभारी पवन गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां बहुजन विरोधी हैं और सरकार के कार्यकाल में अपराध, महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष शिवकुमार कठेरिया, उपाध्यक्ष तालिब अली, सुशील कुमार, बृजेश कुमार, रामकृपाल, कासिम अली, अतीज सिंह, अरुण प्रताप सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता पर दिया गया जोर




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आरकेडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सिकन्दरपुर में विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों और हिंदू समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में रमेश जी उपस्थित रहे। उनके साथ अंकित व गौरव ने भी मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य समाज की संगठनात्मक शक्ति को मजबूत करना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति लोगों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन गौरव द्विवेदी द्वारा किया गया, जबकि संचालन देव प्रकाश पालीवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ.सरित द्विवेदी, दीपू शर्मा, रिंगु द्विवेदी, सूर्या वर्मा व राजकिशोर दुबे सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भीड़

- मेला में बच्चों ने उठाया झूलों का लुत्फ



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि पर शहर के सभी शिवालयों में घण्टा घड़ियालों के साथ हर हर महादेव और बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। सुबह होते ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। ऐतिहासिक गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में लगे मेला में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की और बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। रविवार को सुबह से ही ऐतिहासिक गंगेश्वरनाथ मंदिर व अति प्राचीन मंशेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ लग गई। इससे पूजा अर्चना को लेकर आपाधापी का माहौल रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर का गेट भी कुछ पलों के लिए बार-बार बंद करना पड़ा। नगर के मध्य स्थित अति प्राचीन मंशेश्वरनाथ मंदिर को शिवरात्रि के पर्व पर फूल मालाओं और विद्युत लाइटों की झालरों के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देर रात तक शहर के पीपल चौराहा स्थित विजयनाथ मंदिर, सौरिख रोड स्थित रूपेश्वरनाथ मंदिर, मोहल्ला सराफान स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, मोहल्ला बजरिया के आनंदीनाथ मंदिर, पूर्वी बाईपास स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर व मोहल्ला कोलियान के भोलेनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का आना-जाना बना रहा। शिवालयों में भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का कार्य किया गया सभी शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस का फोर्स तैनात रहा। शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में पंडित बनारसीदास शास्त्री ने अखंड रामायण पाठ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू कराया।

## खबरें एक नजर में

### तिर्वा तहसील की व्यवस्थाओं पर डीएम सख्त

निरीक्षण में गंदगी और बदहाल शौचालय मिले



**कन्नौज।** मंडलायुक्त के संभावित दौरे से पहले जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने तीर्वा तहसील का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कक्ष, राजस्व न्यायालय, नजारत, राजस्व संग्रह, रियल टाइम खतौनी और आईजीआरएस शाखा की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। शौचालयों की बदहाल दशा और लंबे समय से रंगाई-पुताई न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार व तहसीलदार अवनीश कुमार को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वाहन पार्किंग, बैठने की समुचित व्यवस्था और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं तत्काल दुरुस्त करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि तहसील आने वाले नागरिकों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### महाशिवरात्रि पर गौरीमुखी शिवलिंग के दर्शन को उमड़ा सैलाब, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**कन्नौज।** महाशिवरात्रि पर इत्र नगरी के प्राचीन बाबा गौरीशंकर मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। छठवीं शताब्दी के इस धाम में स्थापित गौरीमुखी स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन को देर रात से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। मान्यता है कि शिवलिंग में भगवान शिव के साथ गणेश, पार्वती और कार्तिकेय की आकृतियां विद्यमान हैं। 'कन्नौज के नाथ' के रूप में विख्यात इस मंदिर का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। लोकमान्यता है कि सम्राट हर्षवर्धन से लेकर राजा जयचंद तक यहां पूजा-अर्चना कर चुके हैं। महाशिवरात्रि पर विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। उधर तिर्वा स्थित धोलेश्वर महादेव मंदिर में भी भारी भीड़ रही। पर्व पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दोनों मंदिरों का निरीक्षण किया।



## मनपसंद आचार की गाड़ी को रोक, कोतवाली में खड़ा करवाया

पूर्व में आचार में निकली थी छिपकली

**गुरसहायगंज कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज की महिला पदाधिकरी द्वारा 7 फरवरी को तहसील दिवस के अवसर पर छिबरामऊ में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अचार में छिपकली निकलने की शिकायत की गई थी। जिस प्रकरण में खाद्य एवं रसद विभाग कन्नौज द्वारा जांच प्रचलित है इसी प्रकरण में फूड इंस्पेक्टर अरविंद कुमार साहू द्वारा भाकियू स्वराज संगठन के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर से वार्ता कर कहा गया था कि जब भी कभी आपको गाड़ी दिखे तो उसे 112 डायल कर रोक लें और उन्हें अवगत करा दें। और निकटतम चौकी या कोतवाली पर खड़ी करवा दें।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, मारुति वैन के परखच्चे उड़े



- अखबार के बंडल लेकर गुरसहायगंज से छिबरामऊ आ रही थी
- चार महिलाओं समेत पांच घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र की सिकंदरपुर चौकी अंतर्गत जीटी रोड हाईवे पर ग्राम सफाखेड़ा के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारुति वैन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में वैन चालक समेत चार महिलाएं घायल हो गईं। वैन प्रतिदिन सुबह अखबार के बंडल लाने का कार्य करती थी। गुरसहायगंज निवासी उवैश अली पुत्र कदीर गुरसहायगंज से अखबार के बंडल लादकर छिबरामऊ, सौरिख, चपुन्ना ले जाता है। रविवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह जब वह जीटी रोड हाइवे पर सफाखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

हादसे में वैन के परखच्चे उड़ गए, जबकि चालक उवैश समेत गुरसहायगंज रेलवे क्रासिंग क्षेत्र की रहने वाली प्रेमवती पत्नी राजेंद्र, सीमा पत्नी योगेश समेत दो अन्य महिलाएं घायल हो गईं।

घटना की सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। हेड कांस्टेबल महेंद्र राजपूत और कांस्टेबल रंजीत ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया और सभी घायलों को एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल भिजवाया।

## गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पुरुस्कार वितरण व महाशिवरात्रि उत्सव की धूम

**छिबरामऊ (कन्नौज), समृद्धि न्यूज।** सौरिख तिराहे के निकट स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल की मुख्य शाखा में न्यूरो अंडरस्टैंडिंग जीके परीक्षा में विभिन्न कक्षा समूहों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही महाशिवरात्रि पर्व भी धूमधाम से मनाया गया।



प्राथमिक वर्ग में वंश दुबे ने प्रथम, कीर्ति यादव ने द्वितीय तथा शिवम दुबे ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में अनुष्का शाक्य प्रथम, रागिनी यादव द्वितीय और जॉनसन तृतीय रहे। इस अवसर पर महाशिवरात्रि पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें भक्ति नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। प्रधानाचार्य विजय सिंह चौहान ने कहा, 'ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में ज्ञान, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं। महाशिवरात्रि जैसे पर्व बच्चों को अनुशासन और भक्ति की शिक्षा देते हैं। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा सर्वांगीण विकास करे। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और छात्रों की उपस्थिति रही। सभी ने स्कूल की ऐसी पहल की सराहना की।

# सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों सहित चालक घायल



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एन एच 34 हाइवे स्थित करमुल्लापुर-प्रेमपुर के निकट भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां इको कार की टक्कर से टेंपो सवार शादी समारोह से लौट रहे एक ही परिवार के चार लोगों सहित चालक घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर सभी को सौ शैया से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम परौर निवासी संतोषी पत्नी रमेश चंद्र शाक्य, प्रशांत पुत्र सरयू शाक्य, रामप्यारी पत्नी राजेश्वर दयाल और केशववती पत्नी शोभाराम मैनपुरी जनपद के नगला पैठ थाना बेवर क्षेत्र के किशोरी लाल शाक्य की बेटी की शादी में शामिल होने के बाद नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी ऑटो चालक शैलेंद्र के ऑटो से घर ग्राम परौर की ओर जा रहे थे। तभी एन एच 34 हाइवे स्थित करमुल्लापुर-प्रेमपुर के निकट पीछे से तेज रफ्तार ईको कार ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में परिवार के सभी सदस्य व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सौ शैया अस्पताल पहुंचा गया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस हादसे की जांच में जुटी हुई है और ईको कार चालक की तलाश कर रही है।

# कन्नौज में 58 हज यात्रियों का टीकाकरण संपन्न




**कन्नौज।** मदरसा अरबिया हाजी इलाही बख्स में हज यात्रा पर जाने वाले 58 यात्रियों का टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया। हज यात्रा को सुरक्षित और स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से यह विशेष टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। टीकाकरण के दौरान डा0 जितेन्द्र कुमार (जिला प्रतिरक्षण अधिकारी), कृष्ण कान्त कुशवाहा (कम्प्यूटर सहायक आर0आई0), इरशाद बेग (वी0सी0सी0एम0), डा0 जीशान (चिकित्साधिकारी), इरशाद (ए0आर0ओ0), खुरशीद आरिफ (फार्मासिस्ट), नीशू मौर्या (ए0एन0एम0) एवं कनक द्विवेदी (ए0एन0एम0) उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त मो0आलम (सपोर्टिंग स्टाफ), मयंक दीक्षित (बी0एच0 डब्लू0), मो0 शाकिब तथा सय्यद मोहम्मद आकिब (जिला हज ट्रेनर) ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यात्रियों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का पेड़ पर लटकता मिला शव



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम कुंवरपुर बनवारी के पास स्थित ईट भट्ठे के निकट खड़े पेड़ में बने रस्सी के फंदे में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका देख लोगों में हड़प्पा मच गया। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला कस्सावान निवासी 20 वर्षीय सौरभ वाल्मीकि का शव संदिग्ध हालात में पीपल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। रविवार सुबह कुंवरपुर बनवारी के पास ईट भट्ठे के निकट राहगीरों ने शव देखा तो उनके होश उड़ गए। सौरभ, मिंटू वाल्मीकि के सबसे बड़े पुत्र थे। बताया जा रहा है शनिवार देर शाम घर में किसी बात से नाराज होकर वह घर से निकल गए थे। परिजनों ने पूरी रात तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शिनाख्त के बाद शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद मां मनु देवी समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया। चार भाइयों में सबसे बड़ा होने के कारण सौरभ की मौत से घर में मातम छा गया है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान आत्महत्या का है, लेकिन सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# टाइम टेबल बनाकर नियमित अभ्यास से करें रिवीजन : पुष्पेन्द्र सिंह

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं इसी सप्ताह से आरम्भ हो रहीं हैं। कई बार बच्चे मानसिक रूप से इतने भयभीत या अतिविश्वासी हो जाते हैं जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी परीक्षा परफार्मेंस पर पड़ता है ।ऐसे में विद्यार्थियों के लिए यह जानना उचित होगा कि उनका वर्तमान समय अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य है क्योंकि इस समय किया गया नियमित और संतुलित विषय अभ्यास परीक्षाओं में अच्छे अंक दिला सकता है। यह टिप्स पुष्पेंद्र प्रताप सिंह सहायक प्रवक्ता अंग्रेजी मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज कन्नौज ने दिए उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड परीक्षार्थियों हेतु कुछ अनुकरणीय टिप्स इस प्रकार हैं

- बोर्ड एग्जाम स्कीम के अनुसार सर्व प्रथम अपना टाइम टेबल बनाएं।

- महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं फार्मूलों हेतु अपने बनाए गए शॉर्ट नोट्स का संपूर्ण रिवीजन करें।

- गत तीन/चार वर्षो के प्रश्न पत्रों का समय प्रबंधन एवं शब्द सीमा को ध्यान में रखते हुए नियमित लेखन अभ्यास करें।

अनावश्यक एवं कोई नई चीज पढ़ने से बचें।

तनाव मुक्त रहें और अपने खान-पान एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त नींद लें।

- शादी- पार्टी में जाने से बचें, मोबाइल-टीवी आदि से थोड़े दिन पर्याप्त दूरी रखें क्योंकि इससे मानसिक एकाग्रता भंग और विकर्षित होती हैं।

- सकारात्मक सोचें ,कोई भी परीक्षा आपके जीवन से बड़ी नहीं है।

- एग्जाम के दिन आत्म-विश्वास के साथ बिना घबराए पूरे मनोयोग से अपनी परीक्षा में पूरा समय दें । उन्होंने बताया कि निश्चित ही , एग्जाम टिप्स परीक्षार्थियों हेतु सार्थक सिद्ध होंगे। कई वाह्य तत्व बच्चों में एग्जाम फोबिया पैदा करते हैं उनके समक्ष भय का वातावरण उत्पन्न करते हैं, ऐसे में बच्चों को नकारात्मक लोगों से दूर अपने विषय पर केंद्रित रहना होगा और अपना सौ प्रतिशत देने हेतु पूरी तन्मयता से अपने निर्धारित बिंदुओं के अनुसार चलना होगा।

# पूर्व विधायक ने फीता काट कर किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन

**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर के तिराहा पार्क के सामने कानपुर मेडिकल स्टोर का उद्घाटन पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने शहर काजी हाफिज जुम्मन के साथ फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आमजन की मूलभूत आवश्यकता है। रविवार को कानपुर मेडिकल स्टोर का उद्घाटन करने के उपरांत पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा की नगर मे एक और मेडिकल स्टोर खुलने से लोगों को दवाइयों की उपलब्धता मे सहूलियत मिलेगी। उन्होंने संचालक अल्तमस इदरीसी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि यहां गुणवत्तापूर्ण दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों ने पूर्व विधायक का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।



इस दौरान पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी अकील खान मुजफ्फर खान शान मोहम्मद व्यापारी नेता परवेज अहमद चंदन आलम सिद्दीकी मोहसिन खान सरजू रजा वाहिदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भारत में परिवारों का धर्मांतरण हो रहा है : अश्विनी उपाध्याय

▸ लोहिया प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के लोहिया प्रांगण में रविवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दावा किया कि भारत में परिवारों का धर्मांतरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सच जानता है लेकिन उसे बोलने की हिम्मत नहीं रखता वह नकली हिन्दू है। अधिवक्ता उपाध्याय ने अपने संबोधन में संविधान का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका पहला पन्ना ही गुलामी के नामों को मिटाने की बात कहता है। उन्होंने देश की आबादी को हिंदू, कन्वर्टेड हिंदू और नकली हिंदू जैसी तीन श्रेणियों में बांटा। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने इसमें भाग लिया। अश्विनी उपाध्याय ने पंडाल में मौजूद लोगों को खड़ा कर जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू एक हैं का नारा दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि चाहे ब्राह्मण हो या बनिया, ठाकुर हो या आदिवासी हम सभी हिंदू एक हैं। उन्होंने अपनी जनवरी से शुरू हुई यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि यह पांचाल (फर्रुखाबाद) में आकर रुकी है। उन्होंने आह्वान किया कि यह आवाज सुप्रीम कोर्ट, संसद और जनप्रतिनिधियों के घरों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने शपथ राम की कहते हैं हम सब हिंदू एक हैं, शपथ कृष्ण की कहते हैं हम सब हिंदू एक हैं, का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 150 करोड़ की आबादी को जातियों के आधार पर 10,000 जातियों में बांटा जा सकता है। उन्होंने कहा चौथी कोई केटागरी नहीं है। उन्होंने कहा असली हिंदू वह है जो सच बोलता है सच सोचता है और सच लिखता है। उन्होंने कहा मुगलों के समय कुछ लोग हवलदार बनने के लिए कन्वर्टेड हो गए। कुछ थानेदार बनने के लिए बदल गए। उन्होंने फर्रुखाबाद के सांसद और विधायकों पर कटाक्ष किया बोले यह संविधान की शपथ तो लेते रहे लेकिन संविधान के पहले पेज तक को नहीं पढ़ा। जिस पर लिखा है गुलामी का नाम मिटाओ। उन्होंने कहा इसलिए पीआईएल दायर की है। उन्होंने कहा भारत के असली हिंदुओं को नकली हिंदुओं को जगाना है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बेकाबू कार बिजली के पोल से टकरायी, एक की मौत, साथी घायल



**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद के संकिसा रोड पर रविवार तड़के 4 बजे ग्राम बहादुर नगला के पास एक अनियंत्रित कार बिजली के पोल से टकरा गई। जिसमें 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान मेरापुर क्षेत्र के ग्राम अछरोड़ा निवासी मोहनलाल राजपूत के रूप में हुई है। मेरापुर क्षेत्र के ग्राम अछरोड़ा निवासी मोहनलाल राजपूत (30) अपने साथी कमलेश राजपूत के साथ कमालगंज के ग्राम गोपालपुर में एक दावत में शामिल होने गए थे। रात में वापस लौटते समय बहादुर नगला के पास उनकी कार बेकाबू हो गई और सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क किनारे झाड़ियों में फंस गई। हादसे की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची। कार के दरवाजे पूरी तरह लॉक हो चुके थे। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने कार का शीशा तोड़कर मोहनलाल को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मोहनलाल ने दम तोड़ दिया था। घायल कमलेश राजपूत को तुरंत लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। मोहनलाल सराय स्थित देशी शराब ठेके पर बैठते थे। उनके परिवार में पत्नी सपना और लगभग 10 वर्षीय एक पुत्र है। मोहनलाल की असामयिक मृत्यु से परिवार में मातम छा गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# महाशिवरात्रि पर डीएम व एसपी ने मंदिरों का किया निरीक्षण, की पूजा अर्चना


पंडाबाग मंदिर में पूजा अर्चना करते डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ऐतिहासिक पांडेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण कर पूजा अर्चना की।

रविवार को महाशिवरत्रि का पर्व होने के चलते नगर के शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी तैनात की गयी।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पांडेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया तथा पूजा अर्चना की। इसके बाद आलाधिकारी नीम करोरी मंदिर भी गये। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, सुगम आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ड्यूटी पॉइंट्स एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया गया। साथ ही ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार, सतर्कता, अनुशासन एवं तत्परता बनाए रखते हुए महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए।

# महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक पुठरी मंदिर पर भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

▸ चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर, भीड़ के चलते की गयी बेरीकेडिंग


पुठरी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्राचीन शिव मंदिर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिये आधी रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिसको लेकर सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये। भक्तों ने भगवान शिव को भांग, धतूरा, विल्पपत्र, पुष्प आदि अर्पित किये तथा सर्व मंगल की कामना की।

पुठरी मंदिर के पुजारी सुरेश भारती ने शिवलिंग की पूजा अर्चना के बाद भक्तों के लिए मंदिर के पट खोले। जनपद एटा, मैनपुरी, बदायूं, कन्नौज सहित नवाबगंज और आसपास के गांवों से आए कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भीड़ की अधिकता के कारण मंदिर का एक द्वार बंद रखा गया। और पुरुषों व महिलाओं को बारी-बारी से प्रवेश दिया गया। भक्तों ने मंदिर परिसर में स्थित कालेश्वर महादेव और माता दुर्गा की भी पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर के आसपास लगे मेले में लोगों ने आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। भीड़ अधिक होने पर थाना प्रभारी ने माइक से बार-बार अनाउंसमेंट कर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके अतिरिक्त नगर के मुख्य शिव मंदिरए बरतल शिव मंदिर, पुराना गनीपुर शिव मंदिर और बरतल स्थित खेरे शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी भक्तों ने दुग्ध, बिल्वपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, हलका इंचार्ज दरोगा सत्यनारायण, बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सहित कई थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### महिला को परिजनों ने पीटा


मेडिकल परीक्षण करवाती पीड़ित महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला गंगादरवाजा निवासी लक्ष्मी पत्नी विनोद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है की वह छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। इसी दौरान उसके चचिया ससुर प्रदीप पुत्र जगरूप गाली-गलौज करने लगे और सीढ़ियों से निकलने को लेकर मना करने लगे। महिला ने विरोध किया, तो चचिया ससुर प्रदीप और उनके पुत्र रोहित ने मिलकर लाठी-डंडों से पीट दिया। जिसमें महिला लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला कस्बा चौकी पर पहुंची और पुलिस को पूरी जानकारी दी और लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पुलिस ने घायल महिला को उपचार और चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भिजवाया है।

### शराब के लिए पैसे न देने पर युवक ने लगायी आग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अजमतपुर कुआँखेड़ा



निवासी शिवकान्त उम्र 27 वर्षीय पुत्र साहिब सिंह ने शराब पीने के लिए पत्नी से पैसे माँगे। पत्नी ने मना कर दिया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने ऊपर की मन्जिल पर आग लगा ली। चीखने चिल्लाने पर परिजनों ने पानी डालकर आग बुझाई और घायल अवस्था में शिवकान्त को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# किसान ने खेत में पैद किये दो-दो किलो के आलू


आलू की फसल दिखवाते दिनेश कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक किसान ने आलू की बम्पर पैदावार कर सभी को चौंका दिया है। उसने अपने खेत में दो-दो किलोग्राम के आलू पैदा किये।

जानकारी के अनुसार ब्लाक शमशाबाद के ग्राम रसीदपुर निवासी किसान दिनेश कुमार ने अपने खेत में आलू की एक नई किस्म बोयी थी। जब फसल तैयार हुई, तो सभी हैरान रह गये, क्योंकि यह आलू करीब दो-दो किलो के हैं। किसान से जब जानकारी की गयी, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने खाद पानी का पूरा ध्यान दिया। जिससे उनकी फसल अच्छी पैदा हुई है। उनकी इस फसल को देखने के लिए आसपास के कई किसान पहुंच रहे हैं और उनसे परामर्श भी कर रहे हैं कि उन्होंने इतनी अच्छी फसल कैसे पैदा की। वहीं दिनेश का कहना है कि मेहनत और अच्छी खाद पानी से हर फसल अच्छी होती है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि पर हुआ विशेष आयोजन


कार्यक्रम के दौरान मौजूद ब्रह्माकुमारी व भक्तगण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। इस दौरान केक काटकर प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक ने संस्था की सराहना की और अपने विचार साझा किए। कवि पवन बाथम ने अपनी कविता के माध्यम से आध्यात्मिक शब्दों का वर्णन किया और भगवान शिव की गाथा सुनाई। कार्यक्रम में सुधीर ने सत्य शब्द के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था की संचालिका ब्रह्मकुमारी मिथिलेश ने योग पर आत्मा और परमात्मा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिव और शंकर के बीच के अंतर को भी स्पष्ट किया। संस्था की अनुष्का ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का समापन संचालिका मिथिलेश द्वारा ध्वजारोहण और उपस्थित लोगों को प्रतिज्ञा दिलाने के साथ हुआ। इस अवसर पर मनोज गुप्ता, जय किशन गुप्ता, बालकिशन गुप्ता, अशोक वर्मा, निशा पांडे, संजय गोयल, महेश, सुरेंद्र गुप्ता, राजेश पाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों ने शिवालियों में पहुंचकर चढ़ायीं कांवड़ें


कांवड़ें लेकर शिवालयों की ओर कूच करते कांवड़िये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरत्रि पर भक्तों ने गंगाजी से कांवड़ भरकर शिवालयों की ओर कूंच किया। इस दौरान रास्ते भर कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारे लगाते रहे।

रविवार को महाशिवरात्रि पर सैकड़ों की संख्या में कांवड़िये गंगाजी के घाटों पर पहुंचे और वहां से स्नान कर कांबड़ें भरीं और शिवालयों की ओर कूंच किया। कमालगंज स्थित श्रृंगीरामपुर, फर्रुखाबाद स्थित पांचाल घाट, शमशाबाद स्थित ढाईघाट पर सैकड़ों की संख्या में कांवड़िये बम-बम भोले के उद्घोष करते हुए पहुंचे और वहां से भरकर लायी गयीं कांवड़ें शिवालयों में लेकर पहुंचे और श्रद्धाभाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शिवरात्रि के चलते श्रृंगीरामपुर में विशाल मेला लगा। जहां पूरे दिन भक्तों का आना जाना रहा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी तैनात रही। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रही।

जाम से निटपने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने रुट डायवर्ट किया था। जिससे बड़े वाहनों को नगर में प्रवेश नहीं दिया गया।

# जन आरोग्य मेले में 122 मरीजों की हुई जांच, लीं दवाइयां



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां कुल 122 मरीजों का पंजीकरण कर ओपीडी सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसारए जांच के दौरान 13 मलेरिया, 11 टाइफाइड, 3 डेंगू, 2 टीबी (खांसी), 2 हेपेटाइटिस बी, 5 खांसी-जुकाम तथा 14 बुखार के मरीज चिन्हित किए गए। सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराते हुए उचित परामर्श दिया गया। मेले में तैनात चिकित्सक डॉ0 गौरव कुमार (एमओ) सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उपचार किया। इस दौरान लोगों को संचारी रोगों से बचावए साफ-सफाई और नियमित जांच के प्रति जागरूक भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जन आरोग्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और आमजन को निःशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है।

# महाशिवरात्रि पर भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मांगी सुख समृद्धि


चौमुखी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की।

पर्व से पूर्व ही घरों और शिवालयों में जोरदार तैयारियां की गई थीं। गांव के शिव मंदिरों को रंग बिरंगी इलेक्ट्रॉनिक लाइटों से सजाया गया था। रविवार को घरों में उपवास रखकर पूजा अर्चना की गईए जहां श्रद्धालु सुख समृद्धि की कामना करते देखे गए। शमशाबाद नगर के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर श्रद्धालु काबड़ लेकर ढाई घाट पहुंचे। बम बम भोले के जयघोषों के साथ उन्होंने गंगा मैया की पूजा की और जल लेकर चौमुखी महादेव मंदिर वापस लौटे। मंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान भोलेनाथ को प्रसाद चढ़ाया और पूजाअर्चना की। उन्होंने भांग, धतूरा और बेल पत्री जैसी मनपसंद वस्तुएं अर्पित कर जलाभिषेक किया। इस दौरान सभी ने सुख.समृद्धि और मंगल की कामनाएं कीं। पूजा अर्चना का यह दौर सुबह से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा। मंदिर प्रबंधन द्वारा सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा और श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए खास व्यवस्थाएं की गई। नगर के ऐतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर में समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शमशाबाद के अलावा ग्राम मुरैठी और रोशनाबाद स्थित शिव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना और जलाभिषेक किया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 43 मरीजों को मिला लाभ


जन आरोग्य मेले में दवायें लेते ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र स्थित कंचनपुर सबलपुर गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 43 मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। पंजीकृत 43 मरीजों में से 6 की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश मरीज सर्दी, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों के परामर्श के उपरांत सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को बदलते मौसम में सावधानी बरतनेए साफ-सफाई बनाए रखने और समय पर उपचार कराने के महत्व के प्रति जागरूक किया। मेले में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। इस मेले के सफल आयोजन में फार्मासिस्ट प्रभाकर अग्निहोत्री, लैब टेक्नीशियन अमन कुमार, एएनएम आरती देवी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर मेले में स्वास्थ्य लाभ लिया।

# महाशिवरात्रि पर पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक, हर-हर महादेव के गूंजते रहे उद्घोष

**भारी भीड़ देख पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत**



मंदिर में पूजन करते भक्तगण



महाशिवरात्रि पर पूजन के लिए लाइन में खड़ी महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। आस्था का जनसैलाब पूरे दिन उमड़ा रहा। सुबह से ही भक्तों ने पाण्डेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक दुग्ध, मेवा, बेलपत्री, धतूरा, फूल, प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजन किया। शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सुबह होते ही भक्तों ने पांचाल घाट पहुंचकर गंगा में स्नान किया। कई लोगों ने कांवड़ में जल भरकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात रहा। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी पाण्डेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर पूजन किया और भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में काफी देर रुककर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुबह से ही लम्बी-लम्बी कतारे, पाण्डेश्वरनाथ मंदिर के अलावा रेलवे रोड के दोनों तरफ लगी हुई थी। पुलिस को भीड़ काबू करने के लिए पूरे दिन कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग 5 हजार से ज्यादा भक्तों ने मंदिर में भोलेबाबा के दर्शन किये।

रविवार सुबह चार बजे से ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। कपाट खुलते ही जल चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाइन लगवाकर श्रद्धालुओं से जलाभिषेक करवाना शुरू किया। सुबह करीब 9 बजे तक मंदिर के बाहर सड़क के दोनों ओर भक्तों की लंबी कतारें देखी गई। इस दौरान कांवड़ियों ने भी पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में बने श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर के अंदर से लेकर बाहर तक पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त, घुमना कोतवाली के पीछे स्थित श्री कोतवालेश्वरनाथ मंदिर, आवास विकास स्थित श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर, पुराना कोठा पार्चा स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम, भैरवघाट स्थित श्री रामेश्वरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही।

# महा मंगलेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन



रुद्राभिषेक में भाग लेते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुराना कोठा पार्चा स्थित बाबा श्री महा मंगलेश्वर नाथ जी महाराज श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक किया गया। पंडित रामबाबू शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। भक्तों ने बड़ी संख्या में रुद्राभिषेक में भाग लिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ रही। देर शाम तक पूजन अर्चन कार्यक्रम चलता रहा। मंदिर में जलाभिषेक के साथ विभिन्न पूजा की सामग्री आदि से भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। भगवान शिव के पूजन से सुख समृद्धि मिलती है। सभी भक्तों ने अपने परिवार की सुख समृद्धि की मनोकाना मांगी। पूजन के बाद महाआरती का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में भक्तगण व महिलायें मौजूद रही। देर शाम तक पूजन चलता रहा और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर प्रदीप मिश्रा, तन्मय मिश्रा तथा पुजारी जितेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# उत्सव और त्योहार भारतीय संस्कृति की धड़कन : नरेन्द्र मिश्रा



कार्यक्रम में मौजूद स्वयं सेवक

**स्वयं सेवकों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सप्त दिवसीय विशेष शिविर का पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में छठवें दिन की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय गीत के साथ हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा गांव कुबेरपुर गांव में जाकर परिवारों से मिलकर महत्वपूर्ण जनांकिकी आंकड़े जैसे मतदाता सूची, कल्याणकारी योजना, शौचालय की उपलब्धता, पेंशन योजना, विभिन्न आयु वर्ग के बीच सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए।

द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कई देशभक्ति गीत गाए।

कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि उत्सव और त्योहार भारतीय संस्कृति की धड़कन हैं, जो परंपराओं को जीवित रखकर जीवन में उत्साह, रंग और सामाजिक सौहार्द भरते हैं।

ये सामूहिक उत्सव, संगीत, और नृत्य के माध्यम से हमारी संस्कृति को पीढ़ियों तक हस्तांतरित करते हैं, जिससे दैनिक जीवन की नीरसता टूटती है और सामाजिक बंधन मजबूत होते हैं।

## महाशिवरात्रि पर भक्तों को बांटा गया निःशुल्क गंगाजल



गंगाजल एकत्र करते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर सेवा धर्म समिति की ओर से रेलवे रोड स्थित पांडेश्वर नाथ मंदिर में 501 लीटर गंगाजल निःशुल्क वितरित किया गया। सेवा धर्म समिति की उद्देश्य है कि गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करें। जो गंगा जी नहीं पहुंच पाते है उनके लिए यह सेवा शुरु की गई है। महाशिवरात्रि पर बाबा भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक कर लोग आशीर्वाद प्राप्त करें। सेवा धर्म समिति का परिवार बाबा से यही विनती करता है, कि जिस प्रकार आप पूरे सावन महीने में प्रतिदिन 250 लीटर गंगाजल की सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं और महाशिवरात्रि के दिन आपने 501 लीटर गंगाजल सेवा करने अवसर प्रदान किया है। इसी तरह आगे भी सेवा करने का अवसर देते रहे। सेवा की व्यवस्था अविनाश सारस्वत, रितिक पाल, अभिजीत मिश्रा, विकास वर्मा, डॉ0 मुकेश यादव, शैलजा सारस्वत आदि मौजूद रहे।

# महाकाल मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र के साथ हुआ पूजन



पूजन के दौरान मौजूद साध्वी अर्चना दीक्षित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि पर महामृत्युंजय मंत्र के साथ प्रातः महाकाल मंदिर में अभिषेक हुआ। मंदिर की महंत साध्वी अर्चना दीक्षित ने विधि विधान से पूजन किया। महाशिवरात्रि पर पूर्व महंत कृष्ण बहादुर अस्थाना ने मुनि आलौकिक महाराज से पूजन कराकर निर्माण कराया था। शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजन कर महाकाल पर गंगाजल एवं दूध, बेलपत्र एवं धतूरा, भांग पत्ती आदि चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की। महाकाल मंदिर में अलग-अलग जगह से आये भक्तों ने पूजन किया। कर्नाटक से आलोक दीक्षित, मध्यप्रदेश से हरिओम गहलोत, पानीपत से रक्षपाल यादव, मथुरा से रवि सक्सेना, ममता सक्सेना, चंदन, आकाश, विज्यानंद, लालाराम, रामबाबू चौरसिया, दीपक, अवधेश बाजपेयी, सरोज सक्सेना, निर्मला बाजपेयी, बालकृष्ण, रामतीर्थ, अजीत राजपूत, उमेश, राजेश, देवीराम सक्सेना आदि भक्तों ने पूजा अर्चना में भाग लिया। महाआरती, भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरित किया गया।

# मानव जन्म में प्रभु का नाम लेना चाहिए : ज्ञानी मंगल सिंह

**सर्च लाइट भवन में महाशिवरात्रि कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



झण्डारोहण करते अतिथिगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को बीबीगंज स्थित ब्रह्माकुमारी सर्च लाइट भवन में 90वें त्रिमूर्ति शिव जयंती महाशिवरात्रि का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ट अतिथि ज्ञानी मंगल सिंह ग्रंथी साहब गुरुद्वारा प्रमुख रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने की।मुख्य वक्ता के रूप में बीके गिरिजा बहन एवं राज योग शिक्षिका बीके मंजू बहन तथा भ्राता सुरेश गोयल मंचासीन रहे। संचालन वैष्णवी मेहरोत्रा ने किया। स्वागत शब्दों से बीके आशा बहन ने तथा स्वागत भाव एवं नृत्य के द्वारा कुमारी मिष्टी ने किया। सभी अतिथियों ने शिव जयंती पर ध्वजारोहण कर केक काटकर शिव जयंती मनायी। बीके गिरजा बहन ने कहा कि हर जगह लोग शिवरात्रि मानते हैं, परंतु हम शिव जयंती मनाते हैं। शिव बाबा का जन्मदिन मनाते हैं। ब्रह्मा विष्णु एवं शंकर का रचयिता होने के कारण परमात्मा शिव को त्रिमूर्ति कहा जाता है। मनुष्य को मनुष्यता का ज्ञान देने के लिए मनुष्य बहुत ही आवश्यक है, किसी नदी के द्वारा किसी मनुष्य आत्मा को ज्ञान मिलन बहुत ही अजीब बात है। बिना पवित्रता के हम परलोक अर्थात अपने परमपिता के धाम नहीं जा सकते हैं और धर्म का सीधा सा अर्थ है मानव का मन वचन कर्म से निर्विकार होना, अपनी सभी मनोकामनाएं पूरी करनी है। विशिष्ट अतिथि ज्ञानी मंगल सिंह ने कहा कि मानव जन्म लेकर प्रभु का नाम लेना अति आवश्यक है, इस संसार में जिस भी मानव को अहंकार आएगा वह अपने परलोक में इस अहंकार को लेकर के जाएगा, उसकी अच्छी गति नहीं होगी। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि हमें अपने मन वाणी कर्म व्यवहार से किसी को भी कष्ट ना दें, यही सर्वश्रेष्ठ सेवा है, इसी में सब कुछ समाहित है। दुर्वासा आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी, मिथिलेश अग्रवाल, कन्हैयालाल जैन, सुरेश गोयल ने भी विचार रखें। बीके मंजू बहन ने सभी को राज योग अभ्यास कराया।

# गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान समिति ने मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव



गंगा तट पर पूजन करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर एकादश महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के अधिष्ठाता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ के पावन संरक्षण में आयोजन समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में गंगा तट पर पाञ्चाल घाट निकट दुर्वाषा ऋषि आश्रम पर संपन्न हुआ। समिति के सदस्यो ने भोर की बेला से ही गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत से अभिषेक कर गंगा मइया का अभिषेक कर दीपदान आरती की। गंगा जी की रज से निर्मित पार्थिव शिवलिंग का वेद की ऋचाओ से षोड्षोपचार पूजन कर भजन संध्या का आयोजन हुआ, भजन में सभी श्रद्धालुओं ने भगवन नाम अमृत सरोवर गोते लगाकर आरती कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ गंगा मइया को प्रसन्न कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। आचार्य सत्यव्रत पाण्डेय ने बताया शिव पुराण के अनुसार श्रृष्टि के आरम्भ में आज महाशिवरात्रि के दिन भगवान महादेव लिंग रूप में प्रकट हुए थे और आज ही के दिन भगवान विष्णु और भगवान ब्रह्मा जी ने शिवलिंग की पूजा की थी। महाशिवरात्रि के दिन भगवान महादेव ब्रह्माण्ड में जितने भी शिवलिंग हैं सभी में निवास करते हैं। कार्यक्रम में ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज, संदीप पाण्डेय, रामजी बाजपेयी, रामजी पाठक, गोपाल कृष्ण मिश्रा, विकास पाण्डेय, रोहित तिवारी, बसंत शुक्ला, डॉ0 तरुण पाण्डेय, सौरभ तिवारी, शरद बाजपेई, मिथिलेश कटियार, संदीप बाजपेई, अनमोल अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

# महाशिवरात्रि पर हनुमान मंदिर में बांटा गया ठंडाई का प्रसाद



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि पर हनुमान मंदिर रेलवे रोड निकट सरस्वती भवन पर मंदिर के पुजारी अनिल त्रिवेदी के नेतृत्व में पूजन कर भोले बाबा का छप्पन भोग लगाया गया। भक्तों ने महाआरती में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजन के बाद भोलेबाबा की महाआरती में भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। देर शाम तक प्रसाद वितरित किया गया। महेन्द्र सिंह भदौरिया, नितेश वर्मा, कल्लू दीक्षित, गोपाल सिंह, पारस पाण्डेय आदि ने सहयोग किया। इस बार महाशिवरात्रि पर भोले बाबा के प्रसाद में ठंडाई वितरित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# मजलिस अब मुस्लिम वोटो का सौदा नहीं होने देगी: नसीम बानो




कार्यक्रम में मौजूद मजलिस पार्टी के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमिन की महिला जिलाध्यक्ष नसीम बानो ने कटरा बक्शी नई बस्ती में नुक्कड़ सभा की। वक्ताओं के निशाने पर भाजपा के साथ विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस रही। शहर में सियासी माहौल बदला नजर आ रहा है, जहाँ एक तरफ कांग्रेस मनरेगा बचाओ यात्रा में 50 लोग भी नहीं जुटा पाई। वहीं दूसरी ओर वार्ड 31 के मोहल्ला कटरा बक्शी नई बस्ती में मजलिस की सदस्यता अभियान नुक्क्ड़ सभा में मुस्लिम व दलित समाज की भारी भीड़ रही।

मजलिस की इस सभा में उमड़ी भीड़ ने बड़ा संकेत दिया कि 2027 के चुनाव में जनपद उवैसी की सेना अन्य राजनैतिक दलों के समीकरण बिगाड़ देगी। जिलाध्यक्ष आरिफखान, मोहम्मद्दीन सद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, चांदबी नूर ने सम्भोधित किया। महिला जिला अध्यक्ष नसीम बानो ने काह मजलिस अब मुस्लिम वोटो का सौदा करने वालों के चहरे से नकाब उतार फेकेगी। जीशान मंसूरी, फरहान खान, उमेश दिवाकर, रवी बाथम, अनिल जाटव, रेहान, मेहरून निशा, अनिशा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की अधिकारियों से की शिकायत



टूटी पड़ी पानी की पाइप लाइन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ सिविल लाइन तिराहे फायर ब्रिगेड के रास्ते पर पानी की पाइपलाइन काफी दिनों से टूटी हुई है। मोहल्ला वासियों ने भाजपा के नगर मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को अवगत कराया। राहुल राठौर ने जलकर विभाग के जॉन प्रभारी बृजभूषण को अवगत कराया, लेकिन बृजभूषण ने गोलमोल बताते करते हुए कहा कि यह मेरे क्षेत्र का मामला नहीं है, यह ग्राम कुटरा का मामला है।

पाइप लाइन टूटी होने से स्थानीय लोगों काफी नाराजगी है। जिसको लेकर भाजपा नेता राहुल राठौर ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर टूटी पाइप लाइन को ठीक कराने की मांग की है।

# किसानों की जमीन उनकी बिना मर्जी के कोई नहीं ले सकता: राजपाल शर्मा



बैठक में मौजूद किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की समीक्षा बैठक जसमई चौराहा स्थित रामबिलास गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिला अधिकारी से किसान यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने जिले के किसानों की लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के लिये एक बैठक में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि जमीन हमारी हम इसके मालिक जमीनों से हमारा भावनात्मक रिश्ता है और हमसे कोई ज़बरदस्ती नहीं ले सकता। प्रशासन सर्किल रेट बढ़ाए और किसानों से जबरदस्ती अधिग्रहण न करे।

उन्होंने कायमगंज में धीमर नगला से ढाई घाट तक बांध भी बरसात होने से पहले बना ले। जिला नहीं तो राष्ट्रीय प्रवक्ता के आदेश के अनुसार सभी बाढ़ प्रभावित किसान अपने अपने परिवार और जानवरों के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पर रुकेंगे।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जिला अधिकारी से वार्ता के बाद शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे के लिये हम सभी पहलुओं पर लड़ेंगे और जीतेंगे और इस एक्सप्रेसवे के लिये एक बड़ा आंदोलन होगा। हम शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर चलेंगे। अरविंद शाक्य, ओमप्रकाश सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

अध्यक्षता छविनाथ शाक्य ने की व संचालन गोपी शाक्य ने किया। इस अवसर पर ब्रजेश गंगवार, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, विजय सिंह शाक्य, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, पुजारी कटियार, बिजनेश यादव, राजेश गंगवार, गुड्डू यादव, कश्मीर गंगवार, अनीस सिंह, रजत गंगवार, प्रदीप यादव, बड़े यादव, अंकेश गंगवार, अंकित चौधरी, संजय सिंह, अजीत सोमवंशी, हिमांशु राजपूत, रामतीर्थ राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरुक



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रदेश शासन द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, महिला थाना, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना कमालगंज पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व स्थानीय लोगों को जागरुक किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण में पुलिस की सक्रिय भूमिका स्थापित करना भी इसका लक्ष्य था। पुलिस ने कहा कि सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है। पुलिस ने श्मिशन शक्ति अभियान को केवल औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि जनहित में एक निरंतर प्रयास के रूप में देखने और महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रतिबद्ध रहने की बात कही।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



# 121 जोड़ों ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक, महाशिवरात्रि पर गूंजा 'हर-हर महादेव'



- भक्ति, आस्था और शिवमय वातावरण से सराबोर रहा कस्बा, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**निघासन, खीरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर निघासन कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के प्रमुख मंदिरों में सामूहिक रुद्राभिषेक, अखंड 'ओम नमः शिवाय' जाप तथा भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ती रही और पूरा वातावरण 'बम-बम भोले' व 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा। नगर के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में विशेष सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें सपत्निक 121 जोड़ों ने सहभागिता की। आचार्य पिंकू शुक्ला एवं आचार्य हिमांशु शुक्ला के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से अभिषेक सम्पन्न कराया गया। यजमानों ने जल, दधि, दुग्ध, शर्करा, मधु, घृत और विजया सहित विविध पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का अभिषेक किया। तत्पश्चात यज्ञोपवीत अर्पित कर वस्त्र, फल, पुष्प, मिष्ठान, चंदन, मेवा, दूर्वा, इत्र, गुलाब जल, केवड़ा, कुमकुम और सिंदूर से शिवलिंग का श्रृंगार किया गया। इसी क्रम में दुर्गा मंदिर, मोटे बाबा मंदिर, औघड़ बाबा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भी सामूहिक रुद्राभिषेक और विशेष पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। सभी मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूल-मालाओं से अलंकृत किया गया था। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर दिनभर शिव आराधना की तथा अखंड 'ओम नमः शिवाय' जाप में भाग लिया। मंदिर प्रांगणों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। सायंकाल होते-होते कीर्तन-भजन का दौर प्रारंभ हुआ, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मां राज राजेश्वरी दुर्गा मंदिर गुलरी पुरवा सहित कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के समुचित प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए थे। धार्मिक आयोजनों की इस श्रृंखला ने निघासन को पूर्णतः शिवमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### शीशम का पेड़ काटने का विरोध करने पर महिला से मारपीट, सोने की चेन लूटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**निघासन खीरी।** थाना निघासन क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। नगर पंचायत निघासन के वार्ड नंबर 1, अटल नगर निवासी संतोष कुमारी पत्नी मनमोहन ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनकी गाटा संख्या 2776 स्थित भूमि पर लगा शीशम का पेड़, जो सूखकर गिर गया था, दिनांक 26 अगस्त 2025 को बद्री प्रसाद मौर्य, विनोद मौर्य व विपिन मौर्य जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लेकर जबरन काटने व उठाने लगे। महिला के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान विनोद ने उनके गले से सोने की चैन भी लूट ली। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें बचाकर घर ले गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने जेसीबी मशीन से उनकी बांस की कोठी गिरा दी और शीशम का पेड़ जबरन उठा ले गए। घटना से वह भयभीत हैं तथा उनके शरीर पर चोटें भी आई हैं। महिला का कहना है कि उन्होंने घटना के दिन ही थाना स्तर पर शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में पुलिस अधीक्षक को भी रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा गया, फिर भी सुनवाई न होने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायिक मजिस्ट्रेट निघासन ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक आदित्य कुमार यादव को सौंपी गई है।

### गन्ने के खेत में पशु चराने को लेकर विवाद, तीन पर मारपीट का आरोप

**धौरहरा (खीरी)।** क्षेत्र के ग्राम डिहुआकलां में गन्ने के खेत में पशु चराने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित भौगई पुत्र मुल्लू चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 14 फरवरी 2026 की शाम गांव के ही गंगाराम, सन्तोष और बराती अपनी भैंसों को उसके खेत में चरा रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट आई तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह को सौंप दी है।

### गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी, अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम डहर निवासी अतुल कुमार मिश्र की गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार 13 फरवरी 2026 को मजदूरों से गन्ना छिलवाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर वह कस्ता-ममरी मार्ग स्थित डहर मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी कर घर पर्ची लेने व भोजन करने चला गया था। शाम करीब 6:30 बजे वापस लौटने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर उसने डायल 112 पर सूचना दी और बाद में थाने में तहरीर दी। चोरी गया ट्रैक्टर लाल रंग का आयशर 242 तथा नीली ट्रॉली बताई गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक जय कृष्ण तिवारी को सौंप दी है। मामले की जांच जारी है।

### डिजायर कार सवार बदमाशों ने जनसेवा केंद्र संचालक का बैग उड़ाया, केस दर्ज

**फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र में बीती 13 फरवरी की शाम लूट की घटना सामने आई है। ग्राम कोरैय्या चमरू निवासी रोहित कुमार अपनी जनसेवा केंद्र बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। गोलाङ्गलखीमपुर रोड पर खन्ताताल के पास पीछे से आई डिजायर कार सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ता पूछने के बहाने उनकी मोटरसाइकिल रोकी और टंकी पर रखा काला बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार बैग में 500 जीबी हार्ड डिस्क, लैपटॉप, फिंगर डिवाइस, छह बैंक पासबुक, पांच एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, दो वॉलेट, पेन ड्राइव, लगभग 27 हजार रुपये नकद व अन्य कागजात थे। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की जांच अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### अध्यापक ने अध्यापिका को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव स्थित श्री शिव प्रताप सिंह इंटर कालेज में विद्यालय के अध्यापक ने अध्यापिका को गाली गलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। अध्यापिका तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। शिवा प्रताप सिंह इंटर कालेज की अध्यापिका बिजनौर जनपद के बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के गंगोड़ा शेख निवासी रश्मि सिंह ने दी गई तहरीर में बताया है की पंवारी कला गांव स्थित पंवारी कला श्री शिव प्रताप सिंह इंटर कालेज में अध्यापिका के पद पर नियुक्त है। शनिवार को कालेज में आई तो कालेज का अध्यापक विमलेश कुमार निवासी किसनपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर जब मै कालेज आती हूँ तो मुझे बोली बोलता रहता है। विपक्षी अध्यापक विमलेश मेरे पास आया मुझे गाली गुप्ता देने लगा तो मैंने मना कहा की आप मुझे गाली क्यों दे रहे है। इसी बात पर मुझे लात घुसा थप्पड़ से मारने लगे। विद्यालय के अध्यापक लोग आकर बीच बचाव कराये। विपक्षी धमकी भी दिया की अगर तुम थाने जाओगी तो तुम्हे जान से मार देंगे और वंहा से भाग गया मुझे चोटे आयी है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# महाशिवरात्रि पर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा बाबा टेंढेनाथ धाम

**कुम्भी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।श्रद्धालुओं ने गोमती नदी के पावन तट पर स्थित बाबा टेंढेनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान शिव-पार्वती की पूजा अर्चना की। वहीं भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।बाबा टेंढेनाथ मंदिर में बम-बम भोले से गुंजायमान शिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, पुष्प, दुग्ध आदि से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। बाबा टेंढेनाथ मंदिर में पूजा अर्चना का दौर सुबह से शाम तक चलता रहा और लोगों की भारी भीड़ मंदिर मे दिखाई दी घरों में भी क्षद्धालुओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर व्रत रखा और विशेष पूजा अर्चना की।महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र में भी शिवालय हर हर महादेव के



जयकारों से गूंजते रहे।कुम्भी चीनी मिल के पुजारी पंडित वारिज मिश्र बताते हैं कि शिव जी की पूजा के लिए महाशिवरात्रि का पर्व सबसे उत्तम माना गया है। इस दिन को भोलेनाथ के भक्त चरम उत्साह से मनाते हैं। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है।माना जाता है कि सृष्टि का प्रारंभ इसी दिन से हुआ। शिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन का एक महान पर्व है, इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर कई सेवा समितियों के द्वारा बाबा टेंढेनाथ मंदिर परिसर में आखण्ड रामायण पाठ और अनवरत चलने वाले भंडारे का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर में अमीरनगर चौकी प्रभारी संजीत तिवारी व पीएसी बल के जवान मुस्तैद रहे।

### महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ निघासन, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजते रहे हर-हर महादेव के जयघोष

**निघासन खीरी।** फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी पर महाशिवरात्रि का पर्व निघासन तहसील क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। तड़के सुबह से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने गंगाजल, दूध व जल से भगवान शिव का अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, भांग, आक के फूल और चंदन अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नगर के प्रमुख शिवालयों—हनुमानगढ़ी मंदिर, दुर्गा मंदिर, मोटे बाबा मंदिर, औघड़ बाबा मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर और मां राज राजेश्वरी दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ



का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि व मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। मंदिर परिसरों में 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**दांपत्य सुख और शांति की कामना:** मान्यता है कि इसी तिथि को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत, रात्रि जागरण और शिवलिंग का अभिषेक करने से दांपत्य जीवन में सुख-शांति आती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, शमी पत्र, अक्षत, सुपारी, जनेऊ, नारियल, फल व मिठाई अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**विशेष योगों का संयोग:** ज्योतिषीय दृष्टि से भी इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व विशेष माना जा रहा है। कुंभ राशि में बुध और सूर्य की युति से बुधादित्य राजयोग, बुध-शुक्र से लक्ष्मी नारायण राजयोग, सूर्य-शुक्र से शुक्रादित्य योग तथा शनि की स्थिति से शश महापुरुष राजयोग का निर्माण बताया गया है। सूर्य, बुध, शुक्र और राहु की उपस्थिति से चतुर्ग्रही योग भी बन रहा है, जिसे शुभ और फलदायी माना जा रहा है।

### महाशिवरात्रि पर परसेहरा गांव में भंडारा आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गोला तहसील क्षेत्र के परसेहरा गांव में समाजसेवी रामकृष्ण वर्मा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद सुबह 10 बजे से आलू-पूड़ी का प्रसाद वितरण शुरू हुआ। गांव व आसपास क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने शाम 5 बजे तक



प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा ग्रामीणों ने आयोजन की सराहना की।

# शिव बारात संग शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई महाशिवरात्रि, प्रशासनिक मुस्तैदी से सुगम रहे दर्शन

- एसडीएम, चेयरमैन व पुलिस की मुस्तैदी से सुगम रहे दर्शन, अपेक्षा से कम पहुंचे श्रद्धालु

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ धाम में पावन महाशिवरात्रि पर्व इस वर्ष प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की विशेष सक्रियता के बीच शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रशासन ने 70 से 80 हजार श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए व्यापक तैयारियां की थीं, हालांकि अनुमानित रूप से करीब 20 से 30 हजार श्रद्धालु ही पहुंचे। कम भीड़ और बेहतर प्रबंधन के चलते पूरे दिन दर्शन, जलाभिषेक और शिव बारात की व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। भक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या ने दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर और नगर के प्रमुख मार्ग हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे।

**नगर के मुख्य मार्गों से निकली भव्य शिव बारात:** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात नीलकंठ मंदिर से प्रारंभ होकर मिल रोड, बड़ा चौराहा, विकास चौराहा, मोहम्मदी रोड, बायपास तिराहा, सदर चौराहा होते हुए अंबेडकर तिराहा से पुनः मंदिर परिसर पहुंची। आकर्षक झांकियों, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालुओं ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया।

**भूतनाथ मंदिर पर भी उमड़ी आस्था:** नगर स्थित भूतनाथ मंदिर में भी महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही यहां जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का क्रम चलता रहा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और पूरे दिन दर्शन-पूजन जारी रहा। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था रही प्रभावी:** श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा लागू डायवर्जन प्रभावी रहा। भारी वाहनों और कमर्शियल वाहनों का प्रवेश रोकने से नगर में जाम की स्थिति नहीं बनी। अस्थायी बस अड्डा व पार्किंग व्यवस्था भी पर्याप्त रही, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिली।

### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की रही विशेष भागीदारी

पूरे पर्व के दौरान एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, तहसीलदार भीमचन्द, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार ताहिर लगातार मंदिर परिसर और नगर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण करते रहे। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने, पेयजल, सफाई और बैरिकेडिंग की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी और कोतवाल अंबर सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। सीसीटीवी निगरानी, हेल्पलाइन और भीड़ नियंत्रण के प्रभावी प्रबंधन से पूरे दिन शांति बनी रही। तहसील व नगर पालिका के कर्मचारी भी व्यवस्थाओं में सक्रिय रहे। अधिकारियों ने बताया कि संभावित भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त तैयारियां की गई थीं, लेकिन अपेक्षा से कम श्रद्धालुओं के आने से सभी व्यवस्थाएं सहज रूप से संचालित होती रहीं और महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

# भारत मैरिज लॉन में बवाल, कपड़ा कारोबारियों पर हमला, वायरल वीडियो के बाद तीन आरोपी गिरफ्तार

- लेनदेन विवाद बना हिंसा की वजह, कुकरा में मारपीट, पुलिस ने दबोचे हमलावर, खरीददारी को लेकर भिड़े दो पक्ष, लाठी-डंडों से हमला, गंभीर घायलों को लखनऊ रेफर

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकरा अंतर्गत भारत मैरिज लॉन में 13 फरवरी को हुई मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शनिवार को तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, शामली जिले के कैराना निवासी कपड़ा व्यापारी मोहम्मद तालिब अपने साथियों कासिम, अदनान, इंतजार, इसरार आदि के साथ भारत मैरिज लॉन परिसर





में अस्थायी दुकान लगाकर गर्म कपड़ों की बिक्री कर रहे थे। 13 फरवरी की शाम करीब पौने चार बजे खरीददारी और पैसों के लेनदेन को लेकर स्थानीय लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडों, सरिया और अन्य औजारों के साथ मैरिज हॉल में घुस आए और दुकानदारों पर हमला कर दिया। घटना के दौरान अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। मारपीट में घायल कासिम, मोहम्मद तालिब व इसरार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर किया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर कासिम और अदनान को लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि दुकानदारों द्वारा उनके घर की महिलाओं से छेड़छाड़ की गई थी, जिसके विरोध में विवाद हुआ। हालांकि पीड़ित पक्ष ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि विवाद केवल खरीददारी और रेट को लेकर हुआ था, जिसे बेवजह बढ़ाकर हिंसा का रूप दे दिया गया। घटना के संबंध में थाना मैलानी पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर शनिवार को पुलिस ने बांकेगंज रोड स्थित ढाका मोड़ के पास से अयाज निवासी जादमपुर (शाहजहांपुर), गुलाम मोहम्मद और अतीक निवासी कुकरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लोहे की सरिया, रॉड और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। इस संबंध में कुकरा चौकी प्रभारी अवलीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिलने के बाद निष्पक्ष जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को युवक ने भगाया, पिता ने दी तहरीर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी के पिता ने रविवार को थाने में तहरीर देकर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की 13 वर्षीय पुत्री बीते 13 फ़रवरी को सुबह 9 बजे घर के बाहर गई। पुत्री वापस घर नहीं लौट कर आई। मै और मेरी बड़ी पुत्री घर पर नहीं थे। घर वापस आने पर पता चला की पुत्री घर पर नहीं है। काफी खोजबीन करने पर पता चला की गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर पुत्री को भगा ले गए, अपने साथ लेकर गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि पर हर-हर बम-बम से गूंजे शिवालय, शिव बारात के साथ निकली पालकी यात्रा

**मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज़।**

महाशिवरात्रि का पर्वजनपद भर मेंउत्सव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों मेंबाबा के भक्तोंकी भीड़ उमड़ी। साथ ही गंगा स्नान करनेके लिए गंगा घाटों पर आस्थावानों की भीड़ रही। पवित्र गंगा मेंडुबकी लगानेके बादमंदिरों पहुंचेभक्तों नेभगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, दही, घी आदि सेअभिषेक कर धूप-दीप सेआरती उतार करजीवन मेंमंगल की कामना की। नगर के पंचमुखी महादेव, ताड़केश्वर महादेव, बुढ़ेनाथ महादेव, विंध्याचल के शिवपुर स्थित रामेश्वरमहादेव, जमुनहिया स्थित



गजानन महादेव, आनंदेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव आदि मंदिर मेंसुबह सेही भक्तों की भीड़ लगी रही। हर-हर, बम-बम के जयकारेऔर डम-डम डमरू की टंकार के बीच दर्शन-पूजन करनेके लिए मंदिरों मेंलंबी लाइन लगी रही। इसी क्रम में शहर से लेकर गांव तक निकली शिवबरात लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। नगर क्षेत्र के बूढ़ेनाथ पालकी यात्रा की शिवबरात में शिवभक्त और गणों ने कर्तब दिखाए। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में झांकी निकाली गई जिसमें नंदी रथ पर सवार होकर महादेव गौरा से विवाह करने निकले।

### कोटार नाथ मेला: महिला श्रद्धालु की खोई सोने की बाली, पुलिस ने बरामद कर वापस किया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुये क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आई एक महिला के कान की सोने की बाली



दर्शन करने के दौरान गिर जाने पर महिला के कान की सोने की बाली को थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई श्याम लाल द्वारा महिला के कान की बाली को बरामद कर कान की बाली को महिला को सकुशल वापस कर दिया है। महिला ने पुलिस को धन्यवाद दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला श्रद्धालू की कान की सोने की बाली दर्शन करने के दौरान गिर जाने पर बाली को बरामद कर बाली को महिला को वापस कर दिया गया है।

# महाशिवरात्रि पर कोटार नाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

- एक लाख से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक, भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस के छूटे पसीने

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कोटार नाथ स्थित शिव धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को 1 लाख से अधिक दर्शनार्थियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर मां पार्वती का दर्शन पूजन किया। रविवार को मंगल आरती के बाद भक्तों ने दर्शन करना शुरू किया। दस बजे दिन तक मंदिर के पूरब व पश्चिम तरफ दो सौ मीटर



तक पुरूष, महिलाओं की लम्बी कतार लग गई। भक्त हाथों में नारियल, वेल पत्र, गंगा जल, आम के बौर, बैर, धतूर, मंदार पुष्प आदि सामग्री लिए कतार बद्ध हो गए। हर हर महादेव के जय कारे से परिसर गुंजायमान रहा। इस दौरान भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भोलेनाथ से मुरादें पूरी करने की मिन्नतें मांगी। इसके बाद बच्चों ने मेले में लगे झूले का आनन्द लिया। मेले में आई महिलाओं ने गृहोपयोगी सामान खरीदने के बाद लोग घर वापसी की। बारह बजे के करीब अचानक मंदिर के पास भीड़ बढने से पुलिस को दर्शनार्थियों की लाइन लगवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।मंदिर पुजारी जैराम गिरी व शिव राम गिरी,महेश गिरी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर एक लाख से ज्यादा भक्तों ने जलाभिषेक व दर्शन पूजन किया है। सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव दलबल के साथ लग रहे। नायब तहसीलदार राजीव यादव ने कोटार नाथ मंदिर पहुंचकर मेला का जायजा लिया। दर्शन पूजन के बाद भक्तों ने लाई जलेबी बास के बर्तन लकड़ी के समान तथा गृह उपयोगी सामग्री खरीदे।ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह द्वारा मेला क्षेत्र में पेयजल के लिए टैकर व सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था को कराया है।

### हजारों भक्तों ने मनकामेश्वर महादेव का किया दर्शन पूजन

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर चालीस हजार से अधिक भक्तों ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया। क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ उमड़ पड़ी थी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर विल्व पत्र,माला फूल भांग, धतूरा चढ़ाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, ड्रमंडगंज बाजार स्थित शिव मंदिर व खोदाईपुर गांव स्थित गौरीशंकर



मंदिर में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर मंगलकामना की प्रार्थना की। मनकामेश्वर महादेव मंदिर खुटहा में सुरक्षा व्यवस्था के तहत एसआइ रमेश यादव,हेड कांस्टेबल बिजेंद्र राय, महिला कांस्टेबल वंदना यादव तैनात रही। मंदिर पुजारी बावन दास महाराज ने बताया कि शिवरात्रि पर्व पर चालीस हजार से अधिक भक्तों ने मनकामेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया।